* ओड़िशा संस्करण
21 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 92

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

WILD WAADI PARK
An Entertainment Hub
एशिया का
तीसरा सबसे बड़ा फ्लावर पार्क
अब रांची में

HAJAM ROAD, RANCHI (JH.)
Contact Now : 9304816880

**राम मंदिर**
प्राण प्रतिष्ठा काउंटडाउन
01 दिन शेष



# सीएम हेमंत सोरेन से इडी ने की पूछताछ

## सीएम आवास, इडी कार्यालय और अन्य जगहों पर चाक चौबंद थी सुरक्षा व्यवस्था

- इडी के अधिकारी 1 बजे पहुंचे सीएम आवास
- सीएम आवास के पास चट्टान की तरह डटे रहे समर्थक
- समर्थक बोले, गलत हुआ तो ईंट से ईंट बजा देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमीन घोटाला की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को पूछताछ की। इडी के अधिकारी दोपहर करीब 1 बजे मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे। वहां उनसे लगभग सात घंटे पूछताछ की गयी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने अपने कैबिनेट के मंत्रियों और सत्तारूढ़ दल के विधायकों से सीएम आवास में मुलाकात की। उधर, सीएम से पूछताछ करने से नाराज उनके समर्थकों देर रात तक वहां चट्टान की तरह डटे रहे। झामुमो समर्थक आक्रोश में थे। वे दिन भर हाथ में झंडा लेकर जुटे रहे। बीच-बीच में वे नारेबाजी कर रहे थे। उन्होंने केंद्र सरकार के विरोध में नारा लगाया। उधर सीएम आवास के आसापास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी थी। एक तरफ झारखंड पुलिस के जवान, तो वहीं सीआरपीएफ जवान भी चहलकदमी कर रहे थे। इडी कार्यालय और अन्य जगहों पर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी थी। प्रशासन ने शाम सात बजे सीएम आवास के 500 मीटर के दायरे में धारा-144 लगा दी थी।

**हेमंत ने पूछताछ के लिए दिया था वक्त:** गौरतलब है कि इडी रांची में जमीन घोटाला की जांच कर रही है। इस संबंध में सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए पूर्व में सात समन भेजे गये थे। पिछले दिनों आठवां समन (पत्र) इडी ने उन्हें भेजा, जिसमें 16 से 20 जनवरी के बीच किसी दिन पूछताछ के लिए समय और जगह तय करने के लिए उनसे कहा गया था। मुख्यमंत्री ने 20 जनवरी को बारह बजे के बाद अपने सरकारी आवास पर समय दिया था।

**पहले से तैयार थे सवाल:** सूत्रों के मुताबिक इडी ने मुख्यमंत्री से पूछताछ के लिए पहले से सवाल तैयार कर रखे थे। उनसे एक-एक सवाल पर जवाब मांगा गया। उनके कुछ जवाब से इडी अधिकारी संतुष्ट हुए, जबकि कुछ पर कई क्रास सवाल किये गये। रात सवा आठ बजे के आसपास पूछताछ करने के बाद इडी अधिकारी सीएम आवास से निकले। उनके निकलते ही सीएम बाहर आकर समर्थकों से मिले।



### नौ गाड़ियों का काफिला पहुंचा सीएम आवास

शुक्रवार को दोपहर लगभग 1 बजे नौ गाड़ियों का काफिला कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर पहुंचा। इनमें से तीन गाड़ियों में इडी के अधिकारी थे, जबकि छह गाड़ियां उनकी सुरक्षा में तैनात थीं। इडी के कुल सात अधिकारी पूछताछ के लिए सीएम आवास पहुंचे। इनमें तीन अधिकारी दिल्ली से आये थे।

### हेमंत सोरेन के समर्थक रह-रह करते रहे नारेबाजी

एक ओर जहां मुख्यमंत्री से पूछताछ चल रही थी, वहीं दूसरी ओर उनके आवास के आसपास झामुमो समर्थक जुटे रहे। कुछ-कुछ देर पर समर्थक हेमंत के पक्ष में और केंद्र सरकार के विरोध में नारा लगाते रहे। कई समर्थक शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन की तस्वीर, झंडा, तीर-धनुष आदि लेकर वहां मौजूद थे।

### सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम था

मुख्यमंत्री आवास, इडी कार्यालय और अन्य जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था शुक्रवार सुबह से ही चाक-चौबंद रखी गयी थी। मुख्यमंत्री आवास के पास केंद्रीय सुरक्षा बल की अतिरिक्त टीम बुलायी गयी थी। हेमंत समर्थकों की भीड़ बढ़ती देख प्रशासन ने शाम सात बजे से रात 11 बजे तक के लिए सीएम आवास के 500 मीटर के क्षेत्र में धारा 144 लगा दी। सीएम हाउस पहुंचे इडी के अधिकारी और सीआइएसएफ के जवान बॉडी कैमरा से लैस थे। रांची डीसी और एसपी समेत अन्य आला अधिकारियों का दिनभर आना-जाना लगा रहा।

### सत्तारूढ़ दल के विधायक-मंत्री जुटे

मुख्यमंत्री आवास पर सुबह से सत्तारूढ़ दल के मंत्री और विधायकों का आना-जाना लगा रहा। इडी की पूछताछ शुरू होने से पहले हेमंत सोरेन पार्टी नेताओं से मिले। उनसे बातचीत की।

### सीएम आवास के बाहर युवक ने की आत्मदाह की कोशिश

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री से पूछताछ के बीच हेमंत के एक समर्थक ने आत्मदाह की कोशिश की। युवक गढ़वा का रहनेवाला है और उसने पहले ही आत्मदाह की चेतावनी दी थी। पुलिस के जवानों ने हिरासत में लेते हुए अरगोड़ा थाना को सौंप दिया है। गौरतलब है कि युवक ने पहले ही इडी के अधिकारियों को चिट्ठी लिख कर कहा था कि यदि मुख्यमंत्री को किसी ने छुआ भी तो वह आत्मदाह कर लेगा।

# न डरेंगे, न झुकेंगे: हेमंत

## सख्त लहजे में कहा, उनके ताबूत में अंतिम कील ठोकेंगे



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इडी की पूछताछ के बाद रात करीब 8.30 बजे अपने सरकारी आवास से निकल कर सर्मथकों के बीच पहुंचे। पहले उन्होंने समर्थकों का धन्यवाद किया। इसके बाद कहा कि न कभी डरे हैं और न कभी झुकेंगे। हेमंत सोरेन ने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने संयम का परिचय दिया है। सुबह से रात तक यहां जमे रहे, इसके लिए मैं आभारी हूं। आप सभी का बहुत-बहुत आभार। इस दौरान उन्होंने बगैर भाजपा का नाम लिये, विपक्ष पर खूब निशाना साधा। हेमंत ने कहा कि हम न कभी डरे हैं और न कभी झुके हैं। आगे भी न डरेंगे और न ही झूकेंगे। जितनी भी कड़ी परीक्षा हमें देनी होगी, हम देने के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके सामने झुकने के लिए तैयार नहीं हूं। झारखंड और झामुमो का इतिहास है कि राज्य को लड़ कर लिया है। झारखंड को इन षड्यंत्रकारियों के हाथों में नहीं जाने दूंगा। हेमंत ने कहा कि जब से हमारी सरकार बनी, उसके चंद घंटे बाद से ही इसे गिराने की साजिश रची जा रही है। इन षड्यंत्रकारियों के जालों को कुतर-कुतर कर आगे बढ़ रहे हैं। अब समय आ चुका है कि उनके ताबूत में आखिरी कील ठोकेंगे। हेमंत ने समर्थकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आप डट कर रहें। हौसला बनाये रखें। पहले गोली नेतृत्वकर्ता खायेगा, तब कार्यकर्ताओं को लगेगी। हर कार्यकर्ता के साथ हेमंत सोरेन खड़ा है और खड़ा रहेगा।

## यह सुविधा गरीब आदिवासी को भी मिले: बाबूलाल



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सम्मान किया। उनकी जिद को कानून के ऊपर रख कर पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री आवास तक गयी। इस प्रकार की सुविधा झारखंड पुलिस द्वारा पाकुड़िया के सुदूरवर्ती गांवों की झोंपड़ी में रहनेवाले गरीब आदिवासी चुड़का सोरेन जैसे अभियुक्तों को भी मिलनी चाहिए। कानून की नजर में मुख्यमंत्री और गरीब आदिवासी में कोई फर्क नहीं होता। इसलिए अब हम उम्मीद करते हैं कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी उदारता दिखाते हुए झारखंड पुलिस के लिए आज ही आदेश जारी करेंगे कि किसी भी अभियुक्त को अब थाने में बुला कर पूछताछ करने की बजाय उनके घर जाकर ही पूछताछ की जाये।

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand

Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### कांग्रेस की यात्रा के काफिले पर हमला

गुवाहाटी। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सातवें दिन अरुणाचल प्रदेश पहुंची। इससे पहले यात्रा असम से होकर गुजरी। जहां यात्रा के काफिले पर हमला किया गया। कांग्रेस ने हमले का आरोप भाजपा पर लगाया है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भाजपा के गुंडों ने पोस्टर-बैनर फाड़े, गाड़ियों में तोड़फोड़ की।

### परेड में शामिल होगी फ्रांसीसी सेना की टुकड़ी

नयी दिल्ली। दिल्ली में 75वें गणतंत्र दिवस के लिए परेड रिहर्सल चल रही है। शनिवार को इस रिहर्सल में फ्रांस की सेना ने भी हिस्सा लिया। इस बार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों शामिल हो रहे हैं।

## स्थानीय को निजी क्षेत्र में रोजगार देने की ओर अग्रसर राज्य सरकार

# मुख्यमंत्री हेमंत कल 2500 युवाओं को सौंपेंगे ऑफर लेटर

रांची के कुल्ही गांव की बदल रही है तस्वीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नियोजन सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार लगातार आगे बढ़ रही है। इस कड़ी को और मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को 2500 युवाओं को निजी क्षेत्र में ऑफर लेटर सौंपेंगे। खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में कौशल प्राप्त युवाओं को अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, श्री गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट टेक्सटाइल कंपनियों के लिए ऑफर लेटर सौंपा जायेगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन कर करीब 56 हजार युवाओं को निजी क्षेत्र में ऑफर लेटर प्रदान किया जा चुका है।

**प्लांट के शुरू होने से कुल्ही गांव की बदली तस्वीर:** हेमंत सोरेन के प्रयासों का ही प्रतिफल है कि दिसंबर 2021 में रांची के ओरमांझी स्थित कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में कई टेक्सटाइल प्लांट्स का शुभारंभ किया गया था। आज उन प्रयासों से महज तीन वर्ष में 10 हजार से अधिक युवाओं को रांची में रोजगार मिला है। यहां स्थित कपड़े की फैक्ट्रियां न सिर्फ लोगों को रोजगार दे रही हैं, बल्कि उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। यहां काम करने वालों में 90 प्रतिशत महिलाएं हैं। ये सभी कुल्ही स्थित अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, श्री गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट की अत्याधुनिक कपड़े की यूनिट्स में काम कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। जिस कुल्ही गांव में सड़क नहीं थी आज मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि ने कुल्ही गांव की तकदीर और तस्वीर दोनों ही बदल दी है। कुल्ही गांव रोशन है, लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी मिल रही है। प्रत्येक घर में रोजगार है। यहां की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिला कर कार्य कर रहीं हैं।

### बेटियों-श्रमिकों को भी मिला रोजगार

इन उद्योगों में विभिन्न राज्यों में कार्य करने गयी झारखंड की बेटियों को भी रोजगार से आच्छादित किया गया है। नियोजित बेटियां कोरोना संक्रमण काल में वापस लायी गयी थीं। विभिन्न राज्यों में कार्य के दौरान उन्हें बंधक बना कर कार्य लिया जा रहा था। ऐसी सभी बेटियों को मुख्यमंत्री के निर्देश पर वापस झारखंड लाकर नियोजित किया गया है। उत्तराखंड के नवनिर्मित टनल हादसे से सुरक्षित रेस्क्यू किये गये कुछ श्रमिकों को भी कुल्ही स्थित प्लांट्स में रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

### विदेशों में हो रहा वस्त्रों का एक्सपोर्ट

कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित वस्त्र उद्योग में यहां के हुनरमंद युवाओं और विश्व स्तरीय मशीनों से विश्व विख्यात ब्रांड्स के कपड़े बनाये जा रहे हैं। रांची से पूरे देश एवं यूके, अमेरिका, जर्मनी समेत कई देशों में यहां के बने कपड़ों का एक्सपोर्ट किया जा रहा है। रांची से ही ब्रांडेड जिंस, पैंट, शर्ट, बच्चों के कपड़े, लेडिज वेयर, वुलेन वेयर, अंडर गार्मेंट्स आदि की डिमांड देश-विदेश में है। झारखंड में टेक्सटाइल इंडस्ट्री यहां की बेहतरीन नयी टेक्सटाइल पॉलिसी और राज्य सरकार से मिल रहे समर्थन की वजह से काफी ग्रो करेगी।

# 31 सालों तक टेंट में रहने के बाद रामलला विराजमान

पहुंचे नये मंदिर, निकली भव्य शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**अयोध्या।** 31 सालों तक टेंट और अस्थायी मंदिर में रहने के बाद शनिवार को रामलला नये मंदिर में पहुंच गये। अस्थायी मंदिर में विराजमान रामलला को सुबह पहले वैदिक मंत्रों से जगाया गया, फिर नये मंदिर में पूजन स्थल पर लाकर विराजित किया गया। विराजमान रामलला जब नये मंदिर में पहुंचे, तो उनका भव्य अभिनंदन हुआ। पहले उनकी विधिविधान पूर्वक पूजा की गयी, फिर पालकी पर सवार कर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। विराजमान रामलला ने नये मंदिर की परिक्रमा की। इस दौरान पूरा मंदिर वेद मंत्रों से गूंजता रहा।

शोभायात्रा में मुख्य यजमान समेत सैकड़ों की संख्या में वैदिक आचार्य और परिसर में मौजूद भक्त शामिल रहे। पालकी में सवार विराजमान रामलला पर जगह-जगह पुष्पवर्षा की गयी। इसके बाद उन्हें पुनः यज्ञमंडप में स्थापित कर अधिवास की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी। इससे पहले शनिवार की सुबह अनुष्ठानों का शुभारंभ गणपति पूजन से हुआ। इसी क्रम में रामलला के अचल विग्रह को जगाया गया।

### प्राण-प्रतिष्ठा पर चार घंटे अयोध्या में रहेंगे मोदी



अयोध्या (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी यानी प्राण प्रतिष्ठा के दिन ही अयोध्या आयेंगे। वह चार घंटे रामनगरी में रुकेंगे। सुबह 10.30 बजे विमान से अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरेंगे। 11 बजे राम मंदिर पहुंच जायेंगे। यहां तीन घंटे रुकेंगे। प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने से पहले प्रधानमंत्री राम मंदिर परिसर में लगी जटायु की प्रतिमा का उद्घाटन करके पूजा करेंगे। प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 12.20 से 1 बजे तक होगा। प्रधानमंत्री के सामने रामलला की आंखों से पट्टी खोली जायेगी। वह रामलला को सोने की सलाई से काजल लगा कर उनको शीशा दिखायेंगे।

10+2, स्नातक के विद्यार्थियों के लिए
सरकारी नौकरी एक बेहतर विकल्प
ऑफलाईन (रेगुलर) तैयारी कर 26 वर्ष पुरानी
NIBM के अनेकों युवा सरकारी नौकरी प्राप्त कर रहे हैं...

प्रत्येक वर्ष सैकड़ों विद्यार्थी एन.आई.बी.एम. में ऑफलाईन एवं ऑनलाईन और सुनियोजित पढ़ाई की नई तकनीक का लाभ उठाकर अंतिम रूप से चयनित हो रहे रहे हैं। वर्ष 2022–23 में बैंकिंग में अनेकों विद्यार्थी चयनित होकर ज्वाईन भी कर चुके हैं तथा रेलवे, कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में इनकम टैक्स ऑफिसर, सी.बी.आई. तथा अनेक सेंट्रल तथा स्टेट लेबल की कार्यालय में कार्यरत है। संस्थान के निदेशक ने बताया की यहां के शिक्षकगण पिछले 26 वर्षों से अधिक के अनुभवी हैं तथा निदेशक खुद मैथ तथा रिजनिंग का क्लास लेते हैं। एन.आई.बी.एम. में बिहार, झारखण्ड, उड़ीसा, प. बंगाल से विद्यार्थी आकर पढ़ते हैं। संस्थान काफी बेहतर प्रदर्शन लगातार 26 वर्षों से करते आ रही है। स्नातक पढ़ रहे, स्नातक, बी–टेक पास विद्यार्थियों के लिए बैंकिग के लिए सेपरेट तथा बैंकिंग, एस.एस.सी. रेलवे की सेपरेट तथा कम्बाईड बैच **23 एवं 29 जनवरी 2024** से विधिवत लाइब्रेरी, रिडिंग के साथ प्रारम्भ की जा रही है। इच्छुक विद्यार्थी श्री साई टॉवर, सर्कुलर रोड़, रांची स्थित एन.आई.बी.एम. संस्थान में **9334726278** पर सम्पर्क कर विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
NIBM®
Awarded & Certified Institute

IBPS SBI, RRB S.O. and ALL ....
BANK
SSC CGL GD
RLY
JSSC
COMPUTER (DCA, TALLY, DTP etc.)
COMBINED (Bank + SSC + Rly)
INTERVIEW
Theory Classes & Material by Empaneled Members of IBPS & Retd. AGM, CM of Different Banks
BATCH STARTS : EVERY MONDAY (BOTH IN HINDI & ENGLISH)
4th FLOOR, SREE SAI TOWER, CIRCULAR ROAD, RANCHI
Website : www.nibmpomaker.com
09334726278
08825250625
Visit Us at nibmranchi on

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## श्री अयोध्या धाम और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर विशेष शृंखला : 10

# 'बच्चा-बच्चा राम का' से 'राम काज कीन्हे बिनु मोहि कहां विश्राम तक'

## ■ श्री अयोध्या धाम में राम मंदिर आंदोलन में 1528 से 2023 के दौरान कब क्या हुआ

## ■ इस एक आंदोलन ने भाजपा को बना दिया राम भक्तों की दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी

**आजाद सिपाही विशेष**

बस कुछ ही घंटे और दुनिया भर के करोड़ों हिंदुओं की पांच शताब्दी पुरानी तपस्या का परिणाम सामने आ जायेगा( सनातनियों के सबसे बड़े आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम अपने बाल स्वरूप 'रामलला' के रूप में अयोध्या में अपनी जन्मभूमि पर चिरंतन काल के लिए विराज जायेंगे। भगवान श्रीराम को यहां तक पहुंचने में कितना इंतजार करना पड़ा, इस बारे में सभी जानते हैं। लाखों रामभक्तों के त्याग, बलिदान और संकल्प के बल पर आज हिंदुओं का सबसे पवित्र तीर्थस्थान श्रीअयोध्या धाम पूरी रौनक बिखेर रहा है, तो पूरा ब्रह्मांड राममय हो गया है। उमंग और उत्साह का आलम यह है कि दुनिया के 50 से अधिक देशों में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर बेहद रोमांच है और लोग उस क्षण की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं, जब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। लेकिन इस अविस्मरणीय क्षण तक पहुंचने में किन बाधाओं का सामना करना पड़ा और कब क्या हुआ, यह जानना भी बेहद जरूरी है, क्योंकि यह सब जानने के बाद ही पता चलता है कि आखिर इस मंदिर में ऐसा क्या है, जिसने सभी को रामभक्ति के रस में डुबो दिया है। अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के लिए आंदोलन की शुरुआत 1528 में बाबर के सेनापति मीर बाकी द्वारा मंदिर को तोड़ने के साथ शुरू हुई थी। अब जब यह आंदोलन अपने मुकाम पर पहुंच रहा है, तो इसके पूरे टाइम लाइन को अपने पाठकों के सामने ला रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी तेज हो रही है। पांच सौ वर्षों की तपस्या का परिणाम उस समय सामने आयेगा, जब अयोध्या में 22 जनवरी को विराजेंगे भगवान राम। राम मंदिर आंदोलन का पांच सौ वर्षों का यह सफर कितना रोमांचक रहा और कब क्या हुआ, इस बारे में बात करने से पहले यह जानना जरूरी है कि 1528 से 2023 तक इस आंदोलन के दौरान क्या-क्या हुआ।

### हिंदुत्व आंदोलन का उदय

बाबरी मस्जिद का निर्माणः उत्तरप्रदेश के अयोध्या में एक मस्जिद का निर्माण मुगल सम्राट बाबर के सेनापति मीर बांकी द्वारा किया गया था। कई रिकॉर्डों के अनुसार मीर बांकी अपने सम्राट के आदेशों का पालन कर रहा था। हिंदुओं ने कहा कि यह मस्जिद उस नींव पर बनायी गयी थी, जिसे वे मंदिर मानते थे, जिसे भगवान राम के जन्मस्थान की स्मृति में बनाया गया था।

भगवान राम की मूर्तियां रखी गयींः दिसंबर 1949 में भगवान राम की मूर्तियां मस्जिद के अंदर 'प्रकट' हुईं, या 'रखी' गयीं। इसके बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ, जिसके कारण दोनों पक्षों द्वारा मामले दर्ज किये गये। हाशिम अंसारी ने मुसलमानों के लिए एक मामला दायर किया और निर्मोही अखाड़े ने अगले वर्षों में हिंदुओं के लिए एक मामला दायर किया। सरकार ने इस स्थल को विवादित घोषित कर ताला लगा दिया। राम जन्मभूमि न्यास के प्रमुख महंत परमहंस रामचंद्र दास ने 1989 में स्वामित्व विवाद में अंततः 'जीतने वाला' मुकदमा दायर किया।

विश्व हिंदू परिषद फोकस में आयाः विश्व हिंदू परिषद ने राम जन्मभूमि आंदोलन को जारी रखने के लिए एक समूह बनाया, जिसमें भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को स्थल पर भव्य 'राम मंदिर' के निर्माण के अभियान का नेता और चेहरा बनाया गया।

### हिंदुओं को प्रार्थना करने की अनुमति दी गयी

फैजाबाद के जिला न्यायाधीश ने विवादित ढांचे के दरवाजे खोलने का आदेश दिया, ताकि हिंदू प्रवेश कर सकें और प्रार्थना कर सकें।

### प्रथम शिलान्यास एवं बाबरी विध्वंस

**राजीव गांधी और शिलान्यासः** प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने विश्व हिंदू परिषद को एक समारोह आयोजित करने की अनुमति दी, जिसे शिलान्यास (अभिषेक) कहा जाता है। यह नवंबर 1989 में हुआ था, जब हिंदुत्व आंदोलन अभूतपूर्व गति से बढ़ रहा था और संसदीय चुनाव शुरू होने से कुछ ही दिन पहले।

### बाबरी मस्जिद विध्वंस का पहला प्रयास विफल

विवादित स्थल पर राम मंदिर बनाने के लिए लोगों से समर्थन जुटाने के लिए भाजपा अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी ने देश भर में रथयात्रा निकाली। यही वह वर्ष था, जब विहिप स्वयंसेवकों ने बाबरी मस्जिद को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया था। मुलायम सिंह यादव यूपी के मुख्यमंत्री थे और केंद्र में जनता दल की सरकार थी। सरकार के अनुसार 30 अक्टूबर 1990 को यादव ने पुलिस को बाबरी मस्जिद की ओर मार्च कर रही हिंदुत्ववादी भीड़ पर गोली चलाने का आदेश दिया, जिसमें 16 कारसेवकों की मौत हो गयी।

### बाबरी मस्जिद विध्वंस

6 दिसंबर, 1992 को कारसेवकों द्वारा विवादित ढांचे को गिरा दिया गया और एक अस्थायी मंदिर स्थापित किया गया। एक ही दिन में दो एफआइआर दर्ज की गयी। एफआइआर 197 हजारों अज्ञात कारसेवकों के खिलाफ दर्ज की गयी थी, जिसमें डकैती, चोट पहुंचाने, सार्वजनिक पूजा स्थलों को नुकसान पहुंचाने/अपवित्र करने, धर्म के आधार पर दो समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने आदि जैसे अपराधों का आरोप लगाया गया था। राम कथा कुंज सभा मंच से नफरत भरे भाषण देने के आरोप में भाजपा, विहिप, बजरंग दल और आरएसएस से जुड़े आठ लोगों के खिलाफ एफआइआर 198 दर्ज की गयी थी। आठ नामित आरोपी थे लालकृष्ण आडवाणी, अशोक सिंघल, विनय कटियार, उमा भारती, साध्वी ऋतंभरा, मुरली मनोहर जोशी, गिरिराज किशोर और विष्णु हरि डालमिया। इन आठ में से अशोक सिंघल और गिरिराज किशोर का निधन हो चुका है। एफआइआर में आइपीसी की धारा 153-ए, 153-बी और धारा 505 के तहत अपराध का आरोप लगाया गया था।

### लिब्रहान आयोग नियुक्त

16 दिसंबर 1992 को विध्वंस के 10 दिन बाद पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के एक मौजूदा न्यायाधीश एमएस लिब्रहान को उन घटनाओं के अनुक्रम पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए नियुक्त किया गया, जिनके कारण विध्वंस हुआ। गृह मंत्रालय की अधिसूचना में सरकार ने कहा कि आयोग को तीन महीने से कम समय में अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। हालांकि 48 विस्तारों और आयोग पर आठ करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने के बाद रिपोर्ट केवल डेढ़ दशक बाद प्रस्तुत की गयी थी।

## मुकदमा शुरू हुआ और आपराधिक साजिश का आरोप जोड़ा गया

मुकदमा ललितपुर और फिर रायबरेली स्थानांतरित किया गया। मामलों के फैसले के लिए ललितपुर में एक विशेष अदालत स्थापित की गयी। हालांकि बाद में राज्य सरकार द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के परामर्श से इन मामलों की सुनवाई को ललितपुर की एक विशेष अदालत से लखनऊ की एक विशेष अदालत में स्थानांतरित करने के लिए एक अधिसूचना जारी की गयी, जबकि एफआइआर 197 को सीबीआइ को सौंपा गया था और लखनऊ ले जाया गया था। एफआइआर 198 की सुनवाई रायबरेली की एक विशेष अदालत में की जानी थी और इसकी जांच राज्य सीआइडी ??द्वारा की जानी थी। यहां यह भी बताना जरूरी है कि केस ट्रांसफर होने से पहले आइपीसी की धारा 120बी (आपराधिक साजिश) को एफआइआर 197 में जोड़ा गया था। एफआइआर 198 और एफआइआर 197 पर एक साथ मुकदमा चलाया गया। 8 अक्टूबर 1993 को यूपी सरकार ने मामलों के स्थानांतरण के लिए एक नयी अधिसूचना जारी की, जिसमें मूल आठ नेताओं के खिलाफ, एफआइआर 198 को बाकी मामलों के साथ जोड़ दिया गया। इसका मतलब यह माना गया कि बाबरी मस्जिद के विध्वंस से संबंधित सभी मामलों की सुनवाई लखनऊ की विशेष अदालत में की जायेगी। लखनऊ की अदालत ने सभी मामलों में आपराधिक साजिश जोड़ने का आदेश दिया। सीबीआइ द्वारा एक पूरक आरोप पत्र दायर किया गया, जिसके आधार पर अदालत का मानना था कि लालकृष्ण आडवाणी सहित अन्य नेताओं के खिलाफ आपराधिक साजिश के आरोप तय करने के लिए प्रथम दृष्टया सबूत थे। अदालत ने माना कि सभी अपराध एक ही लेन-देन के दौरान किये गये थे, जिसके लिए संयुक्त सुनवाई की आवश्यकता थी और यह मामला विशेष रूप से लखनऊ में विशेष न्यायाधीश की अदालत द्वारा सुनवाई योग्य था। लखनऊ में विशेष न्यायाधीश ने एक आदेश पारित करते हुए कहा कि आइपीसी की विभिन्न अन्य धाराओं के साथ पढ़ी जानेवाली धारा 120बी के तहत आपराधिक साजिश के आरोप तय करने के लिए सभी आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है।



## निचली अदालत और उच्च न्यायालय के बीच फंसा मामला

सरकारी चूक का हवाला देते हुए आरोपी ने अदालत के आदेश को चुनौती दी और जीत हासिल की। उपरोक्त आदेश को आरोपी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय (उसकी लखनऊ पीठ के समक्ष) में चुनौती दी। अभियुक्तों के वकील सफलतापूर्वक यह तर्क देने में सफल रहे कि उत्तरप्रदेश सरकार की प्रशासनिक चूक के कारण उनके खिलाफ आरोप गलत तरीके से तय किये गये थे। हम यहां जिस चूक की बात कर रहे हैं, वह 8 अक्टूबर 1993 की अधिसूचना से संबंधित है, जिसमें कहा गया था कि एफआइआर संख्या 198 पर सभी 49 मामलों के साथ लखनऊ की इस विशेष अदालत में मुकदमा चलाया जाना था। हालांकि अधिसूचना जारी करते समय यूपी सरकार आवश्यक प्रक्रिया का पालन करने में विफल रही थी। माना जा रहा था कि उन्होंने उच्च न्यायालय के परामर्श के बाद एफआइआर को एक साथ जोड़ दिया होगा, लेकिन वे ऐसा करने में विफल रहे। राज्य सरकार ने बाद में अधिसूचना में इस दोष को ठीक करने के लिए सीबीआइ के अनुरोध को खारिज कर दिया और इस अस्वीकृति को चुनौती देने और यह सुनिश्चित करने के बजाय कि दोष का समाधान हो गया, सीबीआइ ने ऐसे काम किया, जैसे कि कोई समस्या ही नहीं थी, और उनके खिलाफ अपना पूरक आरोप पत्र दायर किया। इस चूक का उपयोग तब आडवाणी और अन्य लोगों द्वारा उनके खिलाफ साजिश के आरोपों को हटाने के लिए किया गया था, क्योंकि इसे केवल एफआइआर 197 के संबंध में आरोप पत्र में रखा गया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि दोनों एफआइआर को एफआइआर 198 के साथ अलग से चलाया जाना था रायबरेली की एक विशेष अदालत में। चूंकि मामले अब अलग-अलग थे, उच्च न्यायालय ने सीबीआइ को निर्देश दिया कि वह रायबरेली अदालत में एक पूरक आरोप पत्र में आडवाणी और अन्य के खिलाफ साजिश का कोई भी सबूत दाखिल करे।

आरोप पत्र दाखिल, आडवाणी बरीः 2003 में सीबीआइ ने एफआइआर 198 के तहत आठ आरोपियों के खिलाफ एक पूरक आरोप दायर किया। हालांकि वे बाबरी मस्जिद को नष्ट करने की साजिश को आरोप के रूप में जोड़ने में असमर्थ रहे, क्योंकि एफआइआर में विध्वंस (एफआइआर 197) और भाषणों को शामिल किया गया था। इसे (एफआइआर 198) अलग से 'भड़काया गया' बताया गया। दरअसल, रायबरेली की अदालत ने आडवाणी के एक आवेदन को स्वीकार कर लिया और उन्हें आरोपी के रूप से बरी कर दिया, यह कहते हुए कि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त मामला नहीं था।

2005 में बिना किसी आपराधिक साजिश के मुकदमा फिर से शुरू कियाः इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 2005 में रायबरेली अदालत के इस आदेश को रद्द कर दिया और कहा कि आडवाणी और अन्य को मुकदमा जारी रखना होगा। मामला आगे बढ़ा, लेकिन आपराधिक साजिश के आरोप के बिना। 2005 में रायबरेली अदालत ने मामले में आरोप तय किये और 2007 में पहले गवाह की गवाही हुई।

लिब्रहान आयोग ने रिपोर्ट सौंपीः पहली बार गठन के 17 साल बाद लिब्रहान आयोग ने अपनी नौ सौ से अधिक पृष्ठों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में, जिसे बाद में सार्वजनिक किया गया, आयोग ने संघ परिवार, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कल्याण सिंह जैसे भाजपा के प्रमुख राजनेताओं पर दोष मढ़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। और अन्य, उन घटनाओं के अनुक्रम में उनकी भूमिका के लिए, जिनके कारण बाबरी मस्जिद का विध्वंस हुआ। आरएसएस, बजरंग दल, विहिप, भाजपा और शिवसेना के कार्यकर्ता अपने नेताओं के साथ घटनास्थल पर मौजूद थे। उन्होंने या तो सक्रिय रूप से या निष्क्रिय रूप से विध्वंस का समर्थन किया। एक पल के लिए भी यह नहीं माना जा सकता कि (भाजपा संरक्षक) एलके आडवाणी, अटल बिहरीह वाजपेयी या (दिग्गज भाजपा नेता) मुरली मनोहर जोशी को संघ परिवार के मंसूबों के बारे में पता नहीं था। इलाहाबाद हाइकोर्ट ने निचली अदालत के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें दोनों मामलों को अलग कर दिया गया था। सीबीआइ द्वारा 4 मई 2001 के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक पुनरीक्षण याचिका दायर की गयी, जिसमें कहा गया था कि एफआइआर 197 और एफआइआर 198 के तहत मामलों के दो सेटों को अलग से चलाने की जरूरत है। हालांकि, उच्च न्यायालय ने अपने पिछले फैसले को बरकरार रखा, यह पुष्टि करते हुए कि आरोपियों के दो वर्ग थे, अर्थात नेता, जो मस्जिद से दो सौ मीटर की दूरी पर कारसेवकों को उकसा रहे थे, और स्वयं कारसेवक। इसने यह भी पुष्टि की कि आडवाणी और अन्य के खिलाफ एफआइआर 198 मामले में आपराधिक साजिश के आरोप नहीं जोड़े जा सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का निर्णय

**सीबीआइ सुप्रीम कोर्ट पहुंचीः** ट्रायल कोर्ट और हाइकोर्ट में देरी, पटरी से उतरने और अन्य कानूनी बाधाओं के इस लंबे क्रम के बाद सीबीआइ ने आखिरकार 2011 में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और बाद में 20 मार्च 2012 को एक हलफनामा दायर किया, जिसमें उसने आम सहमति के लिए नये सिरे से तर्क दिया।

**2015** सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ भाजपा नेताओं को नोटिस जारी कियाः सुप्रीम कोर्ट ने बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में उनके खिलाफ आपराधिक साजिश के आरोप नहीं हटाने की सीबीआइ की याचिका पर जवाब देने के लिए लालकृष्ण आडवाणी, उमा भारती, मुरली मनोहर जोशी और कल्याण सिंह सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं को नोटिस जारी किया।

**2017** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाइकोर्ट के खिलाफ नियम बनाये, साजिश के आरोप लगाये और सभी मामलों को एक साथ जोड़ दिया। इस गतिरोध को हमेशा के लिए समाप्त करते हुए शीर्ष अदालत ने मामलों को अलग करने और एफआइआर 198 के तहत आरोपियों के खिलाफ साजिश के आरोपों को हटाने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ फैसला सुनाया। एक अत्यंत महत्वपूर्ण फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने लालकृष्ण आडवाणी और 20 अन्य लोगों सहित कई आरोपियों के खिलाफ साजिश के आरोप लगाने का आदेश दिया। अब सभी मामलों की सुनवाई को एक साथ जोड़ कर लखनऊ अदालत में वापस लाया गया। एफआइआर 197 और 198 को धारा 120बी (आपराधिक साजिश) की अतिरिक्त धाराओं के साथ जोड़ दिया गया। सभी आरोपियों पर कई आरोप लगाये गये। इनमें आइपीसी की धारा 147- दंगा करना, धारा 149- धर्म के आधार पर नफरत और दुश्मनी को बढ़ावा देना, धारा 153बी- राष्ट्रीय एकता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले दावे, धारा 295- पूजा स्थल का विनाश, धारा 505- धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझ कर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य करना शामिल थे। मामले में देरी और मुकदमे को समाप्त करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस न्यायालय के पास आवश्यकता पड़ने पर किसी मामले में पूर्ण न्याय करने की शक्ति ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है। वर्तमान मामले में, संविधान के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को हिला देने वाले अपराध कथित तौर पर लगभग 25 साल पहले किये गये हैं।

**परीक्षण के लिए समय सीमाः** सुप्रीम कोर्ट के फैसले का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह था कि उसने मुकदमे को पूरा करने के लिए एक समय सीमा निर्दिष्ट की थी। पहले कोर्ट ने इसे दो साल की समय सीमा दी, जो अप्रैल 2019 में खत्म होनी थी। जुलाई 2019 में, सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर जज का कार्यकाल बढ़ा दिया और समय सीमा नौ महीने बढ़ा दी। ये नौ महीने अप्रैल 2020 में समाप्त हो गये। मई 2020 में, समय सीमा फिर से बढ़ा कर 31 अगस्त 2020 कर दी गयी।

**स्वामित्व विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का 2019 का फैसलाः** 9 नवंबर 2019 के ऐतिहासिक शीर्ष अदालत के फैसले ने भूमि को हिंदुओं को सौंपने और वहां मंदिर निर्माण के लिए एक ट्रस्ट की स्थापना का आदेश देकर अयोध्या शीर्षक विवाद को शांत कर दिया। पांच न्यायाधीशों की पीठ ने बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बारे में कहा कि मस्जिद का विध्वंस यथास्थिति के आदेश और इस न्यायालय को दिये गये आश्वासन का उल्लंघन करके हुआ। मस्जिद का विनाश और इस्लामी ढांचे का विनाश कानून के शासन का घोर उल्लंघन था। इस फैसले ने अपने-आप में आपराधिक मुकदमे को प्रभावित नहीं किया, क्योंकि यह एक अलग मामला था, लेकिन फिर भी यह विध्वंस की अवैधता के बारे में पहली औपचारिक न्यायिक घोषणा थी।

## आज फिर बांहें फैला रहे होते अटल जी

### मोदी ने वाजपेयी का दूसरा बड़ा सपना पूरा कर दिया

मौका बड़ा हो, अवसर असामान्य हों, तो अतीत का आइना भी सामने आ ही जाता है। अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक मौका है, तो कई ऐतिहासिक घटनाएं भी लोगों के जेहन में तैर रही हैं। सोशल मीडिया पर भगवान राम का मंदिर बनाने की संघर्ष गाथाएं शेयर की जा रही हैं। अयोध्या आंदोलन में भाजपा की भूमिका की भी खूब चर्चा हो रही है। कैसे भाजपा ने अपने पालमपुर अधिवेशन में तय किया कि वह विश्व हिंदू परिषद की तरफ से चलाये जा रहे मंदिर आंदोलन का समर्थन करेगी। फिर उसके चुनावी घोषणा पत्र में अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण का एजेंडा शामिल हो गया।

### जब भाजपा ने राम मंदिर को चुनावी एजेंडे में किया शामिल

जम्मू-कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाना और नीति-निर्देशक तत्व के रूप में शामिल समान नागरिक संहिता को कानून की शक्ल देना, ये दो बड़े मुद्दे तो पहले से ही भाजपा के चुनावी एंजेडे का हिस्सा थे। 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, तो इन एजेंडों को वास्तविक धरातल पर उतारने की उम्मीद जगी। 2019 में शुरू हुए दूसरे कार्यकाल में मोदी सरकार ने आर्टिकल 370 हटा दिया, तो इन उम्मीदों को मानो पंख लग गये। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब भव्य राम मंदिर भी बन रहा है। अयोध्या नगरी का जीर्णोद्धार हो रहा है। तब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और मौजूदा पीएम नरेंद्र मोदी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तैर रहा है।

### मोदी का अटल से अगाध प्रेम का प्रतीक है यह वीडियो

इस वीडियो को देखते ही समझ जायेंगे कि मोदी का अटल से कैसा अगाध प्रेम था, अटल के लिए कितना सम्मान है मोदी के मन में। यह वीडियो इस बात का संकेत है कि मोदी ने आखिर अटल के संकल्पों को पूरा करने का बीड़ा क्यों उठाया है। दरअसल 11 जून, 1989 को जब पालमपुर अधिवेशन में भाजपा ने राम मंदिर आंदोलन के औपचारिक समर्थन का एलान करते हुए इसे अपने चुनावी घोषणा पत्र का हिस्सा बना लिया, तब लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के अध्यक्ष थे। स्वाभाविक है कि अटल भी इस मुद्दे पर पार्टी के साथ डट कर खड़े थे। ऐसा नहीं था कि पहले भाजपा ने राम मंदिर आंदोलन से दूरी बना रखी थी। पहले भी भाजपा आंदोलन के अगुवा वीएचपी नेताओं के संपर्क में थी और अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण की मांग का भावनात्मक समर्थन कर रही थी।

### अयोध्या आंदोलन और अटल-आडवाणी

राम मंदिर के औपचारिक समर्थन का असर भी दिखा। एक साल बाद 1989 के आम चुनावों में भाजपा को 85 सीटें मिलीं। भाजपा पांच साल पहले 1984 के चुनावों में सिर्फ दो सीटों पर सिमट गयी थी। इस दौरान भाजपा का वोट प्रतिशत भी 7.74 फीसदी से बढ़ कर 11.36 फीसदी हो गया था। उधर 1984 के लोकसभा चुनावों में 49.10 फीसदी वोट के साथ 404 सीटें जीतने वाली कांग्रेस पार्टी का 1989 के आम चुनावों में वोट करीब 10 फीसदी घट कर 39.53 फीसदी रह गया और सीटें भी आधी से ज्यादा घट कर 197 हो गयीं। फिर अटल-आडवाणी की जोड़ी ने राम मंदिर आंदोलन को जन-जन की भावना से जोड़ने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। आडवाणी ने चुनावों के अगले वर्ष ही सोमनाथ से अयोध्या की रथ यात्रा निकाली। उस वक्त की एक तस्वीर काफी लोकप्रिय है, जिसमें रथ पर आडवाणी के साथ नरेंद्र मोदी दिख रहे हैं।

### आज अटल जी होते, तो यही नजारा होता

फिर 5 दिसंबर, 1992 का वह दिन आता है, जब अयोध्या में कारसेवकों का सैलाब उमड़ा। अटल बिहारी वाजपेयी कारसेवकों से कहते हैं, सुप्रीम कोर्ट ने विवादित स्थल पर मंदिर निर्माण पर रोक लगायी है, वहां हिंदुओं को भजन-कीर्तन करने से मना नहीं किया है। अटल के इस भाषण ने कारसेवकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंचा दिया। अगले दिन 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी मस्जिद का ढांचा ध्वस्त हो गया। देशभर में इसके विरोध के स्वर गूंजे, तो अटल बिहारी वाजपेयी की भी कड़ी आलोचना हुई। अटल जी अब नहीं हैं। वह 16 अगस्त, 2018 को इस दुनिया को छोड़ गये। वह राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का 'सुखद' समाचार नहीं सुन सके। यदि वह आज होते, तो मोदी से मिलन के वीडियो में फिर शायद यही नजारा होता। वीडियो में अटल जी मोदी के लिए बाहें फैला रहे होते, उन्हें अपने आगोश में समेट लेते, उनके हाथ चूम रहे होते, माथे पर हाथ फेर कर आशीर्वाद दे रहे होते, क्योंकि मोदी ने अटल जी का एक और बड़ा सपना जो पूरा कर दिया है, लगभग असंभव सा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 21.7 °c | 8.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.29 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.33 बजे |




### झिरी के डंपिंग यार्ड में तैयार हुआ 150 टन का कचरा संधारण प्लांट

# प्रतिदिन 5000 किलो सीएनजी और आठ टन खाद होगी तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**पीएम मोदी की गारंटी पर कचरा संधारण प्लांट तैयार हो गया : संजय सेठ**





**रांची।** रांची के झिरी डंपिंग यार्ड के कचरे को संधारण करने का प्लांट बनकर तैयार हो गया है। शनिवार को सांसद संजय सेठ ने उपरोक्त प्लांट का निरीक्षण किया। अधिकारियों से इसकी जानकारी ली। बता दें कि सांसद संजय सेठ ने रांची शहर को कचरा से मुक्ति दिलाने के लिए काम करने की बात सांसद बनने के बाद की थी। उसके आलोक में उन्होंने केंद्र सरकार से बात की और गेल इंडिया के द्वारा रांची के झिरी डंपिंग यार्ड में 300 टन के कचरा संधारण प्लांट बनाने का प्रस्ताव रखा। सांसद के इस प्रस्ताव पर गेल इंडिया ने अपनी सहमति दी और स्वच्छ भारत मिशन के तहत इस पर कार्य भी शुरू हो गया। 25-25 करोड़ रुपये की लागत से यहां 150 टन के दो प्लांट तैयार होने हैं। आज निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने बताया कि 150 टन का एक प्लांट पूरी तरह से तैयार हो चुका है, जो फरवरी अंतिम सप्ताह या मार्च प्रथम सप्ताह में काम करने लगेगा। अधिकारियों ने सांसद को बताया कि झिरी कचरा डंपिंग यार्ड में गेल के द्वारा कचरा संधारण प्लांट का निर्माण कार्य फेज-1 पूरा हो गया है। यहां 150 टन का कचरा संधारण प्लांट तैयार है। यहां पर 300 टन का कचरा संधारण प्लांट तैयार होना है। अधिकारियों ने बताया कि फरवरी अंतिम या मार्च 2024 के प्रथम सप्ताह से यह प्लांट कार्य करने लगेगा। प्रथम चरण में यहां गोबर का उपयोग किया जायेगा। श्री सेठ ने इस प्लांट के पूर्ण होने पर खुशी जताते हुए कहा कि मोदी सरकार गारंटी पर काम करती है। हर वादे, हर गारंटी को पूरी होने की गारंटी देती है। पीएम मोदी की इस गारंटी पर यह कचरा संधारण प्लांट तैयार हो गया है। मेरे लिए यह खुशी की बात है कि मैंने जो प्रयास किया, वह सफल हो चुका है।

# प्राकृतिक संसाधनों की मात्रा सीमित: सीपी राधाकृष्णन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन संत जेवियर कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय सेमिनार के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भविष्य में विकास की गति बनी रहे, इसके लिए नयी तकनीकी और नयी खोज की ओर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है। इस दिशा में यह सेमिनार उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने आगे कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की मात्रा सीमित है। लेकिन विकास के लिए इसका लगातार दोहन किया जा रहा है। हमें वैकल्पिक व्यवस्था की दिशा में कार्य करना पड़ेगा। इस सेमिनार में भाग लेनेवाले अनुभवी लोग इस दिशा में अपने विचार साझा करेंगे।

**सेंट जेवियर्स कॉलेज का इतिहास गौरवशाली रहा है: राज्यपाल :** इससे आगे राज्यपाल ने कहा कि सेंट जेवियर्स कॉलेज का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां के विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दिया है। यह बहुत गर्व कि बात है कि सेंट जेवियर्स कॉलेज के भौतिकी विभाग की स्थापना 1944 में हुई थी। भौतिकी विभाग समेत अन्य विद्यार्थियों को भी इस सेमिनार से विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नये बदलाव की जानकारी उन्हें मिलेगी। इससे वे नये प्रयोग, नयी खोज और नयी तकनीक विकसित करने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और लगातार प्रोत्साहित करते रहते हैं। चंद्रयान-2 के पूर्ण रूप से सफल नहीं होने पर उन्होंने वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित किया और फिर चंद्रयान-3 का सफल लैंडिंग हुआ। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का देश बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने विकसित भारत 2047 का नारा दिया है। राज्यपाल ने सभी से उत्साहपूर्वक विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए आह्वान किया।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. A28061 Dated 09.01.2024 1, SIMPAL KUMARI, D/o- Manoj Kumar Saw, aged about-22 years, by faith-Hindu, by Nationality Indian, R/o At Patratu Bazar, P.O- Patratu, P.S- Patratu, Dist- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That my father's actual & correct name is MANOJ KUMAR SAW which is mentioned in my Aadhaar card bearing No. 8515 9615 9065. That due to some inadvertence his name has been wrongly mentioned as MANOJ SAHU in my Educational certificate, mark sheet of Senior School Certificate examination 2018 vide Roll No. 7679300, O.P Jindal School, Balkudra, Patratu and in mark sheet of Class-X (Certificate of Secondary Educational Examination 2016) vide Unique LD-6244071, Patratu School of Economics, Patratu.
3. That I am swearing this affidavit to submit before the concern authority for doing needful and to get rectified his name in my said certificate.

**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के प्रत्रांक संख्या सं. ईसीआर/सीएओ/कॉन/डब्ल्यू टी/ई.निविदा/दक्षिण/749 दिनांक 30.12.2023 (आपका प्राप्ति संख्या PR/02000/CONS/ENGG/C/23-24 dt. 01.01.2024) के संदर्भ में निम्नलिखित शुद्धि-पत्र निर्गत की जाती है।
(1) उपरोक्त निविदा की बंद होने की तिथि 22.01.2024 at 12.00 hrs तक बढ़ा दी गई है।
(2) दस्तावेज को भौतिक रूप से जमा करने की तिथि 29.01.2024 तक बढ़ाई जाती है।
(3) निविदा खुलने की तिथि 30.01.2024
कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/ दक्षिण/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/02133/सीओएनएस/अभि./सी/23-24/24

# हेमंत सोरेन से लिपट कर रोने लगे इरफान अंसारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी के 8वें समन के बाद आखिरकार सीएम हेमंत सोरेन ने पूछताछ के लिए हामी भरी, लेकिन कुछ शर्तों के साथ। इस दौरान विधायक इरफान अंसारी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे काफी भावुक नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि इरफान अंसारी सीएम से लिपट कर रो रहे हैं, तभी हेमंत सोरेन उनकी पीठ पर हाथ रख कर कहते हैं कि मैं कहीं नहीं जा रहा। हेमंत सोरेन के सामने भावुक होते वीडियो और फोटो को अपने एक्स (ट्वीटर) हैंडल पर शेयर करते हुए इरफान अंसारी ने लिखा कि अपने राम को देख हनुमान फूट फूट कर रोने लगे। उन्होंने लिखा कि अभी-अभी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से उनके आवास पर मिला और अपने राम को देखते ही मैं खुद को रोक नहीं पाया।

### आम जनता के लिए भी नियम बना दें मुख्यमंत्री

# पूछताछ के लिए घर जायें अधिकारी : अरुण उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व आइपीएस अधिकारी डॉ अरुण उरांव ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। उरांव ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री केवल भ्रष्टाचार में ही नहीं बल्कि नियम विरुद्ध निर्णय लेने में भी रिकॉर्ड बना रहे।

कहा कि हेमंत सरकार ऐसी सरकार है जिसने कैबिनेट के फैसले में संसद से पारित कानून को चुनौती दी। इडी की कार्रवाई को कटघरे में खड़ा किया।

कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने आप को कानून से ऊपर रख लिया है। आठवें समन के बाद भी इडी को सीएम से पूछताछ के लिए सीएम आवास पर जाना पड़ा।



उन्होंने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री इडी के अधिकारियों को पूछताछ के लिए अपने आवास पर बुलाते हैं और बाहर इडी के विरोध में अपने समर्थकों से विरोध भी करवाते हैं।

उन्होंने कहा कि अब तो मुख्यमंत्री को कैबिनेट से एक और फैसला कर लेना चाहिए जिसमें यह स्पष्ट प्रावधान हो कि अब राज्य के किसी व्यक्ति से पूछताछ के लिए अधिकारी उनके घर पर जाये। किसी को कार्यालय बुलाने के लिए नोटिस जारी नहीं करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने और कोई काम में तो राज्य का भला नहीं किया। लेकिन एक अवसर उनके पास है जिसमें वे जनहित में ऐसे फैसले लेकर आम जनता का भला कर सकते हैं। कानून बनने से किसी गरीब आदमी को पूछताछ केलिए अधिकारी के पास जाने के लिए खर्च नहीं करना पड़ेगा।

## देश के उत्कृष्ट थानों में साहिबगंज के मिर्जा चौकी को सातवां स्थान

**रांची (आजाद सिपाही)।** साहिबगंज के मिर्जा चौकी थाने को देश में बेहतर थानों की सूची में सातवां स्थान और राज्य का पहला स्थान मिला है। इसे लेकर गृह मंत्रालय ने सूची जारी की है। इस मौके पर डीआइजी कार्मिक सह तत्कालीन साहिबगंज एसपी नौशाद आलम, तत्कालीन एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा, थाना प्रभारी मिर्जा चौकी थाना सहित कई पुलिस पदाधिकारी को झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह सम्मानित करेंगे। 24 जनवरी को सभी को पुलिस मुख्यालय में सम्मानित किया जायेगा। बता दें कि देशभर के 80 से अधिक स्थानों का गृह मंत्रालय की ओर से पिछले दिनों निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान वैसे थाने चिह्नित किये गये जिन्होंने बेहतर कामकाज रख रखाव सहित कई बिंदुओं पर अच्छे अंक प्राप्त किये। इसके बाद मिर्जा चौकी थाने को देश के टॉप 10 थानों की सूची में शामिल किया गया।

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.in

**शपथ पत्र**

के अनुसार क्र. सं. - 47
दिनांक 5.01.2024 मै प्रदीप कुमार श्रीवास्तव पिता स्व० सुदर्शन लाल उम्र करीब 63 वर्ष ग्राम पो०- रोहिला, थाना रमना, जिला - गढ़वा, राज्य झारखण्ड राष्ट्रीयता भारतीय का निवासी हूँ तथा शपथपूर्वक निम्नांकित व्यान करता है-1. यह कि पुत्री के आधार कार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र मे नाम श्वेता श्री एवं शैक्षणिक प्रमाण मे अंकित जन्म तिथि 21.01.2006 ई० दर्ज है जो सही व सत्य है।
2. यह कि मैं भारतीय पोस्ट ऑफीस रमना मे सुकन्या योजना के तहत अपनी पुत्रि के नाम से एक खाता खोलवाया हूँ जिसका खाता सं० 1900750052 है जिसमे मेरी पुत्रि का नाम श्वेता कुमारी दर्ज है तथा अंकित जन्म तिथि 19.04. 2007 ई० दर्ज जो गलत है।
3. यह कि मैं भारतीय पोस्ट ऑफीस के खाता सं० 1900750052 में अपनी पुत्री का वास्तविक नाम श्वेता श्री तथा वास्तविक जन्म तिथि 21.01.2006 ई० दर्ज कराने हेतु शपथ पत्र का निष्पादन कर रहा हूँ जिसे सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर अपनी पुत्री का नाम एवं जन्म तिथि सुधार करा सकें,
यह कि इस शपथ पत्र में मेरे द्वारा कोई भी तथ्य छुपाया नही गया है इसकी सारी जबाबदेही मेरी होगी।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. A44405 Dated 18.05.2023 1, SRI RAJAK, S/O LATE MUNSHI RAJAK by faith - Hindu, by Nationality- Indian Resident of Vill-Kashmir Colony, P.T.P.S., P.O.P.T.P.S., P.S.- Patratu, Distt.-Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as undar:-
1. That my actual and correct name is, SRI RAJAK which has been mentioned in My U ID card bearing U Id no. 306787177873.
2. That my name is SRI DHOBI which has been mention in Post office Savings account bearing account no. 5786082864.
3. That my name SRI RAJAK and SRI DHOBI both are same and singal person le my self.
4. That my name and Signature is SRI RAJAK change in place of SRI DHOBI in my Post office Savings account.
5. That this affidavit is required for authority concern.
6. That the above statements are and correct.

# घर-घर जाकर जिला दुर्गा पूजा समिति ने कारसेवकों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही सवांददाता



**रांची।** रांची ज़िला दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में ज़िला दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक सह रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मुनचुन राय की अगुवाई में रांची के विभिन्न कारसेवकों को उनके घर-घर जाकर सम्मानित किया गया। विदित हो कि लाखों कारसेवकों के संघर्ष और हजारों कारसेवकों के बलिदान के फलस्वरूप ही अब प्रभु श्री राम जी अयोध्या में अपने भवन विराजमान होंगे। अतः उनके बलिदान एवं संघर्ष को नमन और साधुवाद करने हेतु उनके घर जाकर ढोल नगाड़े के साथ उनकी चरण वंदना कर उन्हें पगड़ी पहनाकर, पट्टा देकर और प्रभु श्री राम की तस्वीर प्रदान कर उन्हें मिठाई खिलाई गयी। इस अवसर पर कारसेवकों ने अपने अनुभव को साझा किया और ज़िला दुर्गा पूजा के इस पहल का स्वागत किया। इस सम्मान समारोह में मुख्य रूप से मुनचुन राय, सुजीत सिंह, निशांत यादव, ऋषभ सिंह, अमित अग्रवाल, सुनील वर्णवाल, शिव पांडेय, विक्रम कुमार, विक्की, प्रीतम कुमार सहित विभिन्न मुहल्ले कई सनातन प्रेमी उपस्थित रहे।

# विनोद पांडेय ने नेताओं और कार्यकर्ताओं को समझाया

**पार्टी के सभी विधायकों को रांची हेड क्वार्टर में ही बने रहने का निर्देश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव और प्रवक्ता विनोद पांडेय शनिवार को मुख्यमंत्री आवास के पास पहुंचे। मुख्यमंत्री आवास के समीप सड़क पर बैठ कर नारेबाजी कर रहे पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को समझाया। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की कोई भी अप्रिय घटना ना हो। इसलिए शांतिपूर्वक विरोध कीजिए। पांडेय ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि सभी विधायकों को रांची हेड क्वार्टर में ही बने रहने का निर्देश दिया गया था। सभी रांची में है, सभी लोग आसपास हैं। यदि किसी भी तरह की आवश्यकता होगी, तो सभी लोग तुरंत पहुंचेंगे।

रजिस्ट्री सं. डी.एल.–33004/99 Regd. No. D.L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
The Gazette of India
सी.जी.-डी.एल.-अ.-14122023-250667
CG-DL-E-14122023-250667
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II - Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5072] नई दिल्ली, मंगलवार, दिसम्बर 12, 2023/अग्रहायण 21, 1945
No. 5072] NEW DELHI, TUESDAY, DECEMBER 12, 2023/AGRAHAYANA 21, 1945

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 12 दिसम्बर, 2023

का. आ. 5301 (अ)– केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के पलामू जिले मे NH75 के कि.मी. 39.6 से कि.मी. 49.38 (दलाओ पलामू) तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन/4-लेन का बनाने आदि) के गॉवों में अर्थात् विश्रामुपर अंचल अन्तर्गत कधवन, भण्डार, गेडूआ एवं मेदिनीनगर अंचल अन्तर्गत सिगराहा खुर्द, सिगराहा कला, पोखराहा कला, चियाकी एवं जोरकट, जिला-पलामू राज्य झारखंड के अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा;

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् काला कम डी एल ए ओ. पलामू को लिखित रुप से प्रस्तुत की जायेगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा;

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई आदेश अंतिम होगा;

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध है और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

**झारखंड राज्य के पलामू जिले मे NH75 के कि.मी. 39.6 से कि.मी. 49.38 (दलाओ पलामू) के गॉवों में अर्थात् विश्रामुपर अंचल अन्तर्गत कधवन, भण्डार, गेडूआ एवं मेदिनीनगर अंचल अन्तर्गत सिगराहा खुर्द, सिगराहा कला, पोखराहा कला, चियाकी एवं जोरकट, जिला-पलामू राज्य झारखंड के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण**

[File No. NHAI/RO/RNC/JH/LA/3A]

जिला : पलामू
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 12 दिसम्बर, 2023
https://egazette.gov.in/(S(hkzb0ydq2hn54z4v3vzu5ayh))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileCA.cshtml?notification id=65124&file id=37968

# न्यूटन ट्यूटोरियल्स ने आइआइटी-मेडिकल की तैयारी के टिप्स दिये

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दुमका शहर के सोना होटल थाना रोड में शनिवार को न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा लि द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय था आगामी आइआइटी (जेइइ) एवं मेडिकल के परीक्षाओं में कैसे ज्यादा से ज्यादा अंक एवं अच्छा रैंक प्राप्त किये जाये। मौके पर बोलते हुए मदन मोहन ने बताया कि बच्चों को किन बिंदुओं पर ध्यान देना चाहिए। रसायन विज्ञान के शिक्षक पंकज कुमार ने बताया कि लगातार प्रयास की जरूरत है। भौतिकी के शिक्षक प्रणव कुमार ने भौतिकी की तैयारी से संबंधिति जानकारी दी और समारोह के अंत में न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा लि के डाइरेक्टर इमरान अली ने बोर्ड और प्रतियोगिता परीक्षा के अंतर को स्पष्ट किया। इमरान अली के अनुसार जेइइ एवं मेडिकल की तैयारी के लिए सबसे उपयुक्त समय 11वीं है। हालांकि अगर योजना नौवीं से बनाते हैं तो बहुत ही अच्छा लेकिन 10वीं के बाद तो जरूर से जरूर शुरू कर दें। तैयारी शुरू करने से पहले नौंवी और 10वीं में अपना बेसिक जरूर सुधार लें ताकि आगे कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

पंकज कुमार एवं मदन मोहन के अनुसार, लोगों के मन में भ्रम है किय जेइइ या मेडिकल का एग्जाम काफी कठिन होता जबकि वास्तविकता कुछ और ही है। इन्होंने पाइ चार्ट की मदद से समझाने की कोशिश किया कि पिछले पांच सालों में आये हुए प्रश्न पत्र पर नजर डालने से येह प्रतीत होता है कि लगभग 40 से 50 प्रतिशत प्रश्न काफी ही आसान होते जो किसी भी मेहनत करने वाले बच्चे से बन सकता है, 20से 30 प्रतिशत थोड़ा कठिन होता है। उसे भी जिस बच्चे का बेसिक सही है बना सकते हैं और 20 प्रतिशत प्रश्न कठिन होते हैं जो सिर्फ अच्छे बच्चे से ही बन सकता है। अगर कठिन प्रश्न हटा भी दे तों लगभग 80 प्रतिशत प्रश्न सभी से बन सकते हैं और बच्चों को चुनाव 40 प्रतिशत अंक लाने के बाद से ही शुरू हो जाते हैं।

प्रणव कुमार के अनुसार अगर मेडिकल के लिए बच्चे एनसीइआरटी की पुस्तक पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दें तो अधिक फायदा होगा। नकारात्मक प्रश्न को छोड़ने में ही भलाई है। उनके अनुसार पढ़ाई को बोझ न समझें उसे इंज्वाय करते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंचे।

क्विज प्रतियोगिता में जिला स्कूल, सिदो कान्हू हाइ स्कूल, हॉली चाइल्ड नेशनल स्कूल, ग्रीन माउंट एकेडमी, डीसेंट चिल्ड्रेन, ग्रीन माउंट एकेडमी के बच्चों के बीच पुरस्कार वितरित किया गया।

जिसमें मुस्कान कुमारी, आकाश पॉल, नंदलाल राय, अनिसा यासमिन, विवेक, अरुण सोरेन, सूरज हांसदा, कुमार आदित्य, अभिजित, अमित कुमार, आर्यन, अयुष रंजन, रौनक कुमार, सौरव राज, लकी राज, शिवम कुमार, अजय टुडू, नरेश सोरेन, राहुल देव, हरि वर्मा, पीयूष कुमार, सिफा सलीम, जोया, मुस्कान, मिसा मुखर्जी, रिसा राय, देबोलिना, सोनम मुर्मू, प्रीति कुमारी, खुशबू कुमारी, अमित कुमार, रिचर्ड सोरेन, अंशु यादव, नितेश कुमार, उत्तम कुमार, कृष्णा यादव, स्वाती राज, राहुल मुर्मू अनिमेष कुमार और तृषा कुमारी को पुरस्कार प्रदान किया गया। न्यूटन ट्यूटोरियल्स में नया बैच 2024 के लिए (आइआइटी/मेडिकल)। एडमिशन टेस्ट प्रत्येक रविवार को आयोजित किये जा रहे हैं।

## एफएलएन प्रशिक्षण के प्रथम बैच का समापन



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बीआरसी में शुक्रवार को एफएलएन के प्रशिक्षण का प्रथम बैच का समापन हुआ जिसमे मुख्य रूप से तीन से नौ आयु वर्ग के बच्चों के बुनियादी शिक्षा के बारे में बताया गया। कैसे खेल खेल में गणित, हिंदी और अंग्रेजी विषय में गतिविधि के माध्यम से इसे रोचक बनाया जा सकता है जिस पर जोर दिया गया। वहीं सभी प्रशिक्षु से कहा गया कि विद्यालय में टीएलएम का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें और छात्र हस्तपुस्तिका का उपयोग प्रतिदिन लायें। चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण में चालीस चालीस शिक्षकों के दो बैच में प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर प्रशिक्षक जमील अख्तर, नीतीश कुमार, पंकज महतो, राजेश करमाली, सुधीर कुमार, रितेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सूचित कुमार, मिथलेश कुमार, अर्चना कुमारी, हसीबा खातून, सुनीता कुमारी, अमन कुमारी, पूनम प्रसाद आदि मौजूद थे।

## राम मंदिर भारत के राष्ट्रीय गौरव का विषय है: राहुल




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हीरोडीह पंचायत के विभिन्न गांवों में अयोध्या श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण अभियान के तहत घर-घर पहुंचकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी के हिंदू समाज को निमंत्रण और पुजीत अक्षत वितरण किया गया। श्री राम जन्मभूमि से आये पूजित अक्षत को लेकर हिंदू जनमानस को देते हुए आग्रह कर रहे हैं 22 जनवरी को तय तिथि के दिन दिवाली मनाये, अपने घरों के बाहर रंगोली से सजा अपने घरों में भगवा ध्वज लगे, मंदिरों में एकत्रित होकर पूजा पाठ हवन इत्यादि करें। वहीं राहुल कुमार मोदी ने कहा की हम सभी विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ता राम के दूत बनकर आपके घर आ रहे हैं और इस पुनीत कार्य को सफल करने के लिए हमारे आराध्य बजरंगबली है। उन्होंने कहा राम मंदिर केवल धर्म विशेष के लिए नहीं अपितु भारत की राष्ट्रीय गौरव का विषय है। भारत की राष्ट्रीय आत्म सम्मान का विषय है। मौके पर पसस सुरेंद्र राणा गौतम मोदी, प्रवीण कुमार, अंकित कुमार, प्रेम कुमार, रोहित कुमार, आशीष कुमार, विकास कुमार, सोनू मोदी, मन्नू मोदी, संजय मोदी, महादेव मोदी, जंतु मोदी, लखन महतो, नकुल मोदी, मुन्ना मोदी के द्वारा अक्षत का वितरण किया गया।

## तेतरौन पंचायत में निकली शोभायात्रा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तेतरौन पंचायत के विभिन्न गांवों में तेतरौन पंचायत विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष रामचंद्र यादव के अध्यक्षता में ढोल बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। वहीं घर-घर अयोध्या से आए पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र और प्रपत्र वितरण किए। साथ ही अयोध्या से आये कलश का नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान ढोल बाजे और डीजे की धुन पर राम भक्त थिरकते नजर आये। वहीं पूरा गांव जय श्री राम के नारे से पुरे पंचायत राम में हो गया। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने गांव के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की और पूरे गांव का भ्रमण किए। विश्व हिंदू परिषद पंचायत अध्यक्ष रामचंद्र यादव ने लोगों से अपील किया कि 22 जनवरी को पंचायत के हरेक मंदिर में भजन कीर्तन करें तथा अपने घर में भगवा झंडा लगाये साथ ही दीप जलाकर दीपक उत्सव मनाये। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से विहिप पंचायत उपाध्यक्ष नंदलाल यादव, मंत्री रंजीत राय, बजरंग दल संयोजक संतोष दास, सत्संग प्रमुख प्रसादी चंद्र राणा, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि महेश दास, संतोष कुमार यादव, मिथुन शर्मा, रणजीत राणा, महेश यादव, प्रताप राणा, सहित सैकड़ों महिला-पुरुष शोभा यात्रा में शामिल थे।

## बीपीएससी में चयनित नूर फातिमा सम्मानित



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल में 33वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नूर फातिमा और प्रिसाइड गेस्ट संजीवन परमार को पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात अपनी वैदिक परंपरा के अनुसार हवन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने सभी शिक्षकों और अतिथियों के साथ भाग लिया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। सर्वप्रथम समृद्धि और उनके समूह द्वारा स्वागत गीत गाया गया। उसके पश्चात उजेशा मंडल और उसके समूह ने अत्यंत ही मनोहर वैदिक नृत्य प्रस्तुत किया। एकल नृत्य कृतिका देवनाथ के द्वारा प्रस्तुत किया गया। लोक नृत्य वैष्णवी और उनके समूह ने प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। फ्यूजन डांस नव्या निर्मल और उनके समूह ने प्रस्तुत कर समा बांध दी। मंच का संचालन मध्यिका ने किया। मुख्य अतिथि नूर फातिमा ने विद्यालय के सभी बच्चों को सफलता का मंत्र दृढ़ इच्छा शक्ति, आत्मविश्वास, लगन और जुझारू प्रवृत्ति बताया। उन्होंने बताया कि कोई भी लक्ष्य किसी भी परिस्थिति में प्राप्त किया जा सकता है। प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि नूर फातिमा का अभिनंदन करते हुए स्मृति चिह्न प्रदान किया। डीएवी प्रबंधक के सभी सदस्यों ने भी विद्यालय की नूर फातिमा के स्वर्णिम सफलता के लिए बधाई भेजा। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ।

## कोडरमा जिले में निकाला फ्लैग मार्च



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शनिवार को एसपी अनुदीप सिंह के आदेशानुसार राममंदिर कार्यक्रम के पूर्व सुरक्षा तैयारियों को परखने के लिये फ्लैगमार्च निकाला गया। फ्लैगमार्च समाहरणालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से एसपी अनुदीप सिंह के नेतृत्व में कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत जलवाबाद, नगरखारा, कोडरमा गिरिडीह बायपास मार्ग, पांडेडीह, छतरबर आदि क्षेत्रों में निकाल गया। वहीं तिलैया और अन्य थाना क्षेत्रों में भी फ्लैगमार्च निकाला गया। ज्ञात हो कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले में विधि व्यवस्था संधारण हेतु शांति बनाये रखने के लिए मार्च निकाला गया। एसपी सिंह कहा कि राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान पुलिस हर गतिविधि पर नजर रख रही है। अफवाह पर ध्यान न दें और न कोई अफवाह फैलाये। सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मौके पर एएसपी प्रवीण पुष्कर, डीटीओ, कोडरमा थाना प्रभारी द्वारका राम, तिलैया थाना प्रभारी बिनोद कुमार, पुलिस निरीक्षक रामनारायण ठाकुर, एसआई सतीश पांडेय, एसआई विकास कुमार एवं अन्य काफी संख्या में जवान शामिल थे।

# बोधीबागी मैदान में 26 से 30 जनवरी तक लगेगा शहीद की याद में मेला

**मेला कमेटी ने की बैठक, तैयारी पर हुई विशेष चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** प्रखंड के बोधीबागी मैदान में जिला प्रशासन द्वारा प्रस्तावित शहीद मेला को लेकर प्रखंड के बोधीबागी मैदान में मेला कमेटी की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि व्यक्तिगत सहयोग से बोधीबागी मैदान में पांच दिवसीय शहीद मेला का आयोजन किया जायेगा। जिसका उद्घाटन 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन दो बजे किया जायेगा। बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि मेले के लिए जिला प्रशासन के द्वारा वित्तीय सहायता नहीं मिलेगी। यह एक स्थानीय कार्यक्रम है जिसमें प्रखंड के प्रतिनिधि, समाजसेवी और ग्रामीण आपसी सहयोग से शहीद मेले का आयोजन करेगें। कार्यक्रम के सूत्रधार भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता ने कहा कि प्रदेश में पहली बार इचाक की धरती पर पांच दिवसीय शहीद मेला का आयोजन कर शहीदों और उनके परिजनों को सम्मान देने का काम किया जा रहा है। मेले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए पशुओं की खरीद बिक्री की व्यवस्था, किसानों के उपज की प्रदर्शनी के अलावा कुटीर एवं लघु उद्योग को बढ़ावा देने हेतू लकड़ी, लोहा, बांस, पित्तल, तांबा से बने सामानों के खरीद बिक्री हेतू स्टॉल लगाये जायेंगे। इसके अलावा एनटीपीसी, जेएसपीएल, बिजली विभाग कृषि विभाग समेत कई सरकारी और गैर सरकारी संस्था अपने अपने स्टॉल लगाकर अपनी योजनाओं को जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि मेले में स्कूल कॉलेज के विद्यार्थीयों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मेले में आकर्षण का केन्द्र बना रहेगा। जिला परिषद् अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने मेले को ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि निश्चित रूप से मेले से रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता, सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता ने भी कई सुझाव दिये। बैठक में सांसद प्रतिनिधि हरिहर मेहता, मण्डल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, मुखिया नंदकिशोर मेहता, संगीता कुमारी, पूर्व मुखिया इंद्रदेव मेहता, सुनिल कुमार मेहता, पंसस केदार मेहता, मुनेंद्र मेहता, प्रो ब्रजकिशोर मेहता, कुमार केशव, राजेंद्र मेहता, भुनेश्वर मेहता, जितेश्वर मेहता, मधुसूदन मेहता, समाजसेवी सिकंदर राम, बसन्त मेहता, लक्ष्मण किशोर मेहता, जगदीश राम, लीलो मेहता, टिंकू मेहता, प्रदीप कुमार ने भी अपनी बात रखी। मौके पर कुरहा, इचाक, बरवा, अलौंजा, करियातपुर समेत दर्जनों गांव के लोग उपस्थित थे।

## रैली में शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता



**इडी की मनमानी नहीं चलेगी : संजीव बेदिया**

**केंद्र सरकार होश में आओ : सोनाराम मांझी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बडकागांव।** मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता को साथ रांची महारैली में शामिल हुए। बेदिया ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, शिबू जिंदाबाद के नारे लगाते हुए कहां केंद्र सरकार हाउस में आव, इडी के मनमानी नहीं चलेगी, चाहे जितना भी जोर लगा ले केंद्र सरकार झारखंड वासियों को झुका नहीं सकता है। झारखंड हम लोगों ने लड़ कर लिया है। हेमंत सोरेन सरकार में ही आदिवासी मूलनिवासी का विकास हो रहा है। इसलिए हेमंत सरकार को प्रताड़ित करने का हमेशा कोशिश कर रहा है केंद्र सरकार, ताकि विकास के काम में असफल हो सके। मौके पर उपस्थित केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, प्रखंड अध्यक्ष सह जिला सचिव झारखंड श्रमिक संघ संजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, मोहन सोरेन, संजय करमाली, शंकर साव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां, मुकेश रावत, प्रखंड सचिव सरोज मेहता, राजेन्द्र भुईयां, शांति देवी, हरिलाल मांझी, शंकर साव, बिनोद यादव, चुरामण गंझू, सूरज वर्मा, घनश्याम महतो, कृष्णा प्रजापति, प्रयाग महतो, सुरेश गिरी इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ताओं उपस्थित है।

## विधायक ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव रांची स्थित राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर डिग्री महाविद्यालय बरकट्ठा में शिक्षण कार्य प्रारंभ कराने हेतु ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया। उल्लेखनीय है कि बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह सूर्यकुंड स्थित महाविद्यालय का भवन निर्माण कार्य विगत 3 वर्ष पूर्व पूर्ण हो चुका है। परंतु अबतक यहां शिक्षण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। जबकि शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का पद राज्य सरकार से स्वीकृत किया जा चुका है। शिक्षण कार्य प्रारंभ नहीं होने से बरकट्ठा प्रखंड के आर्थिक रूप से पिछड़े अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्रा उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं। इसी निमित्त विधायक ने डिग्री महाविद्यालय बरकट्ठा में शिक्षण कार्य जल्द प्रारंभ कराने के लिए राज्यपाल से मिलकर आग्रह किया।

## 16 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म जगतगुरु श्री रामकृष्ण

**फिल्म पूर्ण रूप से मनोरंजक, परिवारिक और आध्यात्मिक है : प्रो बिमल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** श्री रामकृष्ण परमहंस के जीवन पर बनी फिल्म जगतगुरु श्री रामकृष्ण 16 फरवरी 2024 को झारखंड के चार जिले हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा और गिरीडीह में रिलीज होगी। इसके बाद पूरे भारत के सिनेमा घरों में इस फिल्म को दिखाया जायेगा। उक्त जानकारी फिल्म के निर्देशक प्रो डॉ बिमल कुमार मिश्र और निमार्ता गजानंद पाठक ने विवेकानंद आइटीआइ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में संयुक्त रूप से दी। फिल्म जगतगुरु श्री रामकृष्ण युवाओं उत्साह, शक्ति, भक्ति, आत्म श्रद्धा, आत्म विश्वास के साथ आत्म साक्षात्कार की ओर बढ़ने की प्रेरणा देती है। हजारीबाग, झारखंड के कलाकारों द्वारा अभिनित यह फिल्म श्री रामकृष्ण परमहंस के दिव्य व्यक्तित्व से परिचय कराती है। श्री रामकृष्ण जन्म से ही दिव्यता को प्रकट करते हैं। वे अपने जीवन में मां काली के दर्शन के लिए व्याकुल रहते है। वे मां काली के भक्ति में डूब जाते हैं और स्वयं मां कालिमय हो जाती है। इस फिल्म में रामकृष्ण अपने शिष्य नरेंद्र को किस प्रकार स्वामी विवेकानंद बना देते हैं इसे भी फिल्माया गया है। फिल्म में भजन सम्राट अनूप जलोटा, सुरेश वाडेकर और महालक्ष्मी अय्यर ने अपनी आवाज दी है। फिल्म में संगीत अजय मिश्रा ने दी है। गौरतलब हो कि देवो के देव महादेव टीवी सीरियल में भी संगीत इन्होंने ही दिया था। फिल्म का निर्माण वीइसी फिल्म्स के बैनर तले की गयी है। सेंसर बोर्ड ने फिल्म को यू सर्टिफिकेट दिया है। फिल्म के निर्देशक और निर्माता ने बताया की फिल्म रिलीज का इंतजार अब खत्म होने वाला है। फिल्म पूर्ण रुप से मनोरंजक, परिवारिक और आध्यात्मिक है। इस फिल्म में अमरकांत राय, गजानंद पाठक, मुकेश राम प्रजापति, रोहित हजारा, मनोज पांडेय, संजय तिवारी, चांदनी झा, श्रेष्ठा, दीपक घोष, चंचला रॉय, प्रसन्न मिश्र, प्रशांत पांडेय ने अभिनय किया है। गीतकार हरे राम पांडेय है। फिल्म का छायांकन राहुल पाठक ने की है। फिल्म की शूटिंग हजारीबाग में हुई है जबकि पोस्ट प्रोडक्शन का काम मुंबई में हुआ है। फिल्म युवाओं को नई दिशा देने का कार्य करेगी।

## विभावि में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक

# झांकियां होंगी आकर्षण का केंद्र

**गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम विनोदनी पार्क में सुनिश्चित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** विभावि में 75 गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर शनिवार को वित्त परामर्शी सुनील कुमार की अध्यक्षता में आर्यभट्ट सभागार में गठित कमेटियों के कन्वेनर और सदस्यों के साथ बैठक हुई। जिसमें सभी कमेटियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी और कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। मौके पर गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम विवि परिसर स्थित विनोदनी पार्क में आयोजित करने को लेकर सुनिश्चित किया गया। साथ ही झंडोत्तोलन कार्यक्रम के बाद विभिन्न प्रकार के आकर्षक झांकियों की प्रस्तुती होगी। साथ ही स्थानीय कालेजों की सहभागिता के साथ पीजी आर्ट एंड कल्चरल के तहत कलाकारों के द्वारा देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह स्थल का रंगरोगन और साफ-सफाई का कार्य पूर्ण कराने पर बल दिया गया। वहीं आकर्षक झांकियों की प्रदर्शनी बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने के लिए सभी विभाग विभिन्न विषयों का चयन कर प्रदर्शनी निर्माण करने का जोर दिया गया। झांकियों की प्रदर्शनी का अवलोकन के लिए गठित कमिटी को आवश्यक निर्देश दिया गया। विवि परिसर में झंडोत्तोलन पूर्वाह्न 11:15 बजे होना सुनिश्चित किया गया है। उक्त बैठक में शामिल शिक्षकों ने कुछ अलग मुद्दे पर भी चर्चा की जिसका प्रशासनिक पक्ष के द्वारा जवाब देते हुए सकारात्मक नजरिया अपनाने पर जोर दिया गया। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर मिथिलेश कुमार ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ एम आलम समेत विभिन्न कमेटियों के कन्वेनर और सदस्य मौजूद थे।

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक



**इचाक (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा इचाक प्रखंड की बैठक बड़ा अखाड़ा में हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष भीम मेहता ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील मेहता, मुखलाल मेहता, प्रदेश सचिव अर्जुन कुमार मेहता, रेणु कुमारी, जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा उपस्थित हुए। इस बैठक में मुख्य रूप से 9-10 फरवरी को राष्ट्रीय सम्मेलन जो हजारीबाग में होना है उसकी तैयारी पर चर्चा की गयी। यह सम्मेलन हजारीबाग कोलंबस कॉलेज मैदान मैं होना है। उस कार्यक्रम में बड़ी संख्या सम्मेलन में जाने के लिए सभी पंचायत का प्रभारी नियुक्त किया गया। प्रचार प्रसार सदस्यता अभियान कोष संग्रह करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी, जो 21 तारीख से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलेगी। उसमें टीम बनाकर घूमेंगे और इस बैठक में सर्व सम्मति से प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें नरेश प्रसाद मेहता और नंदकिशोर मेहता को उपाध्यक्ष, सदन मेहता और केदार प्रसाद मेहता को महासचिव बनाया गया है। बैठक में मुख्य रूप से जिला संघ के मुखिया अध्यक्ष रंजीत मेहता, सुनीता मेहता, मोदी मेहता, दयानंद मेहता, अनिल मेहता प्रखंड सचिव गिरधारी कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष जमेदार मेहता, लक्ष्मण किशोर, अशोक प्रसाद मेहता, राजेश कुमार मेहता अनिल मेहता, उमेश मेहता, कामेश्वर कुमार मेहता, उमेश कुमार मेहता, अयोध्या मेहता, सुनील प्रसाद मेहता, महेंद्र मेहता, संतोष कुमार, मुरली मेहता, शिवकुमार, कामेश्वर महतो, अखिल भारतीय जिला सचिव राम जी कुशवाह समेत कई उपस्थित थे।

## घर-घर दीप जलाना है: अंबा प्रसाद



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** विधानसभा क्षेत्र की विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा क्षेत्र वासियों से आगामी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर घर-घर दीप जलाने और धार्मिक स्थलों, मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाने तथा जगमग करने हेतु अपील की है। इसी कड़ी में विधायक आवास में विशेष तैयारी की जा रही है, विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा हर घर को जगमग करने के लिए दीप पहुंचाने का लक्ष्य है। विधायक आवासीय कार्यालय में दिया, बाती, तेल और माचिस की पैकेजिंग करके पूरे विधानसभा क्षेत्र के हर एक घर तक पहुंचाने का लक्ष्य लिया गया है। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा है कि सभी सनातनी भगवान राम लला के नवनिर्मित मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य उत्सव की तैयारी कर रहे है इसी कड़ी में पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के घर घर में दीप उपलब्ध कराते हुए भव्य उत्सव की तैयारी के लिए हर घर दीप पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। विधायक कार्यालय से दिया, बाती, तेल और माचिस की पैकेजिंग करके विधानसभा क्षेत्र के सभी हिस्सों में त्योहार को भव्य बनाने की व्यापक तैयारी की जा रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारीयों के द्वारा हर घर तक दीप पहुंचाने का लक्ष्य है।

## गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** 26 जनवरी को सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में झंडोतोलन के समय सारणी तय करने को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख जैबुन निशा ने की। संचालन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि समय सारणी तय की गयी। इसके अलावा 22 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। 25 जनवरी को 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जायेगा। मौके पर अंचल अधिकारी रामबालक कुमार, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी चंदेश्वर प्रसाद, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ योगेंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, 20 सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा, उप प्रमुख सरयू साव, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद, कांग्रेस अध्यक्ष अब्बास अंसारी, मुखिया उत्तम महतो, निर्मल कुमार, कुंवर हंसदा, झामुमो सचिव संजय प्रजापति, रामजन्म राय, जीपीएस रामचंद्र दांगी, बेलाल अंसारी, आजसू अध्यक्ष अजय कुमार, मंडल पसस मुन्नी देवी, वार्डेन सुनीता गुप्ता, बीपीएम पुष्पा श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने क्रशर के काम को कराया बंद



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया क्षेत्र के आर्दश गांव मुरूमातु के बदाही (खुठरिया सिमर पेड के सामने) में क्रशर को बंद करवाने के लिए मुरूमातु के ग्रामीणों ने वार्ड सदस्य सुरेश गंझु के अध्यक्षता में बैठक विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान मुरूमातु में बन रहे क्रशर को बंद करवाने की मांग को उठाया। पिछले चार दिनों से चल रहे क्रशर के काम को ग्रामीणों ने शनिवार को रोक दिया है। इस दौरान ग्राम पंचायत को पत्र भी दिया। ग्रामीणों ने कहा की 2016 में मुरूमातु एक आर्दश ग्राम घोषित किया गया है। बगल में ही 50 मीटर की दुरी पर हमारा गांव है। 100 मीटर की दुरी पर मंदिर, व सामने ही 30 मीटर की दुरी पर हमलोग का सरना स्थल है। क्रशर के लगने से लोगों में धूल मिट्टी से लोगों से स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां बढ़ जाती है। गांव वालों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि कुछ महीने पहले ही ग्राम सभा के नाम पर लोगो से हस्ताक्षर करवा लिया गया। जिसकी जानकारी भी हमलोग को नहीं है। 16 वर्ष के भागीरथ गंझु पिता राजू गंझु और अन्य लोगों से गलत तरीके हस्ताक्षर करवा लिया गया। ग्रामीणों में विनोद गंझु, प्रकाश गंझु, जयप्रकाश ठाकुर, जुगेश्वर गंझु, बबलु गुप्ता, दौलत गंझु, बनवारी गंझु, जमुना प्रसाद चरका गंझु, महेन्द्र गंझु, रामप्रसाद भोक्ता, अर्जुन गंझु, उमाशंकर भोक्ता, बसंती देवी, पुनम देवी, आशा देवी, प्रीति देवी, कौशल्या देवी अनिता भोक्ता, फुलमति देवी, ने बताया कि क्रशर लगने से पशुचारे से लेकर स्वास्थ्य संबंधित दिक्कतें बढ़ जायेंगी। यहां पर लोगों को धूल मिल्टी से एलर्जी है। ग्रामीणों के अनुसार यहां पर क्रशर नहीं लगना चाहिए।

## सवर्ण महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने झामुमो नेता कमल नयन सिंह से की मुलाकात



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दहेज उन्मूलन सह समाज उत्थान सवर्ण महासभा के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष सीडी सिंह के नेतृत्व में सात सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल झामुमो के वरिष्ठ नेता डॉ कमल नयन सिंह से मुलाकात की। संरक्षक बिंदेश्वरी सिंह, उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह परनाला, उपाध्यक्ष अनूप सिन्हा, उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह जुलू पार्क, सचिव जीत नाथ कुमार सिंह, संयुक्त सचिव विभूति सिंह ने फॉरेस्ट कॉलोनी जाकर झामुमो के केंद्रीय नेता कमल नयन सिंह को बुके भेंट कर सम्मानित किया और नववर्ष की शुभकामना दी। कमल नयन सिंह जी के साथ संगठन पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस पर उन्होंने संगठन के मजबूती के लिए अपना योगदान देने की बात कही।

## इडी एक आदिवासी मुख्यमंत्री को कर रही है परेशान : संजीव बेदिया



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया और केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी के नेतृत्व में शनिवार को पारंपरिक हथियार तीर धनुष और ढोल नगाड़े के साथ बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से हजारों झामुमो कार्यकर्ता इडी के खिलाफ में विरोध प्रदर्शन करने मुख्यमंत्री आवास रांची के लिए कूच किये। रांची जाने से पूर्व सिदो-कान्हू चौक उरीमारी में सभी झामुमो कार्यकर्ता एकजुट होकर हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करना बंद करो, आदिवासी मुख्यमंत्री को परेशान करना बंद करो, झूठा आरोप लगाकर प्रताड़ित करना बंद करो जैसे नारों से आवाज बुलंद किया। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा कि झारखंड में जनता द्वारा चुनी हुई सरकार है जिसके मुखिया हेमंत सोरेन हैं। केंद्र सरकार के इशारे पर केंद्रीय एजेंसियां इडी मुख्यमंत्री को बेवजह परेशान कर रही है। जिसके विरोध में आज हम सभी झामुमो के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास रांची कूच कर रहे हैं। वहीं केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अपनी जांच एजेंसी के माध्यम से झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तथ्यहीन आरोप लगाकर प्रताड़ित करने का काम कर रही है। हेमंत सोरेन के द्वारा जनकल्याणकारी कार्यों को देख दिनों-दिन जनता के बीच लोकप्रियता से घबराकर भाजपा द्वारा गलत तरीके से आरोप लगाकर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित और अपमानित करने का काम किया जा रहा है। जिसे हम सभी झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता पुरजोर विरोध करते हैं। रांची जाने वालों में झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां, सूरज बेसरा, बिनोद हेंब्रम, शंकर साव, जयप्रकाश सिंह, बिनोद बेदिया, राजेंद्र बेदिया, नित्यानंद बेदिया, पूरन मांझी, जगदीश प्रजापति, संजय राम, बिनोद यादव, संजय करमाली, प्रसाद करमाली, बालेश्वर बेदिया सहित झामुमो कार्यकर्ता शामिल थे।

## नवादा पंचायत सचिवालय बंद रहने से ग्रामीणों का कार्य बाधित



**कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत भवन में ताला लगा रहने के कारण ग्रामीण दूर-दूर से आकर बिना काम किये वापस घर लौट जाते है। जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। खासकर स्कूली बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र समेत अन्य प्रमाण पत्र नहीं बनने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि यह पिछड़ा पंचायत है। यहां अधिकांश गंझू जाति के अशिक्षित लोग रहते हैं, जो प्रतिदिन मजदूरी करके अपना जीविकापार्जन करते है। इस पंचायत में सड़क, मोबाइल टावर, बिजली, पानी की काफी घोर कमी है। पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं मिलता। इसके साथ एक पंचायत भवन है जो अधिकतर बंद ही रहता है। विकास के सारे काम अधूरा ही है। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश लोग काम नहीं मिलने से बाहर दिल्ली, हरियाणा पलायन कर गये है।

## गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री प्रतिनिधि



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जजलो बाजार स्थित राष्ट्रीय जनता दल के नेता भोला प्रसाद यादव के नवनिर्माण गृह प्रवेश पूजन में मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव और बीस सूत्री चंद्रदेव यादव शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया और कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया। इस मौके पर पूर्व मुखिया डोमन यादव, मीरपुर राजद पंचायत अध्यक्ष उपेंद्र यादव, मुखिया पति चैतू यादव, विनोद यादव, सूबेदार यादव, मुसाफिर यादव, अशोक यादव सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

## अनमोल बचपन प्ले स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पटेलनगर स्थित एसएससी कैंपस में अनमोल बचपन प्ले स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के अयोध्या आगमन को लेकर शनिवार को रंगोली के माध्यम से श्रीराम अयोध्या धाम मंदिर का स्वरूप उकेरा गया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न रंगों से रंगोली को सजाकर इसे आकर्षक रूप में ढालने का कार्य किया। स्कूल की शिक्षिका जयश्री गोस्वामी, उर्मिला कुमारी, भूमि कुमारी, नमिता मिश्रा, मानसी कुमारी व निधि सिंह द्वारा रंगोली सजाया गया। वहीं बच्चों ने भगवा वस्त्र धारण कर भगवान राम-लक्ष्मण, माता सीता और भगवान हनुमान जी रूपकर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसकी जमकर सराहना की गयी। बच्चों द्वारा धारण किये गये विभिन्न देवी-देवताओं का वेशभूष आकर्षण का केंद्र बना रहा। मौके पर संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा भारत के इतिहास का एक स्वर्णिम युग है। उन्होंने कहा की ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। बच्चों ने नृत्य के माध्यम से मेरे घर राम आयेंगे, मैं राम नाम जप्त सदा तुम्हारा नाम, गानों पर सुंदर प्रस्तुति दी। साथ ही अंश कुमार ठाकुर ने भगवान श्री राम, रिया कुमारी ने माता सीता, अनमोल कुमार ने भगवान हनुमान और इवांश कुमार ने भगवान लक्ष्मण का रूप धर कार्यक्रम में बेहतरीन बना दिया। इस पल को यादगार बनाने के लिए बच्चों ने जय श्री राम-जय हनुमान के नारे लगाये। इस अवसर पर बच्चों के बीच में मिठाई का भी वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की शिक्षिका उर्मिला कुमारी, जयश्री गोस्वामी, नमिता मिश्रा, भूमि कुमारी, मानसी कुमारी, निधि सिंह, सुशीला एंथोनी, पूर्णिमा कुमारी का आदि महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शांति समिति की बैठक

# सुरक्षा में तैनात रहेंगे पुलिस पदाधिकारी : एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** पूरा देश भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साहित है। अयोध्या में रामलला की मूर्ति स्थापित होगी, लेकिन इसका जश्न पूरे देश में बनेगा। रामगढ़ शहर में भी यह जश्न काफी हर्षोल्लास के साथ बनेगा। शनिवार को रामगढ़ थाने में शांति समिति की बैठक इसी मुद्दे पर आयोजित की गयी। इस बैठक के दौरान सभी समुदाय के लोगों को बिठाकर यह बताया गया कि जश्न के दौरान कोई भी सांप्रदायिक हिंसा नहीं करेगा। इस दौरान लोग साउंड को भी कम ही रखेंगे और जुलूस के दौरान कोई भी किसी दूसरे संप्रदाय पर कोई टिप्पणी नहीं करेगा।

**सुरक्षा में तैनात रहेंगे पुलिस पदाधिकारी और दंडाधिकारी:** शांति समिति की बैठक में सीडीपीओ किशोर कुमार रजक ने बताया कि जुलूस के दौरान लगभग 5000 लोग सड़कों पर उतरेंगे। जिन लोगों को भी जुलूस में शामिल होना है। समिति के अध्यक्ष ने इस बात की जानकारी दी है। हर चौक चौराहे और जुलूस के दौरान पुलिस पदाधिकारी और दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। किसी भी धार्मिक स्थान पर कोई जुलूस नहीं रुकेगा।

**शांति समिति की बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में प्रशिक्षु डीएसपी फैजान अहमद, सब इंस्पेक्टर प्यारे हसन सैनिक समद, नवीन कुमार, एएसआई उदय यादव, समाजसेवी विमल बुधिया, मानिकचंद जैन, धनंजय कुमार पुटुस, जगतपाल प्रसाद, समीर शर्मा, एएन त्रिपाठी, नरेंद्र जैन, अजित गुप्ता, राजेश कुमार, जब्बार अंसारी, सीटू सिंह सलूजा, रामविलास प्रसाद, मो सलीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

# न्यायाधीश डॉ एसएन पाठक ने की मां भद्रकाली की पूजा

- चतरा में लाभूकों के बीच चेक का वितरण
- पीडीजे, डीसी और एसपी सिटी ने पौधा भेंट कर किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ एस एन पाठक का चतरा जिले के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर समीप जिला परिषद डाक बंगला परिसर में आगमन हुआ। उनके आगमन पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह, उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने चतरा आगमन को लेकर आभार व्यक्त करते हुए पौधा भेंट कर स्वागत किया। जिसके पश्चात गार्ड ऑफ ऑनर से उन्हें नवाजा गया। न्यायाधीश ने मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके पश्चात व्यवहार न्यायालय के सभागार में न्यायाधीश द्वारा जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच चेक का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश, व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायाधीश, उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक के साथ साथ जिले के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता नंदकिशोर प्रसाद, सुबोध मिश्रा, राजीव श्रीवास्तव समेत अन्य अधिवक्ता ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को बुके देकर स्वागत किया तथा स्थानीय बार भवन की समस्याओं को उनके समक्ष रखा। माननीय न्यायाधीश ने मौके पर उपस्थित उपायुक्त को अविलंब प्राक्कलन तैयार कर दो माह के अंदर बार भवन का निर्माण आवंटित भूमि पर ही पूरा कराने का निर्देश दिया।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर बैठक

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर माइक्रो प्लान तैयार कर अभियान को बनायें सफल: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, एसडीसी राजन कुमार ठाकुर, डीएमसी अजीत मिश्रा व नीरज सिंह के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गयी कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 से 25 फरवरी 2024 तक चलाया जायेगा। जिसके तहत रामगढ़ जिले में 1068687 लोगों को एल्बेंडाजोल और डीइसी की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कुल 2392 ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स और 131 सुपरवाइजर्स को चयनित किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि 10 फरवरी को 1184 बूथों पर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाई जायेंगी और 11 से 25 फरवरी 2024 तक घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने का कार्य किया जायेगा।

**प्रशिक्षण का आयोजन करने का निर्देश दिया**

बैठक में उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर माइक्रो प्लान तैयार करने, कार्य में लगे सभी स्वास्थ्य अधिकारियों, चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों आदि के लिए प्रशिक्षण का आयोजन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने फाइलेरिया रोग को लेकर आम जनों को जागरूक करने के उद्देश्य से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान किये जा रहे कार्यों के नियमित निगरानी करने का भी निर्देश दिया।

### हाउसिंग बोर्ड रामगढ़ में बनायी गयी सोसायटी

# चिह्नित भूमि का जायजा लेने पहुंचे अध्यक्ष

- हर वर्ग को सोसाइटी में मिलेगी जगह : अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** झारखंड की राजधानी से निकलकर हाउसिंग बोर्ड अब हर जिले में सोसायटी का निर्माण कर रही है। इसी के तहत रामगढ़ जिले में भी एक बड़ी सोसायटी बनने जा रही है। इसकी आधारशिला जल्द ही रखी जायेगी। शनिवार को झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान विभागीय पदाधिकारी के साथ रामगढ़ पहुंचे और उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित की गयी भूमि का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में ही हाउसिंग बोर्ड ने रामगढ़ में भूमि हस्तांतरित करने का प्रस्ताव भेजा था। जिला प्रशासन ने कैथा गांव में 27.75 एकड़ जमीन चिन्हित कर हाउसिंग बोर्ड को भेजी है। आज उसका भौतिक तौर पर निरीक्षण किया गया है। यह भूमि काफी उपयोगी है और इसके आसपास भी गयी सरकारी और रैयती भूमि मौजूद है। हाउसिंग बोर्ड का निर्णय है कि जल्द ही वह भूमि जिला प्रशासन के द्वारा हस्तांतरित की जाये, ताकि वहां एक बेहतर सोसायटी का निर्माण शुरू हो सके।

**24 जनवरी को सीओ के साथ बैठक में तय होगा नक्शा: सचिव:** झारखंड राज्य आवास बोर्ड के सचिव विनय मनीष लकड़ा ने कहा कि भूमि हस्तांतरण से पहले उसका पूरा नक्शा तैयार किया जायेगा। 24 जनवरी को ही रामगढ़ अंचल अधिकारी के साथ बैठक की जायेगी। कैथा गांव की यह जमीन काफी उपयोगी है और हाउसिंग बोर्ड इस पर अपना प्रोजेक्ट तैयार करने जा रहा है। जिला प्रशासन से अपील की गयी है कि वह जमीन जल्द से जल्द हस्तांतरित कर दी जाये।

**गरीबों को चिह्नित कर दिया जायेगा आवास**

झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि जिले में भूमिहीनों, गरीबों और हर आय वर्ग के लोगों को चिन्हित कर इस सोसायटी में जगह दी जायेगी। जो लोग अभी तक अपने मकान से वंचित रहे हैं उन्हें यहां एक आशियाना मिलेगा। हाउसिंग बोर्ड ने हर जगह मकान और दुकान के साथ जमीन देने का काम किया है। रामगढ़ जिले में भी यह सुनहरा अवसर जल्द ही लोगों को एक बड़ा फायदा देने वाला है।

**निरीक्षण के दौरान ये थे उपस्थित**

भूमि निरीक्षण के दौरान रामगढ़ सीओ सत्येंद्र कुमार पासवान, मुख्य अभियंता प्रवीण जयंत भेंगरा, सहायक अभियान ओम प्रकाश उरांव, कार्यपाक अभियंता हजारीबाग प्रमंडल रविंद्र कुमार, विधि पदाधिकारी मनोज कुमार चौबे, भू अर्जन पदाधिकारी गौरव कुमार, वरीय पदाधिकारी सन्नी कुमार, सहायक अभियंता अजित कुमार, प्रदेश प्रवक्ता रियाज अहमद, जिला महासचिव संजय साह, सेवादल रूपेंद्र महतो, रविन्द्र कुमार, शहजाद खान, छोटेलाल महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## जिप सदस्य ने सीसीएल प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड जिला परिषद सदस्य दयामंति देवी ने सीसीएल तोपा परियोजना अंतर्गत पड़ने वाले विभिन्न गांवो की समस्याओं को लेकर पीओ को ज्ञापन पत्र सौंपा है। सौंपे गये ज्ञापन पत्र में कहा है कि जिप क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले मंगरदाहा, बनवार, दूधमटिया, तोपा, ओरला, तोयरा और ड़टमा के अलावे कई हैं। विस्थापित गांव के रैयतों की मंगरदाहा और बनवार की जमीन पर सीसीएल परियोजना का कार्य चालू है। वही, ओबी डंप, कांटाघर, आवासीय क्वार्टर, कार्यालय, रेस्ट हाउस, पीट ऑफिस, मैगजीन घर, सब स्टेशन का निर्माण हो चुका है। वही, ओरला की जमीन पर तोपा- गिद्दी रोड निर्माण के लिए 1972-73 में सीसीएल द्वारा अधिग्रहण किया गया था। जिसका मुआवजा अब तक नहीं मिल पाया है और रोड अभी भी वर्तमान में है। इन गांवों के जमीन में अन्य कार्य जारी है। इसके बावजूद भी गांवों में सीसीएल द्वारा नियमानुसार सुविधा नहीं मिल पाया है। वही, मांगो में आगे कहा है कि रैयतों की सत्यापित हो चुके जीएम भूमि पर नौकरी का फार्म भराने सहित मुआवजा दिया जाये, बिजली और पानी की व्यवस्था करने, स्थानीय लोगों के गाड़ी का लोकल रोड सेल और रेलवे साइडिंग में ठेकेदार द्वारा प्राथमिकता के तहत कांटा और लोडिंग व्यवस्था करने, पूर्ण विस्थापित गांव के लिए सेल में कोटा व्यवस्था करने, तोपा से तोयरा और ओरला से पिंडरा तक जर्जर सड़क मार्ग को मरम्मती करने व स्ट्रीट लाइट लगाने, विस्थापितों को पुनर्वास, नौकरी और मुआवजा की व्यवस्था करने, बनवार में अधिग्रहण भूमि के बदले मुआवजा भुगतान, सभी पंचायत में स्वास्थ्य शिविर लगाने सहित तोपा शिव मंदिर के पास तालाब का जल्द सीसीएल द्वारा निर्माण करने की मांग की है। इधर, प्रबंधन से 15 दिनों के अंदर सभी मांगों पर विचार करने की बात कही है। नहीं विचार होने पर धरना प्रदर्शन दिया जायेगा। जिसकी जिम्मेवारी प्रबंधन की होगी।

## 22 को धनगड़ा में निकाली जायेगी शोभा यात्रा



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता के अगुवाई में 22 जनवरी को 11:00 बजे धनगड़ा चौक स्थित बजरंगबली मंदिर से शोभा यात्रा धनगड़ा घाटी द्वारपाल बाबा से वापसी में धनगड़ा शिव मंदिर में समापन किया जायेगा और भंडारा कार्यक्रम किया जायेगा। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता ने अधिक से अधिक संख्या में श्री राम के श्रद्धालु भाग लेने की अपील किया है। श्री राम भगवान की शोभा यात्रा की तैयारी कर ली गयी है बताया गया।

## नलकारी नदी तट भुरकुंडा में आज होगी भव्य श्रीराम गंगा महाआरती



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा के इतिहास में पहली बार भुरकुंडा-सौंदा डी नलकारी नदी तट पर स्थानीय युवा समाजसेवियों के तत्वावधान में 21 जनवरी रविवार को संध्या 6 बजे से वृहत गंगा महाआरती का आयोजन किया जायेगा। आयोजन में हजारों की भीड़ जुटने की संभावना जतायी जा रही है। आयोजक मंडली ने बताया की भुरकुंडा में पहली बार होने वाली श्री राम गंगा महाआरती को वृहत बनाने के लिए से दिन-रात आयोजक मंडली के सदस्यों ने मेहनत किया है। आयोजन ऐतिहासिक होगा। बताया गया की संध्या 6 बजे से नलकारी नदी के छठ घाट पर होने वाले महाआरती से पूर्व श्री रामलला की झांकी का नगर भ्रमण कराया जायेगा। नगर भ्रमण पटेलनगर से शुरू होकर बिरसा चौक, मुख्य मार्ग होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पर आकर्षक आधुनिक आतिशबाजी के साथ महाआरती की शुरूआत होगी। कार्यक्रम के दौरान आगंतुक अतिथियों एवं आयोजक मंडली के द्वारा दीप प्रज्वलित कर इस पवित्र आयोजन की आधारशिला रखी जायेगी। कार्यक्रम के दौरान कार सेवकों को सम्मानित किया जायेगा। महाआरती वाराणसी से आए सुप्रसिद्ध संतो द्वारा संपन्न किया जायेगा। महाआरती को लेकर वृहत तैयारी की गयी है। साथ ही लोगों की सुरक्षा का भी खास ध्यान रखा जायेगा। आयोजन मंडली और प्रशासन की ओर से एंबुलेंस, तैराक, अग्निशमन वाहनों की उपस्थिति भी सुनिश्चित करने पर ध्यान दिया गया है। नदी तट की बैरिकेटिंग भी की गयी है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजक समिति के दर्जनों वोलेंटियर कार्यक्रम में मुस्तैद रहेगें। आयोजक मंडली ने अपने स्तर से विधि व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा है। प्रशासनिक अधिकारियों से भी पत्र के माध्यम से विधि-व्यवस्था में सहयोग की अपील की गयी है। पूरा कार्यक्रम विहंगम और अभूतपूर्व होगा। भुरकुंडा क्षेत्र की तमाम जनता से आयोजक मंडली ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बनाने की अपील की है।

## मंदिरों में चलाया गया स्वच्छ तीर्थ कंपेन




**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद रामगढ़ के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार के दिशानिर्देश पर बरकाकाना, घुटुवा व हेहल के विभिन्न मंदिरों में स्वच्छ तीर्थ कंपेन चलाया गया। मौके पर उपस्थित वार्ड पर्यवेक्षक रौशन शर्मा ने बताया की स्वच्छ तीर्थ कंपेन के तहत चालिस मंदिरों की सफाई की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया मंदिर के आसपास जन जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नहीं करने का आग्रह किया गया। पर्यवेक्षक रौशन शर्मा ने बताया कि स्वच्छ तीर्थ कंपेन आगामी 22 जनवरी तक लगातार चलाया जायेगा। श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों ने नगर परिषद द्वारा इस कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया है। मौके पर जमादार मुमताज अंसारी, अशोक कुमार महतो, गुलाम मुर्तजा सहित दर्जनों सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## माता वैष्णो देवी मंदिर में 22 को दीपोत्सव




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** 22 जनवरी को अयोध्या में 500 वर्षों बाद नवनिर्मित विशाल मंदिर में प्रभु श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में प्रसारित किया जायेगा। उक्त जानकारी पंजाबी हिन्दू बिरादरी और माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सूरत चन्द्र वासुदेव और महासचिव महेश मारवाह ने संयुक्त रूप से दी। श्री मारवाह ने बताया कि अयोध्या में होने वाले श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण मंदिर परिसर में किया जायेगा। इसके अलावे गोला रोड स्थित मनोहर रेसीडेंसी के पास श्री राम ध्वजा पदयात्रा का स्वागत किया जायेगा। वहीं मंदिर परिसर में सुबह 11 बजे से भजन-कीर्तन और अपराह्न 2 बजे से भंडारा तथा रात में दीपोत्सव का कार्यक्रम होगा। सभी कार्यक्रमों की तैयारी पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा जोर-शोर से की जा रही है।

# तनाव घटाने की कोशिश

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से देश में कोचिंग सेंटरों के लिए जो नयी गाइडलाइन जारी की गयी है, उसे सही दिशा में उठाया गया कदम कहा जा सकता है। इसका मकसद कोचिंग सेंटरों के रेगुलेशन का स्टैंडर्ड सेट करना बताया गया है। भारत में स्टूडेंट्स जिस तरह के तनाव से गुजरते हैं, उसका अंदाजा उनकी खुदकुशी के आंकड़ों से हो जाता है। हालिया आंकड़ों के मुताबिक 2019 से 2021 के बीच ही 35,000 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने खुदकुशी की। अफसोस की बात यह है कि खुदकुशी करने वालों की संख्या साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। 2019 में स्टूडेंट्स की खुदकुशी की जो संख्या 10,335 थी, वह 2020 में 12,526 हो गयी और 2021 में बढ़ कर 13,089 तक जा पहुंची। इस तनाव का एक बड़ा केंद्र जाने अनजाने देश भर में फलते-फूलते कोचिंग सेंटर भी हो गये हैं। कोटा जैसे कोचिंग हब से स्टूडेंट्स की खुदकुशी की खबरें जब-तब आती रहती हैं और राज्य सरकार के साथ दूसरी पहल के बावजूद वहां इस पर रोक लगाने में कामयाबी नहीं मिल पायी है। मुखर्जी नगर में भी कोचिंग करने पहुंचे स्टूडेंट्स कितने स्ट्रेस में रहते हैं, यह कोई छिपी हुई बात नहीं है। न केवल स्टूडेंट्स बल्कि पैरंट्स भी इस बात को लेकर बेकरार रहते हैं कि उनका बच्चा किसी तरह से कॉम्पिटिशन निकाल ले। इस क्रम में वे अक्सर बच्चों को कम उम्र में भी कोचिंग में भर्ती करा देते हैं, ताकि वे दूसरे बच्चों से आगे रहें। इसके लिए कोचिंग संस्थानों की ऊंची फीस भरने को भी तैयार रहते हैं। इन सबका प्रेशर आखिरकार बच्चों पर ही पड़ता है। उन्हें लगता है कि अगर किसी वजह से वे नाकाम हुए तो न केवल पैरंट्स की उम्मीदें टूटेंगी, बल्कि उनकी मेहनत की कमाई भी बेकार जायेगी। लिहाजा वे खुद को कॉम्पिटिशन की तैयारी में झोंक देते हैं, लेकिन कामयाबी की उम्मीद नजर न आने पर उनके टूट जाने का खतरा बना रहता है। इस लिहाज से यह महत्वपूर्ण है कि शिक्षा मंत्रालय की गाइडलाइन में उन पहलुओं पर खास ध्यान दिया गया है, जिनसे कोचिंग सेंटरों के तनाव का स्रोत में तब्दील होने के आसार बढ़ते हैं। उदाहरण के लिए 16 साल से कम उम्र के बच्चों के दाखिले, कोचिंग सेंटरों के भ्रामक दावों, ग्रैजुएट से कम क्वॉलिफिकेशन वाले टीचर्स की भर्ती और फीस में मनमानी बढ़ोतरी पर रोक लगा दी गयी है। गाइडलाइन के उल्लंघन को दंडनीय अपराध माना गया है। जाहिर है, इस गाइडलाइन से समस्या पूरी तरह दूर होने की उम्मीद नहीं की जा सकती। यह गंभीर और जटिल समस्या है, जिसके कई सारे आर्थिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पहलू हैं। फिर भी यह कदम समस्या को हल करने और स्टूडेंट्स के लिए माहौल को बेहतर बनाने में मददगार जरूर साबित हो सकता है, बशर्ते इस पर सही ढंग से अमल सुनिश्चित किया जाये।

**गाइडलाइन के उल्लंघन को दंडनीय अपराध माना गया है। जाहिर है, इस गाइडलाइन से समस्या पूरी तरह दूर होने की उम्मीद नहीं की जा सकती। यह गंभीर और जटिल समस्या है, जिसके कई सारे आर्थिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पहलू हैं।**


**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**अयोध्या में श्रीराम की जन्मभूमि पर मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए किया गया 'रामजन्मभूमि आंदोलन' 1947 के बाद के भारत के इतिहास में एक निर्णायक और परिणामकारी घटना सिद्ध हुई। हमारे समाज, राजनीति तथा राष्ट्रीय पहचान की भावना पर इसका गहरा प्रभाव रहा है। मैंने सदैव कहा है कि मेरी राजनीतिक यात्रा में अयोध्या आंदोलन सबसे निर्णायक परिवर्तनकारी घटना थी, जिसने मुझे भारत को पुनः जानने और इस प्रक्रिया में अपने आप को भी फिर से समझने का अवसर दिया।**

# भारत के इतिहास का निर्णायक और परिणामकारी घटना है रामजन्मभूमि आंदोलन



**लालकृष्ण आडवाणी**



मैं शब्दातीत प्रफुल्लित हूं कि हम श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में एक भव्य श्रीराम मंदिर बनाने के मेरे सबसे प्रिय सपने को साकार होता देखने वाले हैं। 22 जनवरी, 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या के दिव्य मंदिर में श्रीराम के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा करेंगे। मैं धन्य हूं कि मैं अपने जीवनकाल में इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनूंगा। मेरा सदैव मानना रहा है कि एक सार्थक जीवन और समाज, दोनों की ही नींव आस्था पर टिकी होती है। आस्था व्यक्ति के जीवन में न केवल ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करती है, बल्कि उसे दिशा देने में भी सहायक होती है। मेरे लिए और करोड़ों भारतीयों के लिए, यही आस्था श्रीराम के प्रति हमारी अगाध श्रद्धा रही है।

श्रीराम भारत की आत्मा के प्रतीक हैं। भारत और भारतीयता की सच्ची आत्मा अनुशासन, सच्चाई, सत्यनिष्ठा, नैतिकता, नैतिक मूल्य, विविधता को स्वीकार करना और उस पर गर्व करना, बड़ों के प्रति सम्मान, सुदृढ़ पारिवारिक संबंध और ऐसे सभी उत्कृष्ट मानवीय मूल्य हैं; श्रीराम इन सभी निष्कलंक मानवीय गुणों के प्रतीक हैं। इसीलिए उन्हें 'मर्यादा पुरुषोत्तम' कहा जाता है। वे भारतीयों की उच्च मूल्यों का जीवन जीने की आकांक्षा के एक आदर्श हैं।

**22 जनवरी, 2024 के विशेष अवसर से पहले पूरे देश का वातावरण सचमुच राममय हो गया है।**

श्रीराम एक आदर्श राजा भी थे, 'धर्म' के जीवंत अवतार। इसलिए सुशासन के प्रतीक 'रामराज्य' की अवधारणा को भारत के लिए आदर्श के रूप में प्रचारित किया गया। यद्यपि श्रीराम हिंदुओं के लिए पूजनीय पवित्र धार्मिक विभूति हैं, साथ ही वे भारत की उस सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय पहचान के भी एक प्रमुख प्रतीक हैं, जो समान रूप से प्रत्येक नागरिक की धरोहर है। श्रीराम के जीवन की कहानी, 'रामायण', भारत की सांस्कृतिक परंपराओं की निरंतरता का स्रोत और वाहक दोनों है और इसने शताब्दियों से पीढ़ी-दर-पीढ़ी, भारतीय मानस को बहुत प्रभावित किया है। इसलिए पिछले लगभग 500 वर्षों से, कोटि-कोटि भारतीयों की हार्दिक इच्छा रही है कि अयोध्या में श्री राम मंदिर का पुनर्निर्माण हो।

अयोध्या में श्रीराम की जन्मभूमि पर मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए किया गया 'रामजन्मभूमि आंदोलन' 1947 के बाद के भारत के इतिहास में एक निर्णायक और परिणामकारी घटना सिद्ध हुई। हमारे समाज, राजनीति तथा राष्ट्रीय पहचान की भावना पर इसका गहरा प्रभाव रहा है। मैंने सदैव कहा है कि मेरी राजनीतिक यात्रा में अयोध्या आंदोलन सबसे निर्णायक परिवर्तनकारी घटना थी, जिसने मुझे भारत को पुनः जानने और इस प्रक्रिया में अपने आप को भी फिर से समझने का अवसर दिया। मैं विनम्रता से कहता हूं कि नियति ने मुझे 1990 में सोमनाथ से अयोध्या तक श्रीराम रथयात्रा के रूप में एक महत्त्वपूर्ण कर्तव्य निभाने का अवसर दिया।

मेरा मानना है कि कोई भी घटना अंततः वास्तविकता में घटित होने से पहले व्यक्ति के मन-मस्तिष्क में आकार लेती है। उस समय मुझे लग रहा था कि नियति ने यह निश्चित कर लिया है कि एक दिन अयोध्या में श्रीराम का एक भव्य मंदिर अवश्य बनेगा, बस अब केवल समय की बात है। रामजन्मभूमि पर श्रीराम का एक भव्य मंदिर बनना भारतीय जनता पार्टी की प्रबल इच्छा और दृढ़ संकल्प रहा है। 1980 के दशक के मध्य में जब अयोध्या मुद्दा राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में आ गया, तो मुझे वह समय याद आया कि कैसे महात्मा गांधी, सरदार पटेल, राजेंद्र प्रसाद और केएम मुंशी जैसे राजनीतिक दिग्गजों के प्रभावी नेतृत्व द्वारा, सभी बाधाओं के बाद भी, स्वतंत्र भारत में एक और ऐतिहासिक मंदिर (गुजरात में सौराष्ट्र के तट पर प्रभासपाटन में सोमनाथ मंदिर) के पुनर्निर्माण का पथ प्रशस्त किया था।

मध्य काल में सोमनाथ अनेक विदेशी आक्रांताओं के निशाने पर रहा और उनके आक्रमणों का साक्षी भी रहा, तथा सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण अपने खोये सांस्कृतिक गौरव को वापस पाने और धर्मांध विदेशी आक्रांताओं के इतिहास को मिटाने के भारत के दृढ़ संकल्प का एक गौरवपूर्ण प्रमाण है। दुखद है कि सोमनाथ के समान ही अयोध्या में श्रीराम के जन्मस्थान पर बना मंदिर भी मुगल साम्राज्य की स्थापना करने वाले आक्रमणकारी बाबर के हमले का निशाना बन गया था। 1528 में बाबर ने अपने कमांडर मीर बाकी को अयोध्या में एक मस्जिद बनाने का आदेश दिया, ताकि उस स्थान को 'फरिश्तों के अवतरण' का स्थान बनाया जा सके, इसलिए इसका नाम बाबरी मस्जिद पड़ा।

यह सभी मानते हैं और बाद में पुरातात्त्विक साक्ष्यों से इसकी पुष्टि भी हो गयी कि अयोध्या में पहले से ही एक मंदिर था, जिसे मस्जिद की स्थापना के लिए ध्वस्त कर दिया गया था। इस कारण कई अर्थों में अयोध्या आंदोलन ने सोमनाथ की भावना को ही आगे बढ़ाया। 1990 में जब भाजपा ने निर्णय लिया कि पार्टी अध्यक्ष के रूप में मुझे अयोध्या आंदोलन के लिए जनसमर्थन जुटाने के उद्देश्य से श्रीराम रथयात्रा का नेतृत्व करना चाहिए, तो मैंने स्वाभाविक ही इस ऐतिहासिक यात्रा के आरंभिक स्थल के रूप में सोमनाथ को चुना।

12 सितंबर, 1990 को मैंने 11 अशोक रोड, नयी दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस बुलायी और 10 हजार किलोमीटर लंबी रथयात्रा करने के अपने निर्णय की घोषणा की। यात्रा 25 सितंबर को सोमनाथ से आरंभ होकर 30 अक्तूबर को अयोध्या पहुंचने वाली थी, जहां आंदोलन से जुड़े संतों की योजना के अनुसार कारसेवा की जानी थी। 25 सितंबर मेरे लिए विशेष था, क्योंकि इस दिन पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी की जयंती है। अपनी आत्मकथा 'मेरा देश मेरा जीवन' में मैंने 1990 में अयोध्या आंदोलन और श्रीराम रथयात्रा के विषय में विस्तार से चर्चा की है। आज के इस विशेष अवसर पर में इसके कुछ महत्त्वपूर्ण अंशों को याद दिलाना चाहूंगा।

25 सितंबर, 1990 की सुबह मैंने सोमनाथ मंदिर में ज्योतिर्लिंग की पूजा-अर्चना की। मेरे साथ वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (जो उस समय भाजपा के एक होनहार नेता थे), प्रमोद महाजन (जो पार्टी के महासचिव थे), गुजरात में पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और मेरे परिवार के सदस्य थे। पार्टी के दो उपाध्यक्ष राजमाता विजयाराजे सिंधिया और सिकंदर बख्त रथ को हरी झंडी दिखाने आये थे।

मेरी यात्रा 24 अक्तूबर, 1990 को उत्तर प्रदेश के देवरिया में प्रवेश करने वाली थी। हालांकि, जैसा कि मैंने अनुमान लगाया था, इसे 23 अक्तूबर को बिहार के समस्तीपुर में रोक दिया गया और लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व वाली जनता दल सरकार द्वारा मुझे गिरफ्तार कर लिया गया। मुझे बिहार-बंगाल सीमा पर दुमका के पास मसानजोर नामक स्थान पर सिंचाई विभाग के एक निरीक्षण बंगले में ले जाया गया। इस कार्रवाई पर पूरे देश में आक्रोश और बड़ी संख्या में स्वतः स्फूर्त विरोध प्रदर्शन किये गये।

यह वह समय था, जब मोबाइल फोन नहीं थे। मेरी गिरफ्तारी की खबर मेरी बेटी प्रतिभा तक बड़े दिलचस्प ढंग से पहुंची, जो उस समय कोलकाता में थी। वह अपने घर वापस जाने के लिए टैक्सी की प्रतीक्षा में थी, तभी एक टैक्सी ड्राइवर ने उनसे कहा कि वह झटपट सवार हो जायें। जब प्रतिभा ने उनसे पूछा कि वह ऐसा क्यों कह रहे हैं, तो टैक्सी ड्राइवर ने उन्हें बताया कि आडवाणी 'बाबा' को गिरफ्तार कर लिया गया है और लोगों को डर था कि शहर में दंगे हो सकते हैं। दो दिन बाद, प्रतिभा ने लालू प्रसाद यादवजी से बात की, जिन्होंने मेरी हिरासत के दौरान उन्हें मसानजोर में मुझसे मिलने आने में सहायता की। पांच सप्ताह हिरासत में बिताने के बाद मुझे रिहा कर दिया गया। इस प्रकार मेरी 'श्रीराम रथयात्रा' समाप्त हुई, जो वास्तव में मेरे राजनीतिक जीवन का एक अद्भुत, अविस्मरणीय, उत्साहवर्धक प्रसंग था। मुझे प्रसन्नता हुई कि यात्रा ने अपने अनगिनत प्रतिभागियों की आकांक्षाओं, ऊर्जा और उत्साह को अपूर्व विस्तार दिया।

श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान शुरू हुई एक महत्त्वपूर्ण बहस वास्तविक धर्मनिरपेक्षता और छद्म धर्मनिरपेक्षता के बीच का अंतर थी। एक ओर आंदोलन को व्यापक जन समर्थन प्राप्त था, वहीं दूसरी ओर अधिकांश राजनीतिक दल इस आंदोलन का समर्थन करने से इसलिए कतरा रहे थे, क्योंकि उन्हें मुस्लिम वोट खोने का डर था। वे वोट बैंक की राजनीति की लालच में आ गये और उसे धर्मनिरपेक्षता के नाम पर उचित ठहराने लगे। इस प्रकार अयोध्या मुद्दा, जिसका प्राथमिक उद्देश्य श्री रामजन्मभूमि मंदिर का पुनर्निर्माण था, छद्म धर्मनिरपेक्षता के हमले के कारण धर्मनिरपेक्षता के वास्तविक अर्थ को पुनःस्थापित करने का प्रतीक भी बन गया।

मुझे बहुत प्रसन्नता है कि नवंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट के निर्णायक फैसले के कारण श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण का पथ शांति के वातावरण में प्रशस्त हुआ है। अब जब भव्य श्रीराम मंदिर अपने निर्माण के अंतिम चरण में है, तो मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार, सभी संगठनों, विशेष रूप से विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी, अनगिनत रथ यात्रा के सहयोगियों, संतों, नेताओं, कारसेवकों और भारत तथा दुनिया के सभी लोगों के प्रति गहरी कृतज्ञता की भावना से भर गया हूं, जिन्होंने कई दशकों तक अयोध्या आंदोलन में बहुमूल्य योगदान और बलिदान दिया।

आज मुझे दो व्यक्तियों की बहुत याद आ रही है। पहले व्यक्ति हैं स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, जो मेरे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं, राजनीतिक और व्यक्तिगत, दोनों ही तौर से और जिनके साथ मेरा एक अटूट और सदाकालीन विश्वास, स्नेह और आदर का संबंध था।

दूसरी व्यक्ति हैं मेरी दिवंगत पत्नी कमला, जो मेरे जीवन के लिए स्थिरता का मुख्य आधार रहीं और न केवल श्रीराम रथ यात्रा के दौरान, बल्कि मेरे लंबे समय के सामाजिक और राजनीतिक जीवन में अद्वितीय शक्ति का स्रोत बनी रहीं।

आगामी 22 जनवरी, 2024 के विशेष अवसर से पहले पूरे देश का वातावरण सचमुच राममय हो गया है। यह मेरे लिए संतुष्टि का क्षण है, न केवल संघ और भाजपा के एक गौरवान्वित सदस्य के रूप में, बल्कि हमारी गौरवशाली मातृभूमि के एक गर्वित नागरिक के रूप में भी। सभी देशवासियों को मेरी अनंत शुभकामनाएं!

जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में श्रीरामलला के विग्रह की 'प्राण प्रतिष्ठा' करेंगे, तो वह हमारे महान भारतवर्ष के प्रत्येक नागरिक का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह मेरा अटल विश्वास है और मेरी आशा भी कि यह मंदिर सभी भारतीयों को श्रीराम के गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। मैं यह भी प्रार्थना करता हूं कि हमारा महान देश न केवल वैश्विक शक्ति बनने के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता रहे, बल्कि जीवन के सभी क्षेत्रों में अपने आप को गरिमा और मर्यादा के एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करें। मैं श्रीराम के चरणकमलों में शीश झुकाता हूं। वह अपना आशीर्वाद सभी पर बनाये रखें।

**जय श्रीराम!**

## जमशेदपुर की खबरें

### लोक समर्पण ने मिट्टी के दीपक, बत्ती, तेल व राम ध्वज का किया वितरण

# 22 को मिल कर मनायें दीपोत्सव : ललित दास

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को नवनिर्मित भव्य श्रीराम मंदिर में प्रभु रामलला विराजमान होंगे। वर्षों के संघर्ष के बाद श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। इस दिन पूरे भारत में दीपोत्सव मनाने की खास तैयारी की जा रही है। शनिवार को शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था लोक समर्पण के तत्वावधान में संस्था के अध्यक्ष ललित दास व सदस्यों ने बिरसानगर जोन नंबर 2 बी में स्थानीय लोगो के बीच मिट्टी के दीपक, तेल, बत्ती के साथ राम ध्वज भेंट कर लोगों से दीपोत्सव मनाने का आग्रह किया।

अध्यक्ष ललित दास ने मौके पर मौजुत सभी लोगों को 22 जनवरी के दिन अपने घरों में दीपक जलाकर एवं रामध्वज लगाकर दीपोत्सव मनाने की अपील की। अध्यक्ष ने कहा 500 वर्षों के अथक संघर्ष व पूर्वजों के बलिदान के बाद अब राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ मंदिर का उद्घाटन करेंगे। यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया राम मंदिर उद्घाटन के दिन प्रत्येक घरों में दीप जलाकर उत्साह के साथ दीपावली का त्यौहार मनाना है। इसके साथ ही उद्घाटन समारोह भी सामूहिक रूप से मंदिर अथवा सार्वजनिक स्थानों पर एक साथ एकत्रित होकर देखनी है।

ललित दास ने कहा वैसे पूरे देश मे प्रभु श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में काफी उत्साह का वातावरण है। इस अवसर पर स्थानीय निवासी श्रीराम प्रसाद, बबलू गोप, विकास दास, श्यामल राहा, जितेंद्र तिवारी, दीपक सिंह सहित संस्था के सचिव नीरज कुमार, कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, ज्ञान सिंह चौहान, रूपेश साहू, प्रदीप दुबे, रितेश दत्ता, दीपक सिंह, अंकित अग्रवाल, अमृत सिंह, धीरज कुमार एवं अन्य मौजूद रहे।

### भाजपा के खिलाफ झामुमो सड़क पर उतरा, इडी की कार्रवाई से आक्रोशित

# करनडीह चौक में मशाल जुलूस निकाल कर जताया विरोध

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** इडी द्वारा लगातार राज्य के मुख्यमंत्री को समन दिए जाने से नाराज झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता ने सड़क पर उतरकर अपना विरोध दर्ज कराया। शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जमशेदपुर प्रखंड कमेटी के द्वारा करनडीह चौक में मसाल जुलूस निकाल कर अपना विरोध जताया। ईडी की कार्रवाई से आक्रोशित झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा पूरे राज्य भर में सड़क पर उतरकर अपना विरोध जाहिर किया जा रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा जमशेदपुर प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष बहादुर किस्कू के नेतृत्व में करंडीह चौक पर मसाल जुलूस में सैकड़ो झामुमो नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे। मौके पर उन्होंने जुलूस के माध्यम से पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर राज्य के मुख्यमंत्री को बेवजह परेशान करने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी को आड़े हाथ लिया। बहादुर किस्कू ने राज्य के ऊर्जावान मुख्यमंत्री को बीजेपी के इशारे पर ईडी द्वारा परेशान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा अगर मुख्यमंत्री पर आच आई तो जमशेदपुर प्रखंड कमेटी के अंतर्गत पड़ने वाले 55 पंचायत के लोग मुख्यमंत्री के समर्थन में आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# पत्नी का सिर फोड़ा, केस दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के न्यू बाराद्वारी किशोरी नगर के रहने वाले पिंकी साहू की उसके पति अनिल कुमार साहू ने जमकर पिटाई की। अनिल ने पिंकी पर चाकू से भी हमला करने का प्रयास किया पर किसी तरह उसने अपनी जान बचायी। घटना के बाद पिंकी को स्थानीय लोगों ने सीतारामडेरा थाना ले गये से पुलिस ने उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया।

पिंकी ने बताया कि वह दूसरों के घरों में काम कर गुजारा करती है। उसे शादी को 14 साल हो गये। उसके दो बच्चे भी हैं। पति अक्सर नशा करते हैं। वह जिस घर में काम करती है उनके साथ घूमने के लिए चली गयी थी, पर इसकी जानकारी पति को नहीं दी थी। 6 दिनों बाद जब वह आज घर पहुंची तो अनिल ने बिना कुछ सुने उसकी पिटाई शुरू कर दी। उसका सिर दीवार पर पटक दिया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आयी। चाकू निकालकर मारने का भी प्रयास किया पर घर पर काम कर रहे पलंबर ने उसकी जान बचायी। पिंकी ने सीतारामडेरा थाना में लिखित शिकायत भी की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# योजना के क्रियान्वयन में सरायकेला अव्वल : डीसी

**एमएसएमइ की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर कार्यशाला में शामिल हुए उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर एमएसएमई के द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यशाला में मुख्य अथिति डीसी रवि शंकर शुक्ला शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डीसी ने लाभार्थियों की हौसलाफजाई की। पीएम विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन में सरायकेला- खरसावां जिला पूरे राज्य में अव्वल है। उपायुक्त ने इसको लेकर जिले के लाभार्थियों एवं एमएसएमई विभाग के अधिकारियों की सराहना की। साथ ही इसे और बेहतर तरीके से संचालित करने और ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को इस योजना से जोड़ने की अपील की। डीसी रवि शंकर शुक्ला ने बताया इसके तहत लाभार्थियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। साथ ही उनके उत्पादों की ब्रांडिंग भी हो रही है। हम सभी को उनके लिए बाजार मुहैया कराने की चुनौती है। जिसके लिए सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। मौके पर डीसी ने लाभार्थियों को सम्मानित किया।

# मर्यादा पुरुषोत्तम राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** अयोध्या में 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम राम के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मझिआंव में हिंदू एकता मंच के बैनर तले राधा कृष्ण मंदिर के महंत श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास के नेतृत्व में भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा से पूर्व प्रखंड के विभिन्न गांव के विभिन्न अखाड़ा समितियां के द्वारा भगवा परिधान,भगवा ध्वज और गाजेबाजे के साथ राधा कृष्ण प्राचीन मंदिर के परिसर में एकत्रित हुए।

वहीं मंच संचालन कर रहे पुष्प रंजन ने सभी हिंदू सनातनियों को संबोधित करते हुए कहा कि, 22 जनवरी को हम सभी हिंदू सनातनियों के लिए गर्व का दिन है हम सभी 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में दीप प्रज्वलित करें

हिंदुत्व, हिंदू धर्म जीवन जीने की एक कला है। वहीं 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम राम का प्राण प्रतिष्ठा रामराज के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी का मंच पर मंगला आरती की गयी। तत्पश्चात सामूहिक के हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने राधा कृष्ण मंदिर परिसर में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद राधा कृष्ण मंदिर परिसर से गायत्री शक्तिपीठ मंदिर परिसर में जय श्रीराम, भारत माता की जय, बजरंगबली की जय, तथा भक्ति संगीत गुनगुनाते नृत्य करते हुए ब्लॉक रोड लहरपुरवा, मुख्य बाजार होते हुए पुनः राधा कृष्ण मंदिर में भव्य जुलूस का समापन किया गया। जहां महाप्रसाद का आयोजन किया गया था। सभी रामभक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर अपने-अपने घर को प्रस्थान किया। वहीं शोभायात्रा के दौरान स्थानीय थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित के द्वारा किस जगह पर पुलिस बल का तैनाती किया गया था। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार भी कर्मियों के साथ मुख्य बाजार स्थित शोभायात्रा में शामिल थे। शोभा यात्रा के दौरान अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार भगत उपस्थित थे। वहीं स्थानीय शासन प्रशासन के द्वारा शांतिपूर्ण वातावरण में भव्य शोभायात्रा समापन कराया गया। मौके पर विवेक सोनी, पवन कुमार, निवर्तमान सुमित्रा देवी, नगर पंचायत के भावी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मारूतमंदन सोनी, सोभा, सत्या दुबे, तथा हजारों सनातनी शोभायात्रा में शामिल थे।






# झारखंड टीम में गढ़वा के छह खिलाड़ी शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मध्य प्रदेश के इंदौर में आगामी 21 जनवरी को आयोजित होने वाले 67वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता और 85वीं कैडेट और सब जुनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड की टीम इंदौर रवाना हो गयी है। झारखंड राज्य टीम में गढ़वा जिले के छह खिलाड़ियों का चयन हुआ है। 85वीं कैडेट और सबजुनियर प्रतियोगिता इंदौर के अभय प्रशाल स्टेडियम में 21 जनवरी से 24 जनवरी तक आयोजित होगी। एसजीएफआई अंडर 14 के लिए एनटीसीए आवासीय विद्यालय गढ़वा के हर्षित कुमार पांडेय, अभिजीत यादव और सचिन कुमार का, एसजीएफआई अंडर 19 बालिका वर्ग में गोविंद उच्च विद्यालय के आयुषी कुमारी पांडेय, बालक वर्ग में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के अमल कुमार ठाकुर का चयन हुआ है जबकि 85वीं कैडेट और सब जूनियर अंडर 13 बालक वर्ग में एनटीसीए आवासीय विद्यालय दीपुवां के हर्षित कुमार पांडेय और सचिन कुमार, अंडर 15 बालिका वर्ग में शांति निवास हाई स्कूल की अंजली कुमारी शामिल है, वहीं टीम का कोच कमलेश कुमार दुबे को बनाया गया है। नेशनल प्रतियोगिता में चयन पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक और अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालों में संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, प्रिंस सोनी, कमलेश दुबे, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, नंदकुमार गुप्ता, सुशील कुमार केसरी, सियाराम शरण वर्मा, विनोद कमलापुरी, अशोक विश्वकर्मा मुजीबुद्दीन खान संजय सोनी, सुधीर पाठक, सिस्टर रोशना, शांति निवास की प्राचार्य सिस्टर रौशना, एनटीसीए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभय गोविंद उच्च विद्यालय के प्राचार्य विश्व विजय सिंह और सभी शिक्षक, शिक्षिकायें शामिल हैं।

# पलामू संसदीय क्षेत्र के कई स्थानों पर बनेंगे लो हाइट सबवे : सांसद



गढ़वा (आजाद सिपाही)। सांसद वीडी राम ने कहा है कि पलामू संसदीय क्षेत्र के कई स्थानों पर लो हाईट सबवे का निर्माण करवाया जायेगा। इसके लिए रेलवे मंत्रालय से आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया कि पलामू जिला के लालगढ़-विश्रामपुर प्रखण्ड, पंजरीकला-विश्रामपुर प्रखंड, डाली-हैदरनगर प्रखंड, बुढ़वापीपर सुआ-डालटनगंज सदर प्रखंड, कजरात नावाडीह-हुसैनाबाद प्रखंड, बखारी-डालटनगंज सदर, लहर बंजारी-उंटारी रोड प्रखंड, सोनपुरवा-गढ़वा प्रखंड, अहिरपुरवा-नगर उंटारी और कुंभी-मेराल ब्लॉक में लो हाईट सबवे एलएचएस/आरयूबी निर्माण कार्य की रेलवे बोर्ड से जल्द मिलेगी स्वीकृति। वित्तीय वर्ष 2023-2024 में कार्य को स्वीकृत करने हेतु रेलवे बोर्ड नई दिल्ली को प्रस्तावित किया गया है। विदित है कि उपरोक्त स्थानों पर जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों को देखते हुए माननीय सांसद के द्वारा वर्ष 2014 से ही विभिन्न स्तरों पर पत्राचार, संसदीय मंडल स्तर की बैठकों, लोकसभा में शून्य काल और नियम 377 के तहत उक्त मामले को उठाया गया था। रेलमंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर जनता को आवागमन में हो रहीं कठिनाईयों से अवगत कराया था। निर्माण होने से जनता को आवागमन में हो रहीं कठिनाईयों से निजात मिल सकेगी।

# परेड और राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास शुरू



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर मुख्य समारोह में होने वाले परेड और राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास गोबिंद हाई स्कूल के मैदान में शुरू कर दी गयी है। परेड में 8 टुकड़ी भाग ले रही है। सीआरपीएफ प्लाटून कमांडर गरीब दास, गढ़वा जिला बल कमान, सदानंद झा, गृह रक्षा वाहिनी कमान महेंद्र नाथ महतो, एनसीसी, नामधारी कॉलेज कमान सूरज कुमार तिवारी, एनसीसी सूरत पांडे कॉलेज कमान मयंक कुमार, एसआईएस बेलचंपा कमान राकेश कुमार, आरके पब्लिक स्कूल कमान अंकित कुमार, जीएनकॉन्वेंट स्कूल कमान रितिक सिंह। परेड का निरीक्षण डीएसपी अवध कुमार द्वारा किया गया। पूर्वाभ्यास 23 जनवरी तक करायी जायेगी। 24 जनवरी को फूल ड्रेस फाइनल निरीक्षण उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा किया जायेगा।

# शहीद नीलांबर-पीतांबर कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट में आगाज आज से

केतार (आजाद सिपाही)। केतार प्रखंड के परसोडीह गांव स्थित हाई स्कूल के मैदान में आज दिन रविवार से शहीद नीलांबर-पीतांबर कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का आगाज शुरू हो जायेगा। इस टूर्नामेंट को लेकर आयोजन कमिटी के द्वारा सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इसकी जानकारी देते हुए इस टूर्नामेंट का अध्यक्ष संजय वर्मा और सचिव देव कुमार ठाकुर ने बताया कि ग्राउंड की साफ-सफाई, पीच, दर्शक दीर्घा, पवेलियन, पेयजल, सहित अन्य तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इस महामुकाबला टुर्नामेंट का उद्घाटन 21 जनवरी दिन रविवार को सुबह 10 बजे परसोडीह पंचायत के पुर्व मुखिया अनील पासवान करेंगे। इस टूर्नामेंट में 16 टीम हिस्सा ले रही है। फाइनल विजेता टीम को 25 हजार और ट्राफी और उप विजेता टीम को 20 हजार और ट्राफी दी जायेगी।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल में परिवहन विभाग के द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया गया। इस अवसर पर जिला सड़क सुरक्षा, परिवहन विभाग से संजय बैठा, नीरज कुमार पांडेय और विनय रंजन तिवारी ने उपरोक्त विषय पर उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राओं को पुस्तिका और पंपलेट देकर जागरूक किया। मुख्य वक्ता के रूप में नीरज कुमार पांडेय ने सड़क सुरक्षा के नियम तथा सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। नशा और शराब पीकर वाहन न चलाने, उचित दूरी बनाकर चलाने, वाहन की गति को नियंत्रित रखने और तेज गति से वाहन को न चलाने और सड़कों पर लगे यातायात संबंधी निदेशों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लोगों को वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने, 18वर्ष से कम आयु के बच्चों को गाड़ी नहीं देना व चलाने पर प्रतिबंध की बात पर विशेष रूप से ध्यान देने की बात कही। विशेष रूप से आग्रह करते हुए कहा कि जीवन अनमोल है इसे बचाने के लिए सावधानी व बचाव जरुरी है। उन्होंने दुघर्टना में घायल हुए लोगों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और 108 नंबर पर फोन कर एंबुलेंस सेवा के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में अनुप कुमार पांडेय जो इस कार्यक्रम का संचालन कर रहे थे, उनके द्वारा सभी लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर नंदलाल गुप्ता, गीता पांडेय, एसडी सिंह, संजय कुमार, विकास तिवारी, इंतियाज खान, श्वेता पांडेय, रश्मि शुक्ला, शिखा रानी, अहमद राजा, आशीष कुमार और अन्य सभी लोग उपस्थित थे।




# खरौंधी में निकाली गयी कलश यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** खरौंधी प्रखंड के तोरेलावा श्रीराम जानकी मंदिर में श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर के पुजारी पं श्री इंद्रजीत पाठक के नेतृत्व में शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। विद्वान आचार्य संत विनोदानंद जी महाराज के नेतृत्व में आचार्यों की मंडली ने पंडा-डोमनी के पावन संगम स्थल से मंत्रोच्चार के साथ कलश की शोभा यात्रा में शामिल हुए महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के कलश में जलभरण किया। साथ ही श्रद्धालु जय श्रीराम की जयघोष करते हुए कलश के साथ नगर भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर में कलश की स्थापना की गयी। मौके पर आचार्य ने बताया कि कलश स्थापना के पश्चात रविवार पूजन अखंड मानस पाठ, अन्नादिवास, जलाधिवास, फलाधिवास के बाद सोमवार को शुभ मुहूर्त में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान तीन दिनों तक रोहतास बिहार के सुरेश शास्त्री और अयोध्या की पधारे श्रीमती शैल मिश्रा का प्रवचन किया जायेगा। मौके पर पंडित जयशंकर वैद्य, अजय वैद्य, सत्यकुमार वैद्य, रामानुज वैद्य, कामेश्वर पाठक, धर्मजीत पाठक, प्रयागदत्त पाठक, नंदकुमार पाठक, सुरेंद्र मेहता, मिथिलेश कुमार पाठक, कमलाकांत पाठक, सुनील पाठक, राकेश पाठक, अशोक यादव, संजय आदि उपस्थित थे।



# गरीब असहाय बेटियों की डोली सजाना सौभाग्य की बात है : मुखिया

**कन्या विवाह सोसायटी के विकास माली को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी द्वारा आयोजित 6 दिसंबर को 151 कन्याओं की सामूहिक विवाह के सफल आयोजन के बाद डंडई प्रखंड के मुखिया के द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डंडई प्रखंड के 9 मुखिया उपस्थित थे। समान समारोह के दौरान उपस्थित सभी मुखिया के द्वारा कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली को माला और बुके देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि सोसाइटी के द्वारा आयोजन बहुत ही नेक का कार्य है। सोसाइटी के सचिव के द्वारा एक साथ 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह कर कर गढ़वा जिला के लिए एक मिसाल कायम किया है। सम्मानित हो रहे संस्था के सचिव ने विकास माली ने कहा कि गांव समाज में कोई भी असहाय निर्धन कन्या जिन्हें शादी विवाह में किसी भी तरह की परेशानी होती हो तो कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के कार्यालय में पहुंचकर संपर्क कर सकते हैं।

सोसाइटी के द्वारा उसका विवाह का पूरा जिम्मा उठायेगा। साथ ही साथ विदाई स्वरूप घरेलू उपकरण सामग्री भी उन्हें प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर मुखिया जितेंद्र ठाकुर, झोतर पंचायत के मुखिया बिष्णु यादव सहित सभी पंचायत के मुखिया और ग्रामीण उपस्थित थे।



## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला प्रोन्नति/स्थापना समिति की बैठक संपन्न

# अहर्ता प्राप्त 9 प्रधान लिपिकों का कार्यालय अधीक्षक के पद पर प्रोन्नति

**तीन निम्न वर्गीय लिपिकों को उच्च वर्गीय लिपिक के पद पर दी गयी वैचारिक प्रोन्नति**

**वरीय कार्यालय अधीक्षक का प्रशासनिक पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में आज दिनांक-20 जनवरी 2024 को आयोजित जिला प्रोन्नति समिति जिला/स्थापना समिति की बैठक संपन्न की गयी। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखंड रांची के पत्रांक- 5028/ दिनांक- 15-06-2016 द्वारा गठित झारखंड राज्य समाहरणालय संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति और अन्य सेवा शर्तें) नियमावली 2016 प्रवृत होने के फलस्वरुप वर्ष 2024 में गढ़वा समाहरणालय अंतर्गत लिपिक के कुल संवर्गीय बल 222 के आधार पर कुल संवर्गीय बल का 05% पद कार्यालय अधीक्षक के लिए के कर्णांकित हैं, जिसपर कार्यालय अधीक्षक के कुल 11 स्वीकृत और रिक्त पदों पर अर्हता प्राप्त कुल 09 प्रधान लिपिकों को कार्यालय अधीक्षक के पद पर प्रोन्नति प्रदान की गयी। वरीयता क्रमांक के अनुसार जिन प्रधान लिपिकों को कार्यालय अधीक्षक के पद पर प्रोन्नति की गयी है, उनमें से क्रमशः अलख नारायण शुक्ला (अनारक्षित), सुरेश राम (अनुसूचित जाति), उमाकांत पांडे (अनारक्षित), लव कुमार मोची (अनुसूचित जाति), अनुकूलित कच्छप (अनुसूचित जनजाति), राम विजय राम (अनुसूचित जाति), प्रमोद कुमार (अनारक्षित), गोपीचंद प्रसाद (अनुसूचित जाति) एवं अभय आनंद (अनारक्षित) शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि नवप्रोन्नत सभी कार्यालय अधीक्षकों, जिसमें से क्रमांक 02 और 06 को छोड़कर, को पूर्व से ही एमएसीपी योजना के तहत कार्यालय अधीक्षक का अनुमान्य वेतनमान, पे बैंड 9300-34800, ग्रेड वेतन 4600 और लेवल 07 प्राप्त है, जिन्हें प्रोन्नति की तिथि से सिर्फ पद का लाभ प्राप्त होगा, वित्तीय लाभ प्राप्त नहीं होगा। जबकि शेष सभी नवप्रोन्नत कार्यालय अधीक्षकों को उनके प्रोन्नत पद पर योगदान/पदधारण की तिथि से कार्यालय अधीक्षक के लिए अनुमान्य वेतनमान देय होगा। कुल 11 स्वीकृत पदों के लिए रोस्टर पंजी के आरक्षण कोटी (अनुसूचित जाति) पर अहर्ता प्राप्त प्रधान लिपिक के अनुपलब्धता होने के कारण 02 पद संप्रति रिक्त है। **निम्न वर्गीय लिपिक क्रमशः** मुरारी मिश्र, शैलेश कुमार शर्मा और सोनम कुमार द्विवेदी को उच्च वर्गीय लिपिक के पद पर दिनांक- 22-11-2017 के प्रभाव से प्रोन्नति प्रदान की गयी है। उक्त तीनों लिपिकों पर पूर्व में लगाये गये आरोपों की पुनः समीक्षा की गयी, जिसमें आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकी। फलस्वरुप इन्हें विभागीय कार्रवाई से मुक्त करते हुए उनके विरुद्ध संचालित विभागीय कार्रवाई समाप्त की गयी और उच्च वर्गीय लिपिक के पद पर वैचारिक प्रोन्नति प्रदान की गयी।



**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Medininagar Municipal Corporation**

**e-Procurment Tender Notice**

| S.I. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/46/2023-24 | Detailed Estimate for Construction of RCC drain from subhash chowk to Santosh Ram house via nigam toilet via both side of palamu club road and 1 no. Culvert, Under Medininagar Municipal Corporation. | 20,79,990/- | 41,600/- | 5,000/- | 3 माह |
| 2 | UDHD/MMC/47/2023-24 | Construction of PCC Road from Satish Mehta house to existing PCC road near shiv madap via dinesh ram house via Prema Kumari house via babban pal house in ward no. 02 Koyal Nagar, Under Medininagar Municipal Corporation. | 11,23,650/- | 22,500/- | 5,000/- | 3 माह |
| 3 | UDHD/MMC/48/2023-24 | Detailed Estimate for Construction of RCC drain from Jailhata chowk to culvert near Dr. Shail Sinha via nandu Prasad house, Slab over drain near culvert near dr shail sinha, slab from jailhata chowk to dental house, RCC drain from SDO Office to Shukla sadan via, Uma Photostate shop in ward no. 24, Under Medininagar Municipal Corporation. | 19,86,050/- | 39,800/- | 5,000/- | 3 माह |
| 4 | UDHD/MMC/49/2023-24 | Detailed Estimate for Construction of RCC drain from Ashu press to old culvert near Koyal river front via Community toilet and culvert near community toilet, Under Medininagar Municipal Corporation. | 13,61,100/- | 27,300/- | 5,000/- | 3 माह |
| 5 | UDHD/MMC/50/2023-24 | Detailed Estimate for Repair of Drain and covering with Slab from BSNL office to Nehru yuva Kendra, bhishma narayan charitable trust to nirmal hospital, police line stadium gata 1 to last gate, Sanskrit university to vijay medical store, Under Medininagar Municipal Corporation. | 24,56,700/- | 49,200/- | 5,000/- | 3 माह |
| 6 | UDHD/MMC/51/2023-24 | Detailed Estimate for Construction of (i) RCC drain from Jawahar navodaya school to Vijay house (ii) Laying of Paver block from subhash chowk to palamu club road and ACB ground (iii) hume pipe near ACB office, Under Medininagar Municipal Corporation. | 16,69,250/- | 33,400/- | 5,000/- | 3 माह |
| 7 | UDHD/MMC/52/2023-24 | Construction of PCC Road from Vimlesh singh house to Girendra dubey house in ward no. 03 Under Medininagar Municipal Corporation. | 4,03,140/- | 8,063/- | 1,000/- | 2 माह |
| 8 | UDHD/MMC/53/2023 | Detailed Estimate for (i) Construction of Drain from Mahendra saw house to main road drain via Sanjay Jaiswal house (ii) Laying of Paver Block from daltonganj shahpur main road to bazaar mohalla pcc raod via Amrendra kumar house in ward no. 32 Under Medininagar Municipal Corporation. | 4,67,950/- | 9,359/- | 1,000/- | 2 माह |
| 9 | UDHD/MMC/54/2023 | Detailed Estimate for Construction of RCC drain from Kutchery campus to main road via SBI bank and paver block in Kutchery campus in ward no. 24 Under Medininagar Municipal Corporation. | 8,06,151/- | 16,123/- | 5,000/- | 2 माह |
| 10 | UDHD/MMC/55/2023 | Construction of PCC road and drain from Vinod Upendhyay house to Vimlesh dubey house in Panchvati nagar in ward no. 02 Under Medininagar Municipal Corporation. | 5,22,260/- | 10,445/- | 5,000/- | 2 माह |
| 11 | UDHD/MMC/56/2023 | Detailed Estimate for Laying of Paver Block from Sachchidanand Pandey house to vidhyashankar paswan house via premdubey house via ajit singh house in ward no. 17 Under Medininagar Municipal Corporation. | 6,38,900/- | 12,778/- | 5,000/- | 2 माह |
| 12 | UDHD/MMC/57/2023 | Detailed Estimate for Construction of Culvert in Sudama Chowk (Near Arun Dubey house), PCC road and Drain from Sudama Chowk to Arun Dubey house Under Medininagar Municipal Corporation. | 9,99,820/- | 19,996/- | 5,000/- | 2 माह |
| 13 | UDHD/MMC/58/2023 | BOQ for Construction of Box Culvert at tila near moharram mahboob khansama house, kund mohalla in ward no. 26 and Slab over existing drain in jivan jyoti lane bypass road in ward no. 08, Under Medininagar Municipal Corporation. | 2,93,129/- | 5,863/- | 1,000/- | 2 माह |
| 14 | UDHD/MMC/59/2023 | Detailed Estimate for Construction of RCC Drain and PCC from Paras Ram house to manoj saw house in ward no. 21, Under Medininagar Municipal Corporation. | 3,62,780/- | 7,256/- | 1,000/- | 2 माह |
| 15 | UDHD/MMC/60/2023 | Detailed Estimate for Laying of Paver Block from Vimlesh Vishwakarma to sanjeev dubey house via asha devi house in ward no. 08, Under Medininagar Municipal Corporation. | 2,50,240/- | 5,005/- | 1,000/- | 2 माह |
| 16 | UDHD/MMC/61/2023 | Construction of RCC drain Near Abhishek Kumar house and PCC road from abhishek kumar house to main road and RCC culvert in ward no. 19, Under Medininagar Municipal Corporation. | 6,28,050/- | 12,561/- | 5,000/- | 2 माह |
| 17 | UDHD/MMC/62/2023 | Detailed Estimate for Construction of RCC drain from Shiv ram house to MD ayub Khalifa house and from Hardewan manjhi house to sanjay house in ward no. 26, Under Medininagar Municipal Corporation. | 5,33,280/- | 10,666/- | 5,000/- | 2 माह |

**Part – B**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 19.01.2024 At 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 25/01/2024 AT 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 25/01/2024 AT 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 12/02/2024 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 13/02/2024 AT 04 :00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders .gov.in & office Notice Board in Medininagar Municipal Corporation.

PR.NO.316617 District(23-24):D

ह0/– नगर आयुक्त –सह– प्रशासक मेदिनीनगर नगर निगम

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 21 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## मजदूर पंजाब से लापता, सीएफटीयूआइ से ढूंढ़ने की गुहार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला के सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबाटोली गांव का मजदूर ठुपा नगेशिया पंजाब जाने के दौरान लापता हो गया। जिसकी जानकारी उसकी पत्नी सुमित्रा देवी ने शनिवार को मजदूर संघ सीएफटीयूआइ झारखंड प्रदेश व गुमला जिला कार्यालय पहुंचकर प्रदेश सचिव जुम्मन खान को दी। और अपने पति ठुपा नगेशिया को पंजाब से खोजने में सहायता करने का लिखित आवेदन दिया। आवेदन के अनुसार पत्नी सुमित्रा देवी का कहना है कि उसका पति ठुपा नगेशिया 6 से 7 साल से लापता है। वहीं जुम्मन खान ने कहा कि हम इस पुरे घटनाक्रम की जानकारी पंजाब टीम को देकर मजदुर को खोजवाने का कोशिश कर रहे हैं।

# 30 लाख के मोबाइल की चोरी, दो आरोपी गये जेल

**मोबाइल का 21 पीस खाली डब्बा बरामद किया गया।**

अजाादद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बीते माह मेन रोड स्थित सौम्या कंपलेक्स के अमित मोबाइल दुकान में 30 लाख रुपये के मोबाइल चोरी मामले का पुलिस ने उद्वेदन कर लिया है। घटना के बाद गुमला थाना में कांड अंकित कर एसआइटी टीम का गठन किया गया था। एसआइटी टीम के द्वारा त्वरित तकनीकी अनुसंधान करते हुए अज्ञात चोरों का पता लगाया गया और राजमहल थाना साहिबगंज अंतर्गत अलग-अलग जगह पर छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान संदिग्ध दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिसमे राजमहल थाना अंतर्गत मुर्गी टोला मध्य नारायणपुर ग्राम निवासी 43 वर्षीय आलम शेख पिता स्वर्गीय कुदरत शेख और 27 वर्षीय अलीम शेख पिता जवाहर शेख को गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन्होंने अपना अपराध स्वीकार किया एवं मोबाइल चोरी कर बांग्लादेश में बेचने की बात बताई। उनके निशानदेही पर चोरी किया गया मोबाइल का खाली डब्बा अभियुक्त के घर से बरामद किया गया। एवं बेचे गये मोबाइल फोन के बदले मिले पैसे जिससे काला लाल रंग की अपाची बाइक को खरीदा गया था उसे भी बरामद किया गया। साथ ही अभियुक्त के द्वारा घटना में इस्तेमाल किये गये मोबाइल फोन एवं लगे सिम को बरामद किया गया। वहीं चोरी में प्रयुक्त औजार को अभियुक्त के निशानदेही पर मेन रोड स्थित अमित मोबाइल दुकान के पीछे झाड़ी से बरामद किया गया वहीं चोरी किये गये मोबाइल का कुल 21 पीस खाली डब्बा बरामद किया गया। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त प्लस कंपनी का मोबाइल सिम लगा हुआ मोबाइल और अभियुक्त द्वारा चोरी में इस्तेमाल किया गया दो टपरिया कंपनी का पेचकस दो लोहे का नुकीला रड साथ में सीसीटीवी कैमरा का डीभीआर उनके निशान देही पर जप्त किया गया।




वहीं एसपी हरविंदर सिंह ने पुलिस की उपलब्धि पर उन्हें पुरस्कृत करने की बात कही। छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक संचित कुमार, विवेक कुमार, पांडेय साइबर सेल निरंजन कुमार सिंह, सगीर आलम, पवन कुमार यादव, सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर डीसी से की शिकायत

# डीसी का लाभुकों को आश्वासन बिचौलियों पर होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मिशन बदलाव के संयोजक भूषण भगत गुमला, नगर सचिव बिनय गोप और बसिया प्रखंड के अध्यक्ष राम लखन गोप ने उपायुक्त गुमला से मुलाकात की और बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो भ्रष्टाचारियों का जड़ फैला हुआ है उसे नगरपरिषद में रोकने की जरूरत है। मिशन बदलाव टीम ने लाभुक लीलावती देवी को भी डीसी के समक्ष प्रस्तुत किया और बताया कि ये महिला कई दिनों से परेशान है, और कार्यलय के चक्कर लगाकर थक चुकी है। बिचौलिया एवं पूर्व वार्ड कमिश्नर योजना देने के नाम पर पहली किस्त में 10000 दुसरी किस्त में 10000 इस तरह से पर किस्त के अनुसार रुपया वसूली कर लेते हैं और वसूली के बाद कागजी कार्रवाई आगे नहीं करते और लाभुकों को दौड़ाते है। यहां तक कि जो फोटो खींचने की जो प्रक्रिया है उसपर पर भी प्रत्येक लाभुक से पांच 500 से 2000 रुपये तक वसूली की जाती है।

उपायुक्त के द्वारा मिशन बदलाव टीम को आश्वासन दिया गया कि जो परेशानी आपलोंगों ने लाभुक के बारे में बताई है इस विषय को लेकर जल्द से जल्द कार्रवाई करूंगा। अगर कार्रवाई नहीं हो पाती है तो आप हमें फिर पुनः दो-चार दिन के अंदर में इसकी जानकारी अवश्य दें। उन्होने विश्वास दिलाया कि जो गलत कार्य कर रहे हैं भारत सरकार के पीएम आवास की राशि की कालाबाजारी कर रहे हैं उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। डीसी से मिलने वालों में मो तबरेज, जयंती कुमारी और सुकरा उरांव आदि उपस्थित थे।

## गुमला सिमडेगा के शिक्षकों ने की यादें ताजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** गुमला सिमडेगा के शिक्षक नव वर्ष पर मुख्यालय स्थित पिकनिक पॉइंट बाघ लतवा कोयल नदी के तट पर अरसे बाद मिले और अपनी यादों को ताजा किया। आयोजन बिशुनपुर के टीटीशियन के द्वारा किया गया। सुखदेव उरांव ने बताया कि हम सभी ने वर्ष 2000 में एक साथ सिमडेगा में टीटीसी ट्रेंनिंग किये थे जिसके उपरांत हम समाज में शिक्षक के रूप में सेवा दे रहे हैं। सबसे बड़ी बात है कि हम लोग 24 साल बाद भी एक दूसरे से जुड़े हुए हैं और एक परिवार की तरह रहते हैं आज नव वर्ष की अवसर पर हम लोगों के द्वारा सभी साथियों को निमंत्रित किया गया और आज हम लोग एक साथ मिलकर पिकनिक मना रहे हैं आज का दिन हम लोगों के लिए बहुत ही खुशी का दिन है आज हम लोगों को एक साथ मिलकर पिकनिक के बहाने अपनी पुरानी यादों को फिर से ताजा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। आज थोड़ा मन दुखी भी है क्योंकि आज हमारे साथ टीटीसी ट्रेंनिंग किए कई साथी आज हमारे बीच नहीं रहें। इस मौके पर सुखदेव उरांव अनिल भगत तेंमबा भगत बिजयंत कुमार गुप्ता सुमन चंद्र महतो सुबोध कुमार सीताराम खेरवार लाल उरांव अशोक उरांव सुनील उरांव बिहारी उरांव सहित गुमला सिमडेगा से पहुंचे कई शिक्षक उपस्थित थे।

## इंग्लिश ओलंपियाड में डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा आयोजित गत वर्ष 26 सितंबर को आयोजित इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस ओलंपियाड में कक्षा षष्ठ के अभिनव राज, कक्षा नवम के शुभम, अयान मेहता एवं जाह्नवी लाल, कक्षा दशम के आयुष, हर्षित राज एवं आदित्य अमन गुप्ता एवं कक्षा द्वादश की सौम्या सुरभि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रधानाचार्य डॉक्टर रमाकांत साहु ने आज वंदना स्थल पर सभी को गोल्ड मेडल आफ एक्सीलेंश एवं सर्टिफि केट देकर सम्मानित किया।

## वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 में सफल क्रियान्वयन में गुमला जिले से प्रथम स्थान पर आने वाली चुंदरी पंचायत की मुखिया विनीता कुमारी को रांची कार्यक्रम में झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु चौधरी और सदस्य सबीना परवीन द्वारा प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस क्रम में शनिवार को दूरभाष पर जानकारी देते हुए चुंदरी पंचायत की मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि झारखंड राज्य खाद्य आयोग के द्वारा 1 अक्टूबर 2022 से सितंबर माह 2023 तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 का सफल क्रियान्वयन करने के लिए गुमला जिला में प्रथम स्थान चुंदरी पंचायत को मिला था। जिसमें आठ मापदंड था और सभी मे बेहतर किया था। जिसमें उनका चयनित किया गया वही आज रांची में झांरखंड विधानसभा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें झारखंड के सभी जिले से प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले पंचायत के मुखियाओं का सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र महतो शामिल थे।

## दीपक एक्का ने घर के बाहर फांसी लगा कर आत्महत्या की



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गुरदरी थाना क्षेत्र के बेतीं गांव निवासी दीपक एक्का 28 वर्ष शुक्रवार को अपने घर के बाहर कटहल पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दीपक अत्यधिक नशा का सेवन करता था नशा की सेवन करने की वजह से उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं रहती थी। शुक्रवार दोपहर अचानक घर के बाहर कटहल पेड़ में रस्सी बांधकर फंदे से लटक गया और उसकी मौत हो गयी। इधर घटना की सूचना पर प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत मृतक के घर पहुंच कर परिवार वालों का ढांढस बांधा। घटना की सूचना पर गुरदरी पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में करते हुए पंचनामा उपरांत शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया।

## आजसू पंचायत कमेटी का गठन



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के बैनर तले शुक्रवार को चैनपुर प्रखंड के छिछवानी पंचायत में जिला महासचिव पिंकी कुजूर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमे पंचायत कमेटी का गठन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय सचिव बोनीफास कुजूर के साथ जिला उपाध्यक्ष प्रेम पवन तिग्गा, महिला जिला महिला उपाध्यक्ष जीविता बड़ा, प्रखंड महिला उपाध्यक्ष दीप्ति रोज लकड़ा, प्रखंड उपाध्यक्ष सुधीर लोहारा, जनवाल पंचायत महिला अध्यक्ष दीपिका देवी मुख्य रुप से उपस्थित रहे। छीछवानी पंचायत का बैठक कटकाही गांव में बैठक किया गया। महिला पंचायत अध्यक्ष सर्वसमिति से मगदलीना टोप्पो, सचिव लिलीना मिंज, कोषाध्यक्ष बसंती खलखो, उपाध्यक्ष क्रमश: संगीता कुजूर, ओडिल एक्का, वर्नाडिट लकड़ा, और लिली कुजूर, सह सचिव फलकिया एक्का, अनिता कुजूर, कार्यकारणी सदस्य के रूप में, करमेला टोप्पो, इरमिना लकड़ा, लेवनी टोप्पो, माग्रेट कुजूर, अंटोनिया टोप्पो,और जसिंता लकड़ा को बनाया गया। पंचायत अध्यक्ष के लिए जेम्स मिंज और सचिव के लिए अरुण टोप्पो, कोषाध्यक्ष कल्याण टोप्पो, उपाध्यक्ष संजय साहू एंव मनोज साहू को बनया गया।।सभी का आजसू पार्टी में धूम धाम से स्वागत किया गया। निवर्चित सदस्यों को आजसू जिला कमेटी एंव चैनपुर प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा बधाई दी गयी।

## धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** मोरेंग लैंपस लिमिटेड मोरेंग में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन मोरेंग मुखिया विकास इंदवार एवं पंचायत समिति सदस्य प्रेमावती देवी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस मौके पर उपस्थित लैंपस के प्रबंधक सह सचिव मुमताज खान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस धान अधिप्राप्ति केंद्र में धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपये प्रति क्विंटल एवं बोनस 117 रुपये प्रति क्विंटल कुल 2300 रुपया प्रति क्विंटल के दर से लिया जायेगा। धान प्राप्त और क्रय केवल निबंधित किसानों से लिया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड प्रसार पदाधिकारी आनंद तिर्की, लैंपस अध्यक्ष ननका लोहरा,मुनिता कच्छप, अखिल साहू, कृष्णा साहू, दिलीप लोहरा, तैयब खान सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स करेगा सनातन मंच की भव्य शोभा यात्रा का स्वागत : दामोदर कसेरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अयोध्या मे 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हो रहा है। जो भारतवर्ष के सभी सनातन हिन्दू धर्मावलंबियों के लिए हर्ष का दिन है। इस दिन को समस्त देशवाशी दीपावली के रूप में मनाने की तैयारी में पुरे हर्षोल्लास के साथ लगे हुए। इस दिन दीपों की रोशनी से पुरा देश जगमग रहे, इसकी तैयारी पुरा देश कर रहा है। देश के सभी मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इसको लेकर काफी उत्साहित हैं। इस निमित गुमला में 21 जनवरी 2024 दिन रविवार को दिन के 11 बजे से गुमला सनातन मंच के द्वारा, गुमला नगर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। यह शोभा यात्रा लोहरदगा रोड सरकारी बस डिपो से निकलेगी। लोहरदगा रोड़ से होते हुए मेन रोड़, सिसई रोड़, डीएसपी रोड़, जशपुर रोड़ होते हुए बड़ा दुर्गा मंदिर रोड़ से राम मंदिर बड़ाइक मुहल्ला मे समापत होगा। इस शोभा यात्रा का स्वागत मेन रोड गुमला में चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा फूलो से स्वागत किया जायेगा। इस कार्य में चेंबर के सभी पदाधिकारी शोभा यात्रा में शामिल सनातन हिन्दू भाई बहनों का उत्साह के साथ स्वागत किया जायेगा। वहीं गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स, के मीडिया प्रभारी आनंद कुमार गुप्ता ने कहा कि इस अवसर पर पूरा देश राममय हो गया है। जुलूस में शामिल होने वाले सभी सनातनी राम भक्त हैं। राम भक्तों की सेवा राम की सेवा के समान है।

## भरनो में फ्लैग मार्च निकाला गया



**भरनो (आजाद सिपाही)।** अयोध्या मे राम लला के प्राणप्रतिष्ठा को लेकर भरनो पुलिस द्वारा अमन चैन और शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए शुक्रवार को भरनो मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकाली गयी। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, इंस्पेक्टर श्यामनंद मंडल थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी, एसआई मीचराय पाड़ेय, एसआई राजेश बिहा, एसआई सुरेंद्र कुमार ने किया। फ्लैग मार्च भरनो ब्लॉक चौक से शुरू होकर, भरनो बस्ती, मिशन चौक, बाजार टॉड, स्कूल चौक होते हुए पुन: ब्लॉक चौक पहुंच कर समाप्त हुई। मनीष लाल ने कहा हुड़दंगियों और अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेंगी।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया



**सिसई (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र में शांति व अमन चैन बनायें रखने को लेकर शनिवार को सिसई पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू हो थाना रोड़, मेन रोड़, बस पड़ाव, मुख्यालय चौक, बसिया रोड़ सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस थाना परिसर पहुंची। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने लोगों से सौहार्दपूर्ण माहौल में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महोत्सव मनाने और क्षेत्र में अमन-चैन व शांति बनाए रखने और किसी भी तरह के अफवाहों से बचने और किसी भी असामाजिक गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तत्काल प्रशासन को इसकी सूचना देने की अपील की। मौके पर एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल, सर्किल इंस्पेक्टर एस एन मंडल,थानेदार मीनकेतन कुमार, एस आई दिवाकर मिश्रा, कृष्णा गुप्ता, शारीक अली, अंजली टोप्पो, एएसआई अनवर अंसारी, मधुसूदन झा, जिला व थाना पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## झानद ने बिशुनपुर विस के लिए 13 सदस्यीय लीडिंग टीम का किया गठन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल की संयुक्त बैठक घाघरा में हुई। महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित, पार्टी के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि जन दावेदारी के लिए लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में पार्टी चुनाव की तैयारी करेगी।

सिंह ने यह भी कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी गुमला रेल लाइन से नहीं जुड़ पाया और रोजगार विहीन गुमला-लोहरदगा जिला में बॉक्साइट प्रचुर मात्रा में होते हुए भी एल्यूमिनियम कारखाना का निर्माण नहीं होना सभी सरकारों की उपेक्षापूर्ण रवैया को दर्शार्ता है। श्री सिंह ने पार्टी के पदाधिकारी से युद्ध स्तर पर तय कार्यक्रम को गांव-गांव तक ले जाने की अपील की है। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में मजबूत तैयारी के लिए 13 सदस्यों को लेकर लीडिंग टीम का गठन किया गया जिसमें पुष्पा उरांव, बिलो भगत, कुशमा मिंज, शिवप्रसाद साहू, रामप्यार तूरी, रीमिस कुजूर, धर्मपाल उरांव शंकर उरांव ललन साहू इंदर उरांव, रोपना उरांव, उमेश मुंडा, बसंत बड़ाइक को शामिल किया गया है। बैठक में शहीद ए आजम भगत सिंह के शहादत दिवस 23 मार्च 2024 को जिला मुख्यालय गुमला में होनेवाली लोहरदगा लोकसभा स्तरीय जन संसद का कार्यक्रम में बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने, रेल लाइन, अल्मुनियम कारखाना, सरकारी दफ्तरों में फैले भ्रष्टाचार पर रोक लगाने तथा जन अधिकारों के लिए जन एकता को मजबूत बनाने के अलावे कई निर्णय लिए गये हैं। बैठक में आदित्य सिंह, प्रकाश उरांव, पुष्पा उरांव, रोपना उरांव, शुभम उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## अहीर सेना के वनभोज में शामिल होंगे खूंटी, रांची, सिमडेगा, लोहरदगा और गुमला के सदस्य



**गुमला (आजाद सिपाही)।** अहीर सेना झारखंड ने कार्यक्रम स्थल पर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। चंदन कुमार गोप ने बताया कि रविवार को अहीर समाज से खुंटी रांची सिमड़ेगा लोहरदगा गुमला के लगभग 5 हजार लोग शामिल होंगें। चंदन कुमार गोप ने बताया कि हमारे समाज को एकजुट करने की आवश्यकता है, और इसको लेकर ही यह समेलन कराया जा रहा है। सम्मेलन में मुख्यअथिति के तौर पर समाज के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सुरेश गोप ने बताया कि हमारे समाज में नयी ऊर्जा के साथ समाज के सभी कुरीतियों को दूर करने की अतिआवश्यकता है। जिससे समाज को प्रगतिशील बनाने को लेकर कार्य किया जा सके। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में आंनद गोप, रामबिलास गोप, अनुज गोप, रामलखन गोप, बिनय गोप, बंसत गोप, मनोहर गोप, मानिंद गोप, पवन गोप राजू गोप उपस्थित थे।

## विद्यालय स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन में आरोग्य दूतों की अहम भूमिका

आजद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** प्रखंड सभागार में वैसे सभी विद्यालय जहां कक्षा 6 या उससे उपर की पढ़ाई होती है, के आरोग्य दूत का विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया।

जिला शिक्षा परियोजना, समग्र शिक्षा अभियान, स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक में विद्यालयों में विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के क्रियान्वयन की स्थिति पर चर्चा के साथ ही आरोग्य दूत की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में जानकारी देते हुए बताया गया कि इस कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में हर सप्ताह 2 घंटी सत्र लेना है एवं इसे विद्यालय के रूटीन में भी शामिल करना है। हर मंगलवार को इससे जुड़े गतिविधियां करानी है एवं सत्र संचालन का रिकॉर्ड संधारण रजिस्टर में हो यह सुनुश्चित करना है। सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज के प्रतिनिधि ने विद्यालय प्रबंधन समिति के बैठक में विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम के विषय पर जानकारी देने के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने शिक्षक अभिभावक बैठकों में भी इस कार्यक्रम के तहत शामिल बाल विवाह एवं जेंडर समानता जैसे थीम पर जागरूकता लाने संबंधी चर्चा की।प्रश्न पेटी सह शिकायत पेटी हर विद्यालय में लगा हो एवं छात्र-छात्राएं उसमें अपनी समस्या से जुड़े प्रश्न डाले और आरोग्य दूत द्वारा उसका निराकरण हो। साथ ही बाल विवाह, बालिका शिक्षा की समस्या पर विशेष चर्चा परिचर्चा कि गयी एवं इसका समाधान हो इस बात पर बल दिया गया। माह के अंत में कार्यक्रम के तहत ससमय रिपोर्टिंग पर भी विस्तार से बताया गया एवं ऑनलाइन रिपोर्टिंग की प्रक्रिया को विस्तृत ढंग से समझाया गया।

## शहर में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**गुमला (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के निमित क्षेत्र में शांति और अमन चैन बनाये रखने को लेकर शनिवार को गुमला पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू हो थाना रोड़, मेन रोड़, सिसई रोड, डीएसपी रोड, पालकोट रोड, लोहरदग्गा रोड सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस थाना परिसर पहुंची। इस दौरान एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने लोगों से सौहार्दपूर्ण माहौल में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महोत्सव मनाने और क्षेत्र में अमन-चैन व शांति बनाये रखने और किसी भी तरह के अफवाहों से बचने की अपील की। मौके पर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, विनोद कुमार, सार्जेंट मेजर, सुदामा राम, दिलीप टुडू, बुलेट गोराई, सहित जिला व थाना पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## छतरपुर विधायक ने किया सामूहिक रूप से 13 योजनाओं का शिलान्यास

# क्षेत्र की जनता से किया वादा पूरा करने का कर रही हूं प्रयास: पुष्पा

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** छतरपुर पाटन की विधायक पुष्पा देवी ने शनिवार को हुलसम पंचायत के मंझौली में 55 लाख रुपये की लागत से उप स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण, छतरपुर से डुमरिया पथ का (23 किलोमीटर सड़क) मजबूतीकरण और कचनपुर के पिंडराही में सड़क कालीकरण का शिलान्यास किया। विधायक मद की राशी से सामूहिक 13 योजनाओं का शिलान्यास किया जाना है। विधायक ने कहा कि उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के विकास के लिए



विधायक मद से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास करतीं विधायक पुष्पा देवी।

हमेशा तत्पर रहती हूं। उन्होंने मतदान के दौरान जो-जो वादे किए थे उसे एक-एक कर पूरा करने का लगातार प्रयास कर रही हैं। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में जो भी जनता के हित में कल्याणकारी योजनाएं चलाई या लायी जा रही है वो काबिल-ए-तारीफ है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर अपने घर के पास के सभी मंदिरों को साफ सुथरा कर घर में मिट्टी का दीप जलाकर दीवाली मनाए। वहीं, भजापा नेता सह पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि विधायक पुष्पा देवी घर की बेटी है। आधी रात को भी विधायक की जरूरत हो तो व हलोगों के बीच उनके साथ खड़ी रहेंगी। आपके सुख दुःख में हमेशा साथ हैं। लोगों की जो भी समस्याएं हो बिना दलाल के लोग हमसे हमारी विधायक से सीधा संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, जगदीश यादव, कामेश्वर पासवान, भाजपा मण्डल अध्यक्ष नरेश यादव, युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष अजीत प्रजापति, महामंत्री अनमोल मिश्रा, शिव भुइयां, रामपुकार भुइयां, कमलेश गुप्ता, लाठेया मण्डल अध्यक्ष प्रयाग विश्वकर्मा, युवा नेता विक्रम कुमार, गुड्डू सिंह, प्रमुख उर्मिला देवी, राजन सिंह, चंद्रशेखर सिंह उर्फ छोटू सिंह, प्रदीप पाण्डेय, सोनू, उपेंद्र यादव, कमलेश यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# प्रभु श्रीराम के स्वागत के लिए हम सभी बहनें तैयार हैं: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शनिवार को कोयल रिवर फ्रंट के समीप भाजपा महिला जिला अध्यक्ष सिंटू गुप्ता, रेणुका पांडे, कुसुम लता सिंह, रूप सिंह, मंजू गुप्ता, रूबी सिंह, ममता कुमारी, सीमा तिवारी, प्रतिमा देवी, सरोज अग्रवाल, पिंकी विश्वकर्मा, ज्योति अग्रवाल, उषा देवी, सुनीता देवी, चंद्रावती देवी, नीतू सिंह, तरीका सिंह और उषा मकड़िया के साथ राम जानकी मंदिर एवं चित्रगुप्त मंदिर में साफ-सफाई की। कहा कि 22 जनवरी को श्री रामलला कन-कन में विराज रहे हैं। इसलिए पूरे देश में सभी मंदिरों एवं घर-घर की सफाई कर भगवान श्रीराम के स्वागत की तैयारी हम बहने एवं समस्त हिंदू भाई बहन अपने-अपने स्तर से कर रहे हैं। यह दिन हम सनातनी भाई-बहनों के जीवनकाल का बहुत ही बड़ा दिन है, जब हम श्रीराम को अपने गर्भगृह में स्थापित होते देखेंगे। इस अवसर पर चेंबर महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा, कंचन गुप्ता, राखी सोनी, ममता सिन्हा, संध्या अग्रवाल, प्रियंका आनंद साहू, शीला वर्मा आदि उपस्थित होकर मंदिरों की साफ-सफाई में योगदान दिया।



# न्याय मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष: बिट्टू पाठक




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस की ओर से शनिवार को लगातार छठे दिन भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई। जिसका नेत-त्व पलामू जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मीर खुर्शीद आलम और संचालन एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह उर्फ छोटू ने किया। इस अवसर पर बिट्टू पाठक ने कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी 14 जनवरी से मणिपुर से मुंबई तक न्याय यात्रा पर निकले हैं। देश की तकलीफ को जान रहे और अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं। यह देखकर केंद्र की भाजपा सरकार घबराई हुई है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा पलामू जिला में भी कांग्रेसी कार्यकर्ता राहुल गांधी जी के संदेशों को घर-घर तक पहुंचा रहे हैं। मौके पर संतोष चौबे, पूर्णिमा पांडे, मुकेश सिंह, विद्या सिंह चारों, अशोक पासवान, अनिल सिंह, रवींद्र शुक्ला उर्फ गुड्डू शुक्ला, गुलाम नबी, संजय पासवान, एरीज आलम, मंडल अध्यक्ष विपिन यादव, प्रमोद सिंह, अवधेश सिंह, कुनील कुमार पासवान, जवाहरलाल पासवान, कपिल देव सिंह, बीरबली सिंह, संतोष यादव, अजय यादव, मनोज सिंह, रामसहाय सिंह, गुप्तेश्वर सिंह, विजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी सहायिका की बहू बनी सेविका

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कूलहिया पंचायत अंतर्गत भुईयां टोला में शनिवार को ग्रामसभा आयोजित कर पिछले कई वर्षों से रिक्त पड़े आंगनबाड़ी सेविका का चयन किया गया। जिसमें सेविका चयन के लिए तीन उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की। इसमें संगीता देवी, राजकुमारी देवी, संगीता कुमारी शामिल थी। इस संबंध में सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ यामुन रविदास ने बताया कि सभी चयन नियमावली के मानदंड की अर्हता पूरी करने पर इंटर पास संगीता देवी पति रामजी कुमार का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि एक अन्य आवेदिका संगीता कुमारी पति राजेश भुईयां उच्च योग्यताधारी थी लेकिन मुहल्ले की बेटी थी। बताते चलें कि उक्त केंद्र की सहायिका राधिका देवी की नवचयनित सेविका संगीता देवी बहू है। ग्रामसभा में सीओ सह सीडीपीओ यामुन रविदास, पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, मुखिया नीतू कुमारी, पंसस सतेंद्र भुईयां, शिक्षक उपेंद्र यादव, उषा कुमारी आदि थे।

# छात्र-छात्राओं का सबसे बड़ा व अचूक हथियार ज्ञान है: अविनाश

**संत मरियम विद्यालय में हुआ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय परिसर में शनिवार को बच्चों के बुनियादी ज्ञान को बढ़ाने के लिए 9वीं और 10वीं वर्ग के छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को चार अलग-अलग समूह रामानुजन, न्यूटन, आइंस्टीन, कलाम के समूह में बांटा गया। इन्हें पांच अलग-अलग विषय गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, सामान्य ज्ञान और पहेलियों से प्रश्न पूछे गए। विजेता टीम न्यूटन बना। साथ ही इन्हें पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि जिस तरह से किसी भी युद्ध को जीतने के लिए पहले से उसकी रणनीति तैयार की जाती है। ठीक उसी प्रकार विद्यार्थी इस विद्यालय के साथ जिले और राज्य का सेना है और उनका हथियार सिर्फ ज्ञान है जिसे पहले से ही उसे अर्जित कर अच्छी तरह से संग्रहित रखना होगा, ताकि कहीं भी प्रतियोगिता हो तो उस प्रतियोगिता में जीत हासिल कर विद्यालय के साथ-साथ जिले का नाम रोशन कर सके। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श, उप प्राचार्य एसवी शाहा कार्यक्रम के न्यायाध्क्ष शपत नसीम, हिमांशु पांडे, समन्वयक अंचला सिंह आदि मौजूद थे।




## बीडीसी की बैठक में विकास योजनाओं पर हुई चर्चा




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को प्रखंड विकास समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी और संचालन बीडीओ रोशन कुमार ने किया। इसमें प्रखंड में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही अन्य विकास की बिदुओं पर चर्चा की गयी। मनरेगा, पंचायती राज्य विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत होने वाले कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए बीडीसी की बैठक महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने पंचायत सदस्य व मुखिया को गांव में बिना किसी भेदभाव के प्राथमिकता के साथ विकास कार्य कराने पर बल दिया। मौके पर उप प्रमुख इंदु देवी, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, रंजीत पासवान, बीपीओ विष्णु प्रताप मिश्रा, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, प्रखंड कोऑर्डिनेटर राजू रंजन कुमार, मुखिया श्रवण राम, ओमप्रकाश राजवंशी, आवास कोऑर्डिनेटर बिपिन कुमार सिंह, पंसस अजित कुमार सिंह, राजवंश यादव आदि मौजूद थे।

## क्षेत्र के सभी मंदिरों में होगा दीपोत्सव व अखंड-कीर्तन : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** अयोध्या रामलाल प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर 22 जनवारी को विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के सभी मंदिरों में दीपोत्सव तथा अखंड-कीर्तन सहित कई कार्यक्रमो का आयोजन होगा। उक्त बातें स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने कही। वे शनिवार को आरसीआइटी कैंपस में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 22 को अयोध्या में रामलाल प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव पर विश्रामपुर-मझिआंव विधान सभा क्षेत्र के सभी मंदिरों व देवस्थलों में विशेष दीपोत्सव,अखंड कीर्तन, भंडारा सहित कई कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा। जिसकी सारी तैयारी पूरी हो गयी है। वहीं, विश्रामपुर के नावाडीह कला आरसीआइटी प्रांगण स्थित अष्टभुजी साई मंदिर में भी धार्मिक अनुष्ठान व भंडारा आदि आयोजित होगा। साथ ही भव्य भक्तिमय रामदरबार की झांकी भी निकाली जायेगी। जो आकर्षक का केंद्र रहेगा। प्रेसवार्ता में विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव भी मौजूद थे।

# शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर सीओ के साथ पुलिस का फ्लैग मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** क्षेत्र में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर हुसैनाबाद के सीओ धनंजय गुप्ता, बीडीओ रोशन कुमार व थाना प्रभारी समीर तिर्की के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। जिसमें एसआई सौरभ कुमार, बीर बहादुर सिंह, एएसआई विनोद राम, सीताराम सिंह के अलावा बड़ी संख्या में पदाधिकारी व जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च हुसैनाबाद थाना परिसर से शुरू हुआ जो अंबेडकर चौक, गांधी चौक, मकबरा रोड़, मधुशाला रोड़, जपला-हैदरनगर रोड़ होते हुए पुनः थाना परिसर में पहुंच कर संपन्न हुआ। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे सीओ धनंजय गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर फ्लैग मार्च निकाला गया है। थाना समीर तिर्की कहा कि पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि इस दौरान सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर है।



फ्लैग मार्च में शामिल सीओ, बीडीओ, थाना प्रभारी व अन्य।

# एयरफोर्स में जाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर है : शशि रंजन

**-अग्निवीर के तहत वायुसेना में भर्ती के लिए 17 जनवरी से 6 फरवरी तक कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन**

**- पटना के वायुसेना स्टेशन से आये चयन अधिकारियों ने डीसी से मुलाकात कर अग्निवीर भर्ती के बारे में कराया अवगत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन से शनिवार को उनके कार्यालय में बिहार के पटना के वायुसेना स्टेशन से आये चयन अधिकारी सार्जेंट प्रदीप सिंह, सार्जेंट हिमांशु व सार्जेंट जीएस नेगी ने मुलाकात की। तीनों चयन अधिकारी ने डीसी को एयरफोर्स में 17 जनवरी से प्रारंभ हुए अग्निवीर भर्ती के बारे में अवगत कराया। साथ ही उन्होंने डीसी से इस भर्ती प्रक्रिया का जिले में अधिकाधिक व योग्य छात्रों के बीच प्रचार-प्रसार करने हेतु सहयोग की मांग की। इस पर डीसी ने जिलाशिक्षा पदाधिकारी व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को आवश्यक सहयोग करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि जिले के वैसे युवा जो एयरफोर्स में जाने की इच्छा रखते है उन सभी के लिए यह सुनहरा अवसर है। भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन 17 जनवरी की सुबह 11 बजे से 6 फरवरी 2024 को रात 11 बजे तक किया जा सकता है। भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन आधिकारिक वेबसाइट अग्निपथवायु.सीडीएसी.इन पर देखा जा सकता है।




## किसान नेता राकेश टिकैत व पूर्व कृषि मंत्री ने सरसोत डैम का किया निरीक्षण



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** मंडल डैम लातेहार से लौटने के क्रम में किसान नेता राकेश टिकैत और बिहार सरकार के पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत निचली डैम का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित सैकड़ो किसानों ने उन्हें समस्या से अवगत कराया। किसानों ने कहा कि ब्राज का फाटक 5 फीट ऊंचा कर दिया जाए और दायां कैनाल को साफ कर दिया जाए तो करीब 50 हजार एकड़ जमीन सिंचित होंगी और किसान खुशहाल रहेंगे। वहीं किसान नेता राकेश टिकैत और कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि इस समस्या को हेमंत सरकार के समक्ष रखी जाएगी और प्रयास रहेगा कि जल्द समाधान हो सके। मौके पर मुखिया विनय कुमार सिंह, किसान संघ के औरंगाबाद जिला अध्यक्ष मनोज सिंह, मुन्ना सिंह, जितेंद्र सिंह, छोटू यादव, संतोष शर्मा, विपिन सिंह, दशरथ बैठा, हरिहर यादव, कुश सिंह, राणा सिंह आदि थे।

## स्पोर्ट्स




टाटा कंपनी ने एक बार फिर इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) का टाइटल राइट्स खरीद लिया है। पांच साल के राइट्स कंपनी ने 2500 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। यानी एक आइपीएल सीजन के 500 करोड़ देने होंगें।

## 2500 करोड़ में हुई डील : एक सीजन के लिए बीसीसीएल को मिलेगा 500 करोड़ रुपये

# टाटा ने फिर खरीदे आइपीएल के टाइटल राइट्स, 2028 तक टूर्नामेंट को करेगा स्पॉन्सर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टाटा कंपनी ने एक बार फिर इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के टाइटल राइट्स खरीद लिए हैं। 5 साल के राइट्स कंपनी ने 2500 करोड़ रुपए में खरीदे, यानी एक आइपीएल सीजन के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) को टाइटल स्पॉन्सर से 500 करोड़ रुपए मिलेंगे। इससे पहले भी टाटा के पास ही आइपीएल के टाइटल राइट्स थे। कंपनी ने 2022 में



730 करोड़ रुपए देकर 2023 तक के लिए राइट्स खरीदे थे।

### डीएलएफ सबसे थी पहली स्पॉन्सर कंपनी

इस समय क्ढछ का टाइटल स्पॉन्सर टाटा है। यानी आइपीएल को सिर्फ आइपीएल नहीं, टाटा आइपीएल कहा जाएगा। मतलब लीग के नाम से पहले ब्रांड का नाम। जैसे 2008 में डीएलएफ आइपीएल कहा जाता था। इसे ही टाइटल स्पॉन्सरशिप कहते हैं, जिसके लिए कंपनियां बोली लगाकर डील हासिल करती हैं। साल 2008 में टाइटल स्पॉन्सरशिप के लिए सालाना 50 करोड़ रुपये दिए गए थे, वहीं 2024 में ये आंकड़ा सालाना 500 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। टाटा और बीसीसीआइ के बीच 5 साल की डील हुई है।

### आदित्य बिड़ला ग्रुप ने भी 2500 करोड़ की बोली लगायी

बीसीसीआइ से टेंडर डॉक्यूमेंट खरीदने के बाद कंपनियों ने बोली लगाई। इसमें आदित्य बिड़ला ग्रुप ने 2500 करोड़ रुपए की बोली लगाई। बीसीसीआइ ने फिर पिछले स्पॉन्सर टाटा से पूछा कि क्या वे भी इतनी बोली लगाने को तैयार है। टाटा ग्रुप ने भी 2500 करोड़ की बोली लगाई और स्पॉन्सरशिप उन्हें मिल गई। गौरतलब हो कि बीसीसीआइ ने एक महीने पहले आइपीएल के टाइटल राइट्स बेचने के लिए टेंडर जारी किया था। राइट्स खरीदने में इंटरेस्टेड कंपनियों को बीसीसीआइ से 5 लाख रुपए का टेंडर डॉक्यूमेंट खरीदना था। जिसकी आखिरी तारीख 8 जनवरी थी। इसके बाद आइपीएलटाइटलस्पांसर2023.आइटीटी@बीसीसीआइ.डीवी पर कंपनियों को पेमेंट डिटेल्स भेजना था। बतातें चलें कि बीसीसीआइ ने अपने टेंडर डॉक्यूमेंट में ही साफ कर दिया था कि चीन की कंपनियां स्पॉन्सरशिप में बोली नहीं लगा सकतीं। भारत और चीन के बीच बॉर्डर और राजनीतिक विवाद के कारण बीसीसीआइ ने चाइनीज कंपनियों से स्पॉन्सरशिप नहीं लेने का फैसला किया। हालांकि 2021 में चीन की टेक कंपनी वीवो ही आइपीएल की टाइटल स्पॉन्सर रही थी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## स्कूली बच्चों को दिलाई गई सड़क सुरक्षा की शपथ



धनबाद (आजाद सिपाही)। जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत शनिवार को प्राणजीवन एकेडमी में बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उन्हें सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही धनबाद में अलग-अलग चौक-चौराहों पर आमजनों के बीच नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया गया। इसके अलावा गुड सैमेरिटन के बारे में विस्तार से लोगों को बताया गया कि दुर्घटना होने पर दुर्घटना स्थल की पुलिस और एंबुलेंस को सूचित करें। घायल व्यक्ति को शीघ्र अस्पताल पहुंचाए। गुड सैमेरिटन को सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति-पत्र और जिला और राज्य स्तर पर पुरस्कार उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही बताया गया कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहन की गति धीमी करें। क्रॉसिंग पर पहले पैदल यात्रियों को सड़क पार करने दें। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट बांधे। यातायात के नियमों और चिन्हों का पालन करें। वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग नहीं करें। सड़क पर क्रोध न करें।

## महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने किया बरवाडीह में स्टेशन एवं वर्कशॉप का निरीक्षण



धनबाद (आजाद सिपाही)। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने शनिवार को पतरातू स्थित जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) का दौरा कर मशीनों, उपकरणों आदि का मुआयना किया। महाप्रबंधक ने बरवाडीह स्टेशन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधा, संरक्षा, सुरक्षा सहित समस्त व्यस्थाओं का जायजा लिया। इसी क्रम में महाप्रबंधक बरवाडीह वर्कशॉप पहुंचे जहां उन्होंने विद्युत घरों तक कोयला परिवहन के लिए तैयार किए जा रहे मालगाड़ी के वैगन की निर्माण प्रक्रियाओं का जायजा लिया। उनके साथ धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जनमानस को कर रही जागरूक: उमेश




बोकारो (आजाद सिपाही)। परिसदन में इंडिया गठबंधन में शामिल घटक दलों की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें राहुल गांधी की फरवरी में बोकारो होकर गुजरने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने की। जिसमें इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्कलुसिव अलायंस (आइएनडीआइए) में शामिल विभिन्न दलों के वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने तानाशाही और अलोकतांत्रिक रवैया अपना रखा है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जनमानस को जागरूक कर रही है। वक्ताओं ने एकजुट होकर राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होकर उनके कार्यक्रम को सफल बनाने की बात दोहराई। बैठक में कांग्रेस के जीतेंद्र यादव, सरोज चौधरी, वैजनाथ प्रसाद जायसवाल, झामुमो जिलाध्यक्ष हीरा लाल मांझी, मंटू यादव, हसन इमाम, सष्टी देवी, भाकपा के स्वयंवर पासवान, अब्दुल्ला अंसारी, आम आदमी पार्टी के कुमार राकेश, राजेश सिंह, मो मेहबूब आलम, भाकपा माले के देवदीप सिंह दिवाकर, लोकनाथ सिंह, जे एन सिंह, मासस के दिलीप तिवारी, सपा के अभय सिंह आदि ने विचार रखे। बैठक में घटक दलों से हसन इमाम, नजीर अहमद, रामजीवन मंडल, अख्तर अंसारी, सोहन मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## दुंदीबाग हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर निकली भव्य कलश यात्रा



बोकारो (आजाद सिपाही)। दुंदीबाग में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकली गई। जो हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर दुंदीबाग बाजार भ्रमण करते हुए नया मोड़ से टूटैंक गार्डेन तक गया। वहां श्रद्धालुओं ने तालाब से कलश में जल भरा एवं सेक्टर-3 कृष्णा मोड़, कलाकेंद्र होते हुए वापस दुंदीबाद लौटकर पुरोहित श्री लाल बाबा एवं आचार्य मंडली द्वारा पूजन के बाद मंदिर परिसर में ही अपने-अपने कलश को स्थापित किया। दुंदीबाग मंदिर में भगवान श्रीराम के साथ अन्य देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा, अयोध्या में निमार्णाधीन भव्य श्री राम मंदिर में रामलला के हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। यह कलश यात्रा झांकी, बैंड बाजा, घोड़ा आदि से सुसज्जित होकर हजारों महिला श्रद्धालुओं द्वारा सर पर कलश रख कर निकाली गयी। इसमें शामिल भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित को आयोजन समिति द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर निवारण प्रसाद, अशर्फी शाह, लालबाबू, सिकंदर यादव, पतिनाथ साह, संतोष उपाध्याय, किशुन शाह, सुरेंद्र व्यास, देवनाथ प्रसाद, कमल राज राहुल कुमार, लालबाबू श्रीवास्तव, सुरेंद्र लाल, विकाश, दीपक, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

## गाय के गोबर से निर्मित 1051 दीप जला कर मनायेंगे रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह: सुरेश



कतरास (आजाद सिपाही)। ग्राम स्वराज मंच के अध्यक्ष सह भाजपा किसान मोर्चा के धनबाद जिला प्रभारी सुरेश महतो के नेतृत्व में तेतुलमुड़ी स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ 22 जनवरी को गाय के गोबर से निर्मित 1051 दिये जलाकर रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह मनाया जाएगा। इसके अलावा भक्ति जागरण, शिव चर्चा व भंडारा का भी आयोजन किया जायेगा। सुरेश महतो ने बताया कि अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह सभी के लिए विशेष है। इस कार्यक्रम में पूरे देश से लोग शामिल हो रहे हैं। इस ऐतिहासिक कार्य में सभी ने सहयोग किया, जो सराहनीय कार्य है।

### अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर झरिया में जश्न का माहौल

# प्रभु श्रीराम सभी के हैं: रागिनी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



झरिया। अयोध्या मंदिर मे प्रभु श्री रामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाते हुए एक जीवंत और भव्य कार्यक्रम की मेजबानी करने के लिए झरिया कोयलांचल पूरी तरह तैयार है। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही झरिया का रूप बदला- बदला नजर आ रहा है। शहर की सड़कें भगवामय हो गई है तो आधी से ज्यादा आबादी प्रभु श्री राम के भक्तिरस में सरोवर हो चुकी है। ऐतिहासिक शहर झरिया में दीपावली से भी बड़ी दीपावली पर्व मनाई जाए उसको लेकर शनिवार को झरिया के बिहार बिल्डिंग कार्यालय में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने सैकड़ों की संख्या में लोगों के बीच दिया और पूजन सामग्री का वितरण किया। वही इस मौके पर अपने संबोधन श्रीमती सिंह ने कहा कि प्रभु श्री राम किसी वर्ग विशेष नहीं, अपितु पूरे भारतीय समाज के दिग्दर्शक हैं। उन्हें किसी वर्ग, पंथ अथवा धर्म विशेष की नजर से देखना हमारी भूल होगी। सौभाग्य से देश की बहुसंख्यक आबादी प्रभु श्रीराम के प्रति आस्था भी रखती है। लिहाजा हमें उनकी प्राणप्रतिष्ठा के इस कार्य को ऐतिहासिक बनाने में भी योगदान देना चाहिए साथ ही लोगों से भी अपील करना चाहती हु की हम सभी को आगे आना होगा क्योंकि हमें यह मौका पांच सो साल के लंबे इंतजार और संघर्ष के बाद मिला है। इसके लिए हमें हर मंदिर में कार्यक्रम के साथ साथ हर घर, हर गली को सजाने के साथ हर दिल मे उत्साह का संचार करना है।

इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव झरिया नगर मंडल अध्यक्ष अरुण साव बस्ताकोला मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा जोरापोखर मंडल अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय भागा मंडल अध्यक्ष सुजीत सिन्हा अखिलेश सिंह समेत भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

## योगेंद्र प्रसाद ने लट्टकुट्टा गांव में 200 केवीए के नये विद्युत ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन, हर्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



योगेंद्र प्रसाद का स्वागत करते ग्रामीण।

गोमिया। प्रखंड अंतर्गत पलिहारी गुरुडीह पंचायत के लटकुट्टा गांव में शनिवार को झारखंड के राज्य समन्वय समिति के सदस्य योगेंद्र प्रसाद महतो ने 200 केवीए क्षमता के नए विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। पुराना ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण गांव में विगत एक सप्ताह से क्षेत्र में बिजली बाधित था। पूर्व उपमुखिया चंदन पासवान के नेतृत्व में ग्रामीणों के आग्रह करने पर योगेंद्र प्रसाद ने नया विद्युत ट्रांसफर्मर उपलब्ध कराया है। ग्रामीणों ने योगेंद्र प्रसाद को गुलदस्ते भेंट कर व शॉल ओढाकर स्वागत किया। इस दौरान कई लोगों ने उनके समक्ष अपनी समस्याओं को रखा जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समाधान का प्रयास किया गया। मौके पर मुखिया बंटी उरांव, मुखिया शांति देवी, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान, पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, घनश्याम महतो, मो असलम, राजेश जायसवाल, विनोद अग्रवाल, मो सफीक, मंजूरी इलाही, दिलीप पासवान, दीपक यादव, बबली यादव, सज्जाद मास्टर, अख्तर अंसारी, मो फिरोज व रिंकू पासवान आदि मौजूद थे।

## मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद। महामंत्री रिंकू सिन्हा की अगुवाई में शनिवार को बैठक हुई। जिसमें प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतेंद्र कुमार ने भाजपा द्वारा आहूत श्रीराम मंदिर उद्घाटन से जुड़े कार्यक्रम एवं दीवार लेखन कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान हर बूथ से दो-तीन कार्यकर्ता सहित आमजनों को भी ले जाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं जिला उपाध्यक्ष एवं राम दर्शन के प्रमंडलीय प्रभारी वीरेंद्र हंसदा ने प्रधानमंत्री के नमो एप एवं सरल एप में दीवार लेखन, स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम को अधिक से अधिक करने और इसका फोटो जरूर डालने पर बल दिया गया। खास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर पुरजोर तैयारी करने एवं सरकार की विश्वकर्मा योजना को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और इसके लिए आवेदकों को लोन के लिए यथासंभव मदद करने को कहा। बरटांड मंडल अध्यक्ष से भी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि अपने मंडल में अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रेरित करें एवं सहयोग करें। मंडल प्रभारी कन्हैया पांडेय ने प्रधानमंत्री के सभी कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए प्रेरित किए। बैठक में शंभू सिंह, जगबंधु मंडल, महामंत्री रिंकू सिन्हा, टुन्ना सिंह, डीके सिंह, अमरजीत चंद्रवंशी, मनोज सिंह, पुस्पा राय, सरोज शुक्ला, अनिल शर्मा, अजयकांत सिन्हा, बासुदेव कोरंगा, अनिल सिंह, मीना देवी, अजीत पोद्दार आदि मौजूद थे।

## नहीं रहे नारायण दा, आश्रम में पसरा मातम

धनबाद (आजाद सिपाही)। लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम (अपना घर) में 16 वर्षो से आश्रय ले रहे नारायण दा नहीं रहे। शनिवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, सक्रिय सदस्य ओंकार मिश्रा, मधुरेन्द्र सिंह, बाबू जान सोरेन, सुबल सिंह, विजय सिंह, सीताराम चौधरी मनमोहन सरकार आदि ने उनकी अर्थी को कंधा दिया। आश्रम के समीप ही कैदइया रोड स्थित घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। नौशाद गद्दी ने बताया कि ओल्ड एज होम सुगियाडीह में आश्रय ले रही सावित्री दीदी भी नहीं रहीं।

### चांदमारी मार्ग से ट्रांसपोर्टिंग शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने रोका मार्ग

## समस्या का समाधान नहीं होने तक करेंगे विरोध : रवि



धनबाद (आजाद सिपाही)। बस्ताकोला कोलडंप से चांदमारी मार्ग में ट्रांसपोर्टिंग शुरू होते ही स्थानीय लोगों ने धनबाद सांसद पीएन सिंह के निर्देश पर शनिवार को चांदमारी मार्ग को अवरुद्ध कर प्रदर्शन किया। विरोध कर रहे चांदमारी, इस्ट बस्ताकोला, मांझी बस्ती, न्यू क्वार्टर के दर्जनों लोग चांदमारी शिव मंदिर के पास प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इसकी सूचना पाकर बस्ताकोला कोलियरी पीओ एके शर्मा, सीआइएसएफ के जवान व धनसार पुलिस के साथ पहुंच गए। सभी ने ग्रामीणों को समझा-बुझा कर ट्रांसपोर्टिंग शुरू कराने का प्रयास किया। पर लोग नहीं मानें। हालांकि धनसार थाना में आए प्रशिक्षु डीएसपी सुनील कुमार सिंह, थाना प्रभारी राजदेव सिंह व सीआइएसएफ ने अतिरिक्त जवान बुलाकर बलपूर्वक काम शुरू कराना चाहा। बावजूद इसके ग्रामीण अड़े रहे। वहीं, पुलिस की मंशा को भांप ग्रामीणों ने इसकी सूचना सांसद पीएन सिंह को दी। सांसद ने बस्ताकोला महाप्रबंधक जीसी राय को फोन किया। पर उन्होंने फोन नहीं उठाया। इसके बाद सांसद ने धनसार थाना में आए डीएसपी को फोन लगाकर बात की। तय हुआ कि धनबाद एसडीएम के समक्ष त्रिपक्षीय वार्ता के बाद निर्णय लिया जाएगा। हालांकि एसडीएम के व्यस्त होने के कारण वार्ता नहीं हो सकी। फिलहाल शनिवार से शुरू होने वाले ट्रांसपोर्टिंग कार्य को स्थगित कर दिया गया है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सांसद प्रतिनिधि रवि मिश्रा ने कहा कि पूर्व में इस मार्ग मे ट्रांसपोर्टिंग होती थी। जिसमें हाइवा की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन बच्चों को पैर गवाने पड़े थे। कोयला चोर हाइवा पर चढ़कर कोयला उतारते है। जिससे दुर्घटनाएं होती है। अन्य परेशानियां भी होती है। समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने तक विरोध-प्रदर्शन होता रहेगा। मौके पर प्रमोद सिंह महंत, कमलेश सिंह, सर्वजीत, रमेश आदि मौजूद थे।

## झारखंड आंदोलनकारी स्व बिष्टु महतो को दी गयी श्रद्धांजलि



कतरास (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी स्व बिष्टु महतो की द्वितीय पुण्यतिथि मटकुटांड, बड़कीबौआ मैदान में मनायी गयी। जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने स्व बिष्टु महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज स्व बिष्टु महतो जैसे झारखंड आंदोलनकारी के संघर्ष के बल पर ही झारखंड राज्य अलग हुआ है। इनके सपनों का झारखंड बनाने के लिए युवाओं को आगे आकर संघर्ष करना होगा। तभी झारखंड के युवाओं को रोजगार और किसानों के खेतों में पानी मिलेगा। इस दौरान जरूरतमंदों में कंबल बांटा गया। मौके पर जदयू जिला महासचिव दीपक महतो, अशोक दास, मुखिया भीम रजक आदि थे।


कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा
(Mail Id:- kodermanagarpanchayat@gmail.com)

इच्छा की अभिव्यक्ति सूचना संख्या – 01/2023–24

नगर पंचायत कोडरमा अन्तर्गत साफ–सफाई हेतु मजदूर, वाहन चालक, सफाई पर्यवेक्षक एवं सफाई कार्य में प्रयुक्त सफाई संयत्र सहित को न्यून्तम दर पर आपूर्ति करने हेतु इच्छुक सर्विस प्रोवाईडर/फर्म से बन्द लिफाफे में दिनांक – 03.02.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक इच्छा की अभिव्यक्ति के तहत् दर आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक – 04.02.2024 को अपराह्न 02:00 बजे खोला जायेगा।

| क्र0सं0 | पद का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 01 | सफाई कर्मी | 30 |
| 02 | वाहन चालक | 08 |
| 03 | सफाई पर्यवेक्षक | 03 |

नोट :– नियम एवं शर्त नगर पंचायत कोडरमा के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक
PR 316626 Urban Development(23-24)#D नगर पंचायत कोडरमा



जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड
गृह रक्षा वाहिनी, पलामू

(प्रेस विज्ञप्ति)

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय झारखण्ड, रांची के ज्ञापांक–66/OTD दिनांक–12.01.2024 के आदेश के आलोक में झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी विभागान्तर्गत क्षेत्रीय खेल–कूद प्रतियोगिता 2023–24 का आयोजन केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान धुर्वा, रांची में दिनांक–21.02.2024 से 25.02.2024 तक कराया जाएगा।

उक्त आदेश के आलोक में पलामू जिला के प्रभावित बल के वैसे गृह रक्षक जो बैडमिंटन, एथलेटिक, दौड़, क्रॉस कंट्री दौड़, उँची कूद, लम्बी कूद, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, गोला फेक, फुटबॉल, कबड्डी, खोखो, बॉलीबॉल, रस्सा कस्सी खेल में रूची रखते हों व भाग लेना चाहते हैं को सूचित किया जाता है कि दिनांक– 25.01.2024 तक अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में आकर अपना–अपना नाम दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

ह0/–
PR.NO.316708 Police(23-24):D
जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू।



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांकः–  दिनांक–

अति अल्पकाजलीन ई–निविदा संख्याः–16/2023-24/RWD /EE/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेषन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/RANCHI/ 27/ 2023-24 | काडेयाडीह महावीर मंदिर से गाँव होते हुए तेलेहपेड़ घाघरा सातिया तक आर0 सी0 डी0 कल्र्भट, गार्डवाल सहित पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। (ल0–300.00 मी0) | 67,27,000.00 | सरसठ लाख सताईस हजार मात्र। | 6 माह | प्रथम |
| 2. | RWD/RANCHI/ 28/ 2023-24 | पतराहातू ईचाहातू पक्की सड़क से श्री लक्ष्मी विष्णुपद मंदिर तक आर0सी0सी0 कल्र्भट, गार्डवाल सहित पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। (ल0–65.00 मी0) | 32,20,000.00 | बत्तीस लाख बीस हजार मात्र। | 6 माह | प्रथम |

1.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–22.01.2024
2.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–01.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3.निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–03.02.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
5.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 316651 (REO)23-24*D
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉंची



कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)।
Email:- nphussainabad@gmail.com

पत्रांक——————/न0प0  दिंनाक——————

अतिअल्पकालिन दर आमंत्रण सूचना

इच्छा की अभिव्यक्ति सं0 02/2023–24 (2nd Call)

हुसैनाबाद नगर पंचायत हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने से संबंधित इच्छुक C.A/FIRM/सेवा प्रदाता संस्था से दर आमंत्रित की जाती है। निकाय में होने वाले आर्थिक गतिविधियों के साथ वित्तीय सुझाव एवं समय–समय पर विभाग से प्राप्त निर्देश के आलोक में वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ वित्तीय प्रतिवेदन तैयार करना होगा, जो निम्नवत् हो सकते हैं:–

1- PF & ESIC से संबंधित सहायता प्रदान करना ।
2- Income Tax Return/ GST File करना।
3. वार्षिक वित्तीय प्रतिवेदन तैयार करना।
4. वित्त से संबंधित अन्य कार्य।

इच्छुक सेवा प्रदाता/फर्म/C.A. जो उपरोक्त कार्य करने के इच्छुक हों , वे अपना दर आमंत्रण दिनांक– 30.01.2024 को अपराहन दो बजे तक बंद लिफाफे में अपना दर हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं। उसी दिन अपराहन 3:00 बजे निकाय की निविदा निस्तारण समिति के समक्ष प्रतिभागियों की उपस्थिति में दर आमंत्रण खोली जायेगी। अतिअल्पकालिन दर आमंत्रण सूचना हेतु भाग लेने वाले इच्छुक सेवा प्रदाता/फर्म/C.A. को निम्नलिखित अहर्ता रखनी होगी:–

1. वैसे फर्म/C.A जो झारखण्ड सरकार के साथ कार्य कर रहे हों को प्राथमिक्ता दी जायेगी।
2. अंकेक्षित बैलेंस शीट एवं अद्यतन Income tax return & GSTR-3B होना अनिवार्य होगा।

– विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस को मोबाईल सं0 9835206770 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रशासक
PR 316611 (District) 23-24 (D)
नगर पंचायत हुसैनाबाद



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,रामगढ़।

ई–अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 07/R2//2023-24/RWD/RAMGARH दिनांक :- 19.01.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा जिला योजना अनावद्ध निधि मद अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ RAMGARH/ 07/R2/2023-24/ Anabadh | पतरातु | सांकी गांव के बुच टोला झांगु बेदिया के घर से सखिया बेदिया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (325 मी0) | 3704300.00 | सैतीस लाख चार हजार तीन सौ रू0 मात्र | 3 माह | तृतीय |
| 2. | | पतरातु | इकबाल खान के घर से पंचायत भवन, बुद्धबाजार दोतल्ला तक पी0सी0सी पथ निर्माण।(550 मी0) | 3188100.00 | एकतीस लाख अठासी हजार एक सौ रू0 मात्र | 3 माह | तृतीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 22.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 29.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 31.01.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709388730
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़।
PR.NO.316702 Rural Work Department(23-24):D

# रंगनाथस्वामी मंदिर में पीएम मोदी ने पूजा की

## 'अंदल' ने किया स्वागत, दिया आशीर्वाद



आजाद सपिाही संवाददाता

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तमिलनाडु के तिरुचिलापल्ली में रंगनाथस्वामी मंदिर के दर्शन करने पहुंचे। भगवान विष्णु की पूजा के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण मंदिरों में से एक है। मंदिर की परिसर में 'अंदल' नाम के हाथी ने पीएम का स्वागत किया। पीएम मोदी ने उसे गुड़ खिलाया और आशीर्वाद भी लिया। पीएम मोदी ने मंदिर में पूजा की और कंबा रामायण के दोहे भी सुने। इस दौरान पीएम मोदी को पारंपरिक पोशाक में देखा गया। मंदिर में आगमन के दौरान भीड़ ने पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी ने अपने वाहन से हाथ हिला कर भीड़ का अभिनंनद किया। मंदिर के पंडितों ने सड़कों पर संस्कृत में लिखे स्वागत नारों के साथ पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी के आगमन पर मंदिर के मुख्य पुजारी सुंदर भट्टर ने खुशी जताई। उन्होंने कहा, 'श्रीरंगम में पीएम मोदी के आने से सभी श्रद्धालु बहुत खुश हुए। भगवान रंगनाथस्वामी भी पीएम मोदी के आने से खुश हैं। हमारे प्रधानमंत्री सभी के कल्याण की परवाह करते हैं और रंगनाथ भी सभी के कल्याण की परवाह करते हैं। इसलिए यह श्रीरंगम के लिए एक धन्य अवसर है। इससे पहले किसी भी पीएम ने श्रीरंगम में कदम नहीं रखा था। पहली बार कोई प्रधानमंत्री यहां आये हैं। हमें उनके यहां आने पर गर्व है।

## 730 दिनों के अंदर नक्सलियों को खत्म करने का प्लान 'हंटर', सीआरपीएफ की 40 कंपनी छत्तीसगढ़ रवाना

**छत्तीसगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड और बिहार के नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित होने के बाद अब अगला नंबर छत्तीसगढ़ का है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का प्लान है कि अगले 730 दिन में नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो जाये। शाह के प्लान पर सुरक्षा बलों ने काम शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ की लगभग 40 कंपनियां पहुंच रही हैं। इस बड़े ऑपरेशन के बाद छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले हर इलाके तक सुरक्षा बलों की पहुंच होगी। पिछले दिनों में सुकमा के ऐसे इलाके, जिनकी पहचान नक्सलियों के बटालियन मुख्यालय के तौर पर होती रही है, वहां पर सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने कैंप स्थापित कर लिया है। सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने नया कैंप सुकमा बीजापुर जिले की सीमा पर दुलेड़ व मेटागुड़ा के बीच में स्थापित किया गया है।

# जेएसपी फाउंडेशन ने 4,254 लड़कियों और महिलाओं को वित्तीय सहायता दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टील एंड पावर की सामाजिक शाखा जेएसपी फाउंडेशन ने अपने प्रमुख कार्यक्रम यशस्वी का तीसरा संस्करण लॉन्च किया, जो ओड़िशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ के सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की 4,354 चयनित लड़कियों और महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान किया है। जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और महिलाओं को सशक्त बनाने और उच्च शिक्षा और कौशल विकास में योगदान देने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की। जेएसपी फाउंडेशन की सलाहकार यशस्वीनी जिंदल ने चयनित महिलाओं और लड़कियों को प्रोत्साहन प्रदान दिया।

शालू जिंदल ने कहा कि जेएसपी फाउंडेशन समाज में समावेश और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि कार्यक्रम के पिछले दो संस्करणों में, कई युवा महिलाओं ने प्रशिक्षण के बाद सफलतापूर्वक रोजगार हासिल किया है या उच्च शिक्षा के अपने सपनों को पूरा किया है। मुझे विश्वास है कि इस कार्यक्रम का तीसरा संस्करण और भी अधिक महिलाओं और लड़कियों के व्यक्तिगत और व्यावसायिक सपनों को पूरा करके उनके जीवन को बदल देगा। तीसरे संस्करण के लिए जेएसपी फाउंडेशन को कुल 8914 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें ओडिशा, छत्तीसगड और झारखंड के 81 जिलों से कुल 4254 लोगों का चयन किया गया, जबकि 3430 लोगों को सूची में नये शामिल किया गया। इसी प्रकार 824 लोगों के लिए इस छात्रवृत्ति का नवीनीकरण किया गया है। उनमें से 1807 इंजीनियरिंग, चिकित्सा, विज्ञान, नर्सिंग, प्रबंधन, फामेर्सी, फिजियोथेरेपी, सामाजिक विज्ञान और सामान्य स्ट्रीम जैसे विभिन्न विषयों में 12वीं से पीएचडी स्तर तक अध्ययन कर रहे हैं। इसी प्रकार कोपा, सिलाई मशीन संचालन, रिटेल सेल्स, फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट, डाटा एंट्री, ब्यूटी थेरेपी, मेडिकल टेक्निशियन आदि क्षेत्रों में 3430 महिलाएं एवं लड़कियां कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। चयनित छात्रों को उनकी पसंद के संस्थान या कॉलेज में व्यावसायिक प्रशिक्षण या शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम शुल्क और अन्य संबंधित शुल्क के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त होगी। सहायता राशि सीधे उस संस्थान को वितरित की जायेगी। चयनित छात्र देश के 250 प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ रहे हैं। चयनित 4254 लोगों में से 2689 ओड़िशा के, 934 छत्तीसगढ़ के और 631 झारखंड के निवासी हैं।

जेएसपी के अध्यक्ष और समूह प्रमुख (सीएसआर) प्रशांत कुमार होता ने भी कार्यक्रम के लक्ष्यों और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए महिलाओं, लड़कियां एवं विभिन्न संस्थाओं को धन्यवाद दिया।

कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों में जेएसपी के अंगुल यूनिट के कार्यकारी निदेशक और प्रमुख पंकज मुल्हान, बडबिल यूनिट के प्रमुख एमडी पुरुषोत्तम, अध्यक्ष और सीएफओ (रायगढ़ यूनिट) हनुमान शर्मा, पतरातू यूनिट प्रमुख आशीष जैन और जेपीएल के तमनार यूनिट प्रमुख छवि नाथ सिंह, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी उपस्थित थे।

# क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी गिरोह के 7 आरोपी गिरफ्तार

## 8 लाख जब्त, 55 लाख फ्रीज

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बलांगीर पुलिस ने क्रिप्टोकरेंसी की धोखाधड़ी करनेवाले 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने धोखाधड़ी में इस्तेमाल किये गये 25 मोबाइल, 4 लैपटॉप, 2 कंप्यूटर, 4 महंगी गाड़ियां और 5 मोटरसाइकिल के साथ 8.37 लाख रुपये जब्त किये हैं। जालसाजों ने सोशल मीडिया पर डायकॉन नाम से अपनी एक खास एप्लीकेशन खोली थी। उन्होंने लिस्टिंग के लिए भुगतान भी किया। सोशल मीडिया से लोगों से पैसे ठगने की खबर मिलने के बाद बलांगीर शहर पुलिस, साइबर पुलिस ने सुदपडार के नकली क्रिप्टो करेंसी डायकॉन पर छापा मारा। उन्होंने मल्टी लेबल कंपनी बना कर 15 करोड़ रुपये जुटाये थे। वह लोगों से मिलते थे, लोग यह सोच कर पैसा निवेश करते थे कि उन्हें अच्छा रिटर्न मिलेगा। जालसाजों ने 'डायकॉन' टोकन नामक एक कंपनी लॉन्च की थी। उन्होंने लिस्टिंग के लिए भुगतान भी किया, लेकिन एप्लिकेशन मूल्य में ही हेरफेर कर रहा था। वह लोगों का पैसा अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर जमा करता था। इसके लिए विशेष पैकेज भी था। वह ज्यादा पैसे में खरीदारी करने वाले को गोवा और थाईलैंड जाने का ऑफर भी दे रहा था। इसके जरिए उन्होंने 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जुटायी। एकत्रित पैसों से महंगी कारें और मोटरसाइकिलें खरीदीं। उन्होंने बलांगीर में जमीन भी खरीदी है और एक साड़ी की दुकान भी खोली है। यहां तक कि ठगी करने वाला यह गिरोह लोगों के पैसे से मौज कर रहा था। पुलिस ने अलग-अलग खातों में रखे 55 लाख रुपये फ्रीज करा दिये हैं। साथ ही 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। छह बलांगीर शहर और एक जाजपुर जिले का है। गिरफ्तार लोगों में प्रशांत मेहेर, भाई दुष्मंत मेहेर, हेमंत मेहेर शामिल हैं। करीब 2 हजार भोले-भाले लोगों से ठगी की जा रही थी।

# ओड़िशा मेटालिफेरस माइंस सुरक्षा सप्ताह का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर/बरबिल।** 41वां ओड़िशा मेटालिफेरस माइंस सेफ्टी वीक फाइनल डे समारोह शुक्रवार को क्योंझर जिले के सेंट्रल ग्राउंड, एसएमपीएल, सोयबली, बारबिल में आयोजित किया गया। दिन भर चलने वाले इस कार्यक्रम की मेजबानी खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस), भुवनेश्वर क्षेत्र के तत्वावधान में जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, ओड़िशा खनन प्रभाग द्वारा की गयी थी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खान सुरक्षा महानिदेशक प्रभात कुमार शामिल हुए। कुमार ने हर साल खदानों में सुरक्षा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के लिए सभी खनिकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि खदानों के अंदर और आसपास सुरक्षा पर ध्यान देना सबसे महत्वपूर्ण मापदंडों में से एक है। खनिकों को अपनी सुरक्षा के लिए समाज का भी ध्यान रखना होगा। खान सुरक्षा महानिदेशक ने स्कूलों और कॉलेजों को भी खनन गतिविधियों में शामिल करने को कह,ा ताकि उन्हें भी सीखने को मिल सके। उन्होंने बेहतर सुरक्षा नियम बनाने के लिए खनिकों से सुझाव भी आमंत्रित किये। लगभग 110 खदानों और 75 ठेकेदारों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और खनन सुरक्षा में अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया। समारोह में यूनियन प्रतिनिधियों और विभिन्न खनन कंपनियों के अधिकारियों समेत 500 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया।

उप महानिदेशक एसडी चिद्दरवार इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि थे। समारोह में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में सौविक मजूमदार, सीओओ, माइंस डिवीजन, जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, कृष्णेंदु मंडल (डीएमएस भुवनेश्वर क्षेत्र-1), पीआर ठाकुर (डीएमएस भुवनेश्वर क्षेत्र-2), रत्नाकर सनकी (डीएमएस मैकेनिकल रांची), महेश्वर शामिल थे। रेड्डी कन्नाला (डीएमएस इलेक्ट्रिकल, रांची), संकर्षण बेहरा (डीएमएस मैकेनिकल रांची), विकास गोविंदराव मेश्राम (डीएमएस इलेक्ट्रिकल, रांची), टी हरिप्रसाद (डीडीएमएस भुवनेश्वर क्षेत्र -1) और यू शिव शंकर (डीडीएमएस भुवनेश्वर क्षेत्र -2) शामिल हैं।

सौविक मजूमदार सीओओ, माइंस डिवीजन ने सभी प्रतिभागियों को अपने घरों और खदानों में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा जीवन का तरीका है। सुरक्षा घर से शुरू होती है। शून्य नुकसान को आगे बढ़ाने की मानसिकता होनी चाहिए और इससे पर्यावरण को शून्य नुकसान होगा। सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न श्रेणियों में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को अंतिम दिन पुरस्कार दिये गये। यह पुरस्कार पोस्टर निर्माण, स्लोगन, कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल और सर्वश्रेष्ठ लोगो में उनके नवोन्मेषी प्रदर्शन के लिए दिये गये। सर्वश्रेष्ठ ठेकेदारों को उनके कार्यों के लिए पुरस्कृत भी किया गया।

विशेष रूप से एनडी राव को खनन उद्योग में उनके असाधारण योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया था। उन्होंने नयी प्रौद्योगिकी प्रक्रियाओं के विकास और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## एक साथ चुनाव होने पर हर 15 साल में खरीदने होंगे 10000 करोड़ के इवीएम : चुनाव आयोग

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** देश में अगर लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराये जाते हैं, तो नयी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) की खरीद के लिए चुनाव आयोग (इसी) को हर 15 साल में करीब दस हजार करोड़ रुपये की जरूरत होगी। देश में चुनाव कराने वाली शीर्ष संस्था ने सरकार को लिखे एक पत्र में यह बात कही। पत्र में आयोग ने कहा कि इवीएम पंद्रह साल तक चलती है। एक साथ चुनाव कराये जाने पर इवीएम के एक सेट का इस्तेमाल तीन दौरे के चुनाव कराने के लिए किया जा सकता है। इस साल आम चुनाव कराने के लिए देशभर में करीब 11.80 लाख मतदान केंद्र बनाने की जरूरत होगी। एक साथ चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर इवीएम के दो सेट (एक लोकसभा सीट के लिए और दूसरा विधानसभा क्षेत्र के लिए) की जरूरत होगी। आयोग ने पिछले अनुभवों के आधार पर सरकार को पत्र भेजा। इसमें कहा गया, मतदान के दौरान दोषपूर्ण इकाइयों को बदलने के लिए कंट्रोल यूनिट (सीयू), बैलेट यूनिट (बीयू) और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) मशीनों की आवश्यकता होती है।

## भारत-म्यांमार से लगी सीमा पर बाड़ लगाने का ऐलान

# मुक्त आवाजाही पर लगेगा प्रतिबंध

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र ने भारत-म्यांमार से लगी सीमा पर बाड़ लगाने का ऐलान किया है इसके अलावा मुक्त आवाजाही पर भी प्रतिबंध लगाये जाने का फैसला लिया गया है। इसकी घोषणा केंद्रीय गृह मंत्रालय ने की है। एनडीटीवी की रिपोर्ट की मानें तो म्यांमार के साथ सीमा पर बाड़ लगाने और मुक्त आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने का फैसला ऐसे समय पर लिया गया, जब पड़ोसी देश म्यांमार के सैनिक जातीय संघर्षों से बचने के लिए भारत में आकर शरण ले रहे हैं। इसके अलावा मणिपुर की मौजूदा स्थिति को देखते हुए भी सीमा पर निगरानी जरूरी हो गयी थी।

**भारत के सीमा में घुसे 600 म्यांमार के सैनिक :** पिछले तीन महीनों में म्यांमार सेना के लगभग 600 सैनिक भारत में घुस आये हैं। सरकारी सूत्रों ने कहा कि पश्चिमी म्यांमार राज्य रखाइन में एक जातीय सशस्त्र समूह अराकान आर्मी के उग्रवादियों द्वारा सैनिकों के शिविरों पर कब्जा करने के बाद उन्होंने मिजोरम के लांग्टलाई जिले में शरण ली। वहीं मणिपुर की मौजूदा अशांति के पीछे म्यांमार के उग्रवादी संगठन का भी हाथ बताया जा रहा है।

ऐसा बताया जा रहा है कि बीते दिनों मणिपुर में भड़की हिंसा के पीछे म्यांमार के उग्रवादी गुटों का हाथ हो सकता है। एक बड़ा खुलासा करते हुए मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने बताया कि बुधवार को मणिपुर के सीमावर्ती शहर मोरेह में भड़की हिंसा में म्यांमार के उग्रवादियों के शामिल होने की संभावना है।

## कोर्ट ने संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ायी

नयी दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित एक धनशोधन मामले में आप के नेताओं- संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शनिवार को तीन फरवरी तक के लिए बढ़ा दी। दोनों तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुए। अदालत ने सर्वेश मिश्रा के जमानत आवेदन पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

## लालू परिवार पर इडी का शिकंजा, करीबी राजद विधायक किरण यादव को सीबीआइ का समन

**भोजपुर (आजाद सिपाही)।** बिहार में इन दिनों मचे सियासी घमासान के बीच भोजपुर जिले के आरा से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बेहद करीबी नेताओं में से एक आरजेडी के संदेश विधायक किरण देवी के आवास पर शनिवार को सीबीआई की टीम पहुंची। इस दौरान सीबीआई की टीम ने राजद विधायक किरण देवी और उनके पति पूर्व विधायक अरुण यादव के खिलाफ समन जारी कर नोटिस थमाया है। माना जा रहा है कि बालू से कमाई अकूत संपत्ति के मामले में सीबीआइ की पांच सदस्यीय टीम दिल्ली से आरा पहुंची है। जहां सीबीआइ ने राजद विधायक किरण देवी और उनके परिवार से पूछताछ के सिलसिले में समन का यह नोटिस दिया है। हालांकि कहा यह भी जा रहा है कि जिस समय सीबीआइ की टीम राजद विधायक किरण देवी के आरा स्थित अगिआंव बाजार आवास पर पहुंची, तब वहां न ही विधायक किरण देवी मौजूद थी और न ही उनके पति पूर्व विधायक अरुण यादव।













VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**